kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-110 | बुधवार, 21 मई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



सेना ने मुस्तैदी से ना सिर्फ भारत की रक्षा की है बल्कि उन ठिकानों को भी ध्वस्त किया है जो आतंकवाद की नर्सरी थी। हमारी सेना को सलाम हम करते हैं। जब भारत की सेना देश की रक्षा के लिए सब कुछ कुर्बान करने के लिए तत्पर रहती है हमे लगता है पूरी दुनिया में सबसे प्रोफ़ेशनल सेना भारत की है। सचिन पायलट

भारत की 76 प्रतिशत आबादी भीषण गर्मी के जोखिम में : रिपोर्ट 11

बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं, तराशने की जरूरत : महेंद्र भट्ट 12

## संक्षेप

### खुफिया ब्यूरो के निदेशक डेका को एक वर्ष का सेवा विस्तार

**नयी दिल्ली।** सरकार ने खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका को एक वर्ष का सेवा विस्तार देने का निर्णय लिया है। भारतीय पुलिस सेवा के 1988 बैच के अधिकारी श्री डेका का कार्यकाल आगामी 30 जून को समाप्त हो रहा था। कार्मिक , लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अखिल भारतीय सेवा नियम 1958 और नियम 16 (1ए) के प्रावधानों में छूट देते हुए श्री डेका को आगामी 30 जून से एक वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेशों तक जो भी पहले हो , खुफिया ब्यूरो के निदेश्का के रूप में सेवा विस्तार को मंजूरी दे दी है।

### बर्ड फ्लू के मद्देनज़र सभी प्राणि उद्यान 27 मई तक बंद रहेंगे

**लखनऊ।** प्रदेश के पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन एवं जन्तु उद्यान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि बर्ड फ्लू के दृष्टिगत पूरे प्रदेश में समस्त प्राणि उद्यानों एवं इटावा लॉयन सफारी जनमानस की सुरक्षा के मद्देनज़र आमजन के लिए 27 मई तक बंद रहेंगे। प्रदेश में एच-5 एविएन इफ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) संक्रमण की आशंका को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार समस्त प्राणि उद्यानों, इटावा लायन सफारी एवं पक्षी विहारों आदि में संरक्षित पशु-पक्षियों की एवं आम जनमानस की सुरक्षा के लिए सभी को एक सप्ताह और बंद रखने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री का यह भी निर्देश है कि इस संक्रमण को रोकने के लिए केंद्र व राज्य सरकार की गाइड लाइन के अनुरूप सभी आवश्यक कदम सर्वाच्च प्राथमिकता पर उठाए जाएं और प्राणि उद्यान परिसर को नियमित रूप से सेनेटाइज कराया जाए व सभी वन्य जीवों व पक्षियों जांच नियमित कराई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी कर्मचारियों को उक्त संक्रमण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जाए और पीपीई किट सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। संक्रमण के लोगों पर पड़ने वाले प्रभावों की भी स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से गहन समीक्षा की जाए।

### मोदी ने जर्मन चांसलर डी फ्रेडरिक मर्ज से बातचीत की

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जर्मनी के नये चांसलर डी फ्रेडरिक मर्ज़ से टेलीफोन पर बात की और भारत जर्मनी रणनीतिक साझीदारी को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। श्री मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, जर्मनी के चांसलर डी फ्रेडरिक मर्ज़ से बात की और उन्हें पद संभालने पर बधाई दी। भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

# मोदी करेंगे 103 पुनर्विकसित अमृत भारत स्टेशनों का लोकार्पण

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को देश में रेल अवसंरचना को निरंतर बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में 1100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी गुरुवार को राजस्थान में बीकानेर जाएंगे जहां वह अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित देशनोक स्टेशन और बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन सहित 26 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण करने के साथ ही सुप्रसिद्ध करणी माता मंदिर में दर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार श्री मोदी सुबह करीब 11 बजे देशनोक स्थित करणी माता मंदिर में दर्शन के उपरांत लगभग 11:30 बजे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित



देशनोक स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे और पलाना में एक सार्वजनिक समारोह को भी संबोधित करेंगे। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव, विधि एवं न्याय और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी मौजूद होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी इस मौके पर वर्चुअल ढंग से देश में रेल अवसंरचना को निरंतर बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में 1100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1300 से अधिक स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकसित किया जा रहा है जिन्हें क्षेत्रीय वास्तुकला को प्रतिबिंबित करने और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। करणी माता मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की सेवा करने वाला देशनोक रेलवे स्टेशन मंदिर वास्तुकला, मेहराब और स्तंभ विषयवस्तु से प्रेरित है। तेलंगाना में बेगमपेट रेलवे स्टेशन काकतीय साम्राज्य की वास्तुकला से ● शेष पेज 11 पर

## स्वस्थ विश्व के निर्माण के लिए कमजोर लोगों के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य सभा के 78वें सत्र को वीडियो कांफ्रेन्स से संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ विश्व का निर्माण इस बात पर निर्भर करता है कि हम सबसे कमजोर लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल कितनी अच्छी तरह से करते हैं।

श्री मोदी ने इस वर्ष के थीम 'स्वास्थ्य के लिए एक विश्व' का उल्लेख करते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने वर्ष 2023 में विश्व स्वास्थ्य सभा में अपने संबोधन को याद करते हुए 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ दुनिया का भविष्य समावेश, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समावेश भारत के स्वास्थ्य सुधारों के मूल में है। उन्होंने दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का जिक्र करते हुए कहा कि यह 58 करोड लोगों को मुफ्त उपचार की सुविधा प्रदान करती है। इस कार्यक्रम का हाल ही में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीयों को कवर करने के लिए विस्तार किया गया था। प्रधानमंत्री ने भारत के हजारों स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के व्यापक नेटवर्क का उल्लेख किया जो कैंसर, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की शुरुआती जांच और पता लगाने की सुविधा प्रदान करते हैं। उन्होंने हजारों सार्वजनिक फ़ार्मेसियों की भूमिका को भी रेखांकित किया जो काफी कम कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएँ प्रदान करती हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए श्री मोदी ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण पर नज़र रखने वाले डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म और अद्वितीय डिजिटल स्वास्थ्य पहचान प्रणाली जैसी भारत की डिजिटल पहलों को रेखांकित किया, जो लाभ, बीमा, रिकॉर्ड और सूचना को एकीकृत करने में मदद कर रही है। श्री मोदी ने कहा , दुनिया का स्वास्थ्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम सबसे कमज़ोर लोगों की कितनी अच्छी ● शेष पेज 11 पर

### संविधान उल्लंघन को लेकर वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट ने की बड़ी टिप्पणी

# ठोस सबूत लाएं तभी होगा हस्तक्षेप

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ ने पक्ष और विपक्ष की दलीलें सुनीं। बेंच में दूसरे जज जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह थे। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने संसद से पारित कानूनों की संवैधानिकता को लकर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की। उन्होंने वक्फ (संशोधन) अधिनियम को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से कहा, 'संसद द्वारा पारित कानूनों में संवैधानिकता की धारणा होती है और कोई कानून संवैधानिक नहीं है इसका जब तक कोई ठोस मामला सामने नहीं आता, अदालतें इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं।

केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय से आग्रह किया कि वह अंतरिम आदेश पारित करने के लिए वक्फ (संशोधन) अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई को तीन मुद्दों तक सीमित रखे, जिनमें 'कोर्ट, यूजर और डीड' द्वारा घोषित वक्फ संपत्तियों को डि-नोटिफाई करने का बोर्डों का अधिकार भी शामिल है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष यह अनुरोध किया। तुषार मेहता ने कहा, 'अदालत ने तीन मुद्दे चिन्हित किए थे। हालांकि, याचिकाकर्ता चाहते हैं कि इन तीन मुद्दों के इतर भी कई अन्य मुद्दों पर सुनवाई हो। मैंने इन तीन मुद्दों के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल किया है। मेरा अनुरोध है कि इसे केवल तीन मुद्दों तक ही सीमित



रखा जाए।'

वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी ने केंद्र की दलील का विरोध करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण कानून पर टुकड़ों में सुनवाई नहीं हो सकती। कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि संशोधित कानून संविधान के अनुच्छेद 25 (यह अनुच्छेद धर्म पालन, उसके अनुरूप आचरण करने और धर्म का प्रचार करने के अधिकार की गारंटी देता है) का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि हम तो सभी मुद्दों पर दलील रखेंगे। यह सम्पूर्ण वक्फ सम्पत्ति पर कब्जा करने का मामला है। कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि इस मामले में अंतरिम आदेश जारी करने पर सुनवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ये कानून असंवैधानिक और वक्फ संपत्ति को कंट्रोल करने वाला और छीनने वाला है।

तीन मुद्दों में से एक मुद्दा है, वक्फ बाय कोर्ट, वक्फ बाय यूजर या वक्फ बाय डीड द्वारा घोषित संपत्तियों को डि-नोटिफाई करने की शक्ति। याचिकाकर्ताओं द्वारा उठाया गया दूसरा मुद्दा राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना से संबंधित है, जहां उनका तर्क है कि पदेन सदस्यों को छोड़कर केवल मुस्लिम सदस्य ही इन संस्थाओं में होने चाहिए। तीसरा मुद्दा उस प्रावधान से संबंधित है, जिसके अनुसार जब कलेक्टर यह पता लगाने के लिए जांच करेगा कि वक्फ घोषित की गई कोई भूमि सरकारी है या नहीं, तो जांच रिपोर्ट आने तक संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा।

कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि इस मामले में (वक्फ अधिनियम की संवैधानिकता पर) अंतरिम आदेश जारी करने पर सुनवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ये कानून असंवैधानिक और वक्फ संपत्ति को कंट्रोल करने वाला और छीनने वाला है। संशोधित कानून में प्रावधान किया गया है कि वक्फ की जाने वाली संपत्ति पर किसी विवाद की आशंका से जांच होगी। कलेक्टर जांच करेंगे। जांच की कोई समय सीमा नहीं है। जब तक जांच रिपोर्ट नहीं आएगी तब तक संपत्ति वक्फ नहीं मानी जाएगी। जबकि अल्लाह के नाम पर वक्फ संपत्ति दी जाती है। एक बार वक्फ हो गया तो हमेशा के लिए हो गया। सरकार उसमें आर्थिक मदद नहीं दे सकती। मस्जिदों में चढ़ावा नहीं होता, वक्फ संस्थाएं दान से चलती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि दरगाहों में तो चढ़ावा होता है। इस पर सिब्बल ने कहा कि मैं मस्जिदों की बात कर रहा हूं। दरगाह अलग है। सिब्बल ने कहा कि मंदिरों में चढ़ावा आता है लेकिन मस्जिदों में नहीं। यही वक्फ बाय यूजर है। बाबरी मस्जिद भी ऐसी ही थी। 1923 से लेकर 1954 तक अलग ● शेष पेज 11 पर

### घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा के लिए संरक्षण अधिकारी नियुक्त करें: न्यायालय ने राज्यों से कहा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को निर्देश दिया कि वे जिला और तालुका स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की पहचान करें और उन्हें संरक्षण अधिकारी के रूप में नियुक्त करें। सरक्षण अधिकारी का काम घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना है। शीर्ष कोर्ट ने कहा, 'वे अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, अधिनियम के तहत सेवाओं का प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने और इसके प्रावधानों को लागू करने के लिए मीडिया के जरिए व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे और धारा 11 के तहत अपने दायित्वों को निभाने के लिए कदम उठाएंगे। बेंच ने निर्देश दिया कि जहां संरक्षण अधिकारी नियुक्त नहीं किए गए हैं, वहां यह प्रक्रिया छह हफ्तों के भीतर पूरी की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा, राज्य यह सुनिश्चित करेंगे कि सेवा प्रदाता, सहायता समूह और आश्रय गृह पीड़ित महिलाओं के लिए उपलब्ध हों। राज्य इस उद्देश्य के लिए आश्रय गृहों की पहचान भी करेंगे। बेंच ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के तहत महिलाओं के अधिकार को महत्व देते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के सदस्य सचिव को निर्देश दिया कि वे सभी राज्यों के विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिवों को यह निर्देश दें कि वे महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत निःशुल्क कानूनी सहायता और सलाह के अधिकार के बारे में जागरूक करें। बेंच ने कहा कि इन प्रावधानों का पर्याप्त प्रचार-प्रसार भी किया जाए। यह निर्देश 'वी द वीमेन ऑफ इंडिया' नामक एनजीओ की याचिका पर दिया गया। याचिका में कहा गया कि घरेलू हिंसा अधिनियम लागू हुए 15 साल से ज्यादा हो गए, लेकिन आज भी घरेलू हिंसा महिलाओं के खिलाफ सबसे आम अपराध है। अधिनियम के तहत ठोस ढांचा अब तक पूरी तरह नहीं बन पाया है।

# संसदीय दलों की विदेश यात्रा आज से होगी शुरू

एजेंसी





नयी दिल्ली। पहलगाम आतंकवादी हमले एवं ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर वैश्विक कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए गठित सात संसदीय दल 21 मई से पांच जून तक 33 देशों की यात्रा करेंगे और इन दलों में शामिल 51 राजनेता एवं आठ राजनयिक पाकिस्तान में मौजूद वैश्विक आतंकवादी ढांचे और उसके समर्थकों की पोल दुनिया के सामने खोलेंगे।

सूत्रों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उपाध्यक्ष बैजयंत पाण्डा के नेतृत्व वाला पहला समूह 23 मई को बहरीन, 25 मई को कुवैत, 27 मई को सऊदी अरब और 30 मई को अल्जीरिया जाएगा। इस समूह में अन्य सदस्य भाजपा के निशिकांत दुबे, भाजपा के फंगनोन कोन्याक, भाजपा की रेखा शर्मा, ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लमीन के असद्दुदीन ओवैसी, नामांकित सतनाम सिंह संधु और गुलाम नबी आज़ाद हैं। पूर्व विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला भी इस समूह में जाएंगे। भाजपा के डॉ रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला दूसरा समूह 25 मई को फ्रांस, 27 मई को इटली, 29 मई को डेनमार्क, एक जून को ब्रिटेन और पांच जून को जर्मनी जाएगा। समूह के अन्य सदस्य भाजपा की डॉ डी पुरन्देश्वरी, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) की प्रियंका चतुर्वेदी, नामांकित गुलाम अली खटाना, कांग्रेस के डॉ. अमर सिंह, भाजपा के समिक भट्टाचार्य और श्री एम जे अकबर हैं। इस समूह में राजदूत पंकज सरन भी शामिल होंगे। जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष संजय झा के नेतृत्व वाला तीसरा समूह 22 मई को जापान, 24 मई को दक्षिण कोरिया, 27 मई को सिंगापुर, 28 मई को इंडोनेशिया और 31 मई को मलेशिया जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य ● शेष पेज 11 पर

## कोविड पर सतर्क है सरकार



नयी दिल्ली। सिंगापुर और हांगकांग में कोविड संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय देश में अत्यधिक सतर्कता बरत रहा है और स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है। मंत्रालय में कोविड संक्रमण के मामलों से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और सरकार सतर्कता बरत रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल देश में चिंता की कोई बात नहीं है। सूत्रों के अनुसार हांगकांग और सिंगापुर के घटनाक्रमों के मद्देनजर, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आपातकालीन चिकित्सा राहत प्रभाग, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों की समीक्षा बैठक बुलाई गई। बैठक में कहा गया है कि भारत में वर्तमान में कोविड-19 स्थिति नियंत्रण में है।

# 'ट्रम्प-पुतिन की बातचीत 'बहुत अच्छी' रही'

एजेंसी

मॉस्को/वाशिंगटन। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रम्प के बीच फोन पर हुई बातचीत पर कहा है कि दोनों शीर्ष नेताओं के बीच वार्ता बहुत अच्छी रही और अमेरिका यूक्रेनी समझौते पर मध्यस्थता से पीछे नहीं हट रहा है।

श्री पेस्कोव ने कहा, बेशक, बहुत प्रभावी मध्यस्थता सेवाएं प्रदान की संपर्क स्थापित किया गया है और अब, वास्तव में, सीधा संपर्क साधा जा रहा है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि रूस और यूक्रेन को शांति संधि और युद्ध विराम पर ज्ञापन तैयार करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा,रूस और यूक्रेन दोनों पक्षों द्वारा मसौदा तैयार किया जाएगा, इन दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया जाएगा और फिर एक एकल पाठ विकसित करने के लिए कठिन संपर्क किए जाएंगे। प्रवक्ता ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच ज्ञापन



तैयार करने की कोई समय सीमा नहीं है और इसकी समय सीमा एक हो नहीं सकती। इससे पहले श्री पुतिन ने कहा था कि रूस यूक्रेन के साथ एक ज्ञापन पर काम करने के लिए तैयार है। रूसी प्रवक्ता ने कहा कि फोन पर बातचीत के दौरान श्री पुतिन और श्री ट्रम्प ने रूस और यूक्रेन के बीच सीधे संपर्क जारी रखने के विषय पर चर्चा की, जिसमें शीर्ष स्तर पर संपर्क शामिल है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा,बेशक, सीधे संपर्क के विषय और रूस और यूक्रेन के बीच सीधे संपर्क जारी रखने के विषय पर चर्चा की गई। जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिकी मध्यस्थता के ● शेष पेज 11 पर

### सीएम योगी ने कासगंज में 25.63 हेक्टेयर में फैली नवनिर्मित अत्याधुनिक पुलिस लाइंस का किया उद्घाटन

# देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस का आधुनिकीकरण जरूरी: योगी

एजेंसी

कासगंज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिये पुलिस बल का आधुनिकीकरण बहुत जरुरी है।

कासगंज में 724 करोड़ रुपये की 60 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर उन्होंने 25.63 हेक्टेयर में फैली नवनिर्मित अत्याधुनिक पुलिस लाइंस का उद्घाटन भी किया, इसे बनाने में 191 करोड़ रुपये खर्च किए गये हैं। योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार कासगंज की पौराणिक और आध्यात्मिक विकास के साथ ही यहां की बुनियादी सुविधाओं को आधुनिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 2008 में बना कासगंज जिला विकास के लिए तरस रहा था। 2017 से पहले की सरकारों के एजेंडे में विकास कभी नहीं रहा, अराजकता और भ्रष्टाचार ही उनकी पहचान थी। आज कासगंज विकास के पथ पर तेजी से दौड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कासगंज में



नवनिर्मित पुलिस लाइंस उत्तर प्रदेश पुलिस की आधुनिकीकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि 191 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह पुलिस लाइंस 1,000 पुलिस कर्मियों के लिए बैरक, अधिकारियों के लिए आवासीय सुविधाएं, ऑडिटोरियम और अन्य आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। उन्होंने कहा कि पहले पुलिस कर्मी टूटी-फूटी बैरकों में रहने को मजबूर थे, लेकिन अब हाई-राइज इमारतों में शानदार आवासीय सुविधाएं दी जा रही हैं। यह पुलिस लाइंस देश के लिए एक मॉडल है। योगी ने उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम की तारीफ करते हुए कहा कि यह पुलिस को सशक्त बनाने और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सीएम ने कहा कि आज यूपी पुलिस माफियाओं के लिए काल बन चुकी है। कोई माफिया समानांतर सरकार नहीं चला सकता, न ही गरीब की संपत्ति पर कब्जा कर सकता है। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा पर सेंध लगाने की कोशिश करने वालों को अब यमराज का इंतजार करना पड़ता है। उन्होने कहा कि जैसे देश की सुरक्षा के लिए पीएम मोदी के सेना का आधुनिकीकरण किया, जिसका परिणाम ऑपरेशन सिंदूर में देखनो को मिला, जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान को घुटने पर ला दिया। उन्होंने कहा कि अगर हमारे पास मजबूत सेना और बहादुर जवान न होते, तो देश की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती थी। आज भारतीय सेना दुश्मन के घर में घुसकर उसका खात्मा करने की क्षमता रखती है। वैसे ही देश और राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस का आधुनिकीकरण करना जरूरी है। योगी ने 2017 से पहले की समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की सरकारों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उस दौर में उत्तर प्रदेश में अराजकता का माहौल था। शाम होते ही सड़कों पर कर्फ्यू जैसा दृश्य होता था। उपद्रवी सड़कों पर तांडव करते थे। न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी। हर तीसरे दिन दंगे होते थे और पर्व-त्योहारों से पहले लोगों के मन में डर समा जाता था। उन्होंने आरोप लगाया कि 2008 में कासगंज जिले के गठन के बाद भी पूर्ववर्ती सरकारों ने पुलिस लाइंस जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराईं। 2008 से 2017 तक, न जमीन दी गई, न पैसा। 12 जिलों में पुलिस लाइंस नहीं थीं। डीएम और एसपी को ब्लॉक में बैठना पड़ता था। ऐसी स्थिति में 25 करोड़ की आबादी की सुरक्षा कैसे संभव थी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें गुंडों के ● शेष पेज 11 पर

# पाक के नापाक मंसूबों को साकार नहीं होने देगी भारतीय सेना:राजमणि कोल

## ऑपरेशन सिंदूर सेना के जवानों के सम्मान में निकाली गई भारत शौर्य तिरंगा यात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। पाकिस्तान के नापाक इरादों को भारतीय सेना कभी साकार नहीं होने देगी। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पहलगाम आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब भारतीय सेना के जवानों ने दिया है। यह बातें कोरांव विधायक राजमणि कोल ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सेना के जवानों के सम्मान में ब्लॉक मुख्यालय के सामने स्थित नहर कॉलोनी से गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव तक निकाली गई भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को संबोधित करने के दौरान विधायक राजमणि कोल ने बतौर मुख्य अतिथि कही।

विधायक राजमणि कोल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने अदम्य साहस और शौर्य का परिचय देते हुए पाकिस्तान में फल फूल रहे आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। भारतीय सेना ने सिर्फ पाकिस्तान ही नहीं अपितु दुनियाके उन देशों को भी करारा जवाब दिया है जो आतंकवादी ठिकानों को पनाह देने का काम करते हैं। तिरंगा यात्रा को भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिले के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने संबोधित कर भारतीय जवानों के शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए कहा कि भारत आतंकवाद मुक्त देश की ओर अग्रषित हो रहा है। इसी तरह पूर्व जिलाध्यक्ष शिवदत्त पटेल ने भी संबोधित कर शहीदों व भारतीय सेना के जवानों को नमन किया। कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने भी शौर्य तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर अदम्य साहसी जवानों को बधाई दी।

इसी तरह भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चे की जिला महामंत्री संतरा देवी बिंद व पूजा मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। यात्रा में उत्साही कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद भारत जिंदाबाद के खूब नारे भी लगाए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष बबुआन द्विवेदी, करुणेन्द्र श्रीवास्तव, रामराज सिंह पटेल, सूर्य प्रताप सिंह, राजेश शुक्ला, जमुना प्रसाद मिश्रा, अनिल मिश्र, राजेश्वरी प्रसाद तिवारी, तुलसीदास राणा, ज्ञान नारायण कनौजिया, सभासद शैलेश सिंह शैलू, सभासद प्रतिनिधि विजय जायसवाल, आनंद केसरी उर्फ मुन्ना, रामकृष्ण केसरी, राजकुमार केसरी, सुरेंद्र बहादुर सिंह समेत भारतीय जनता पार्टी के भारी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी शामिल रहे।

# सरकार ने महिलाओं की खुशहाली के लिए खोले नए द्वार: केशव प्रसाद मौर्य

## सरकार महिलाओं की प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रही है, महिलाएं समझे, प्रयास करें और आगे आए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि महिला सम्मान, सुरक्षा व स्वाभिमान को सरकार प्रोत्साहन दे रही है। सरकार ने महिलाओं की खुशहाली के लिए नए द्वार खोले हैं। महिला स्वावलंबन व सशक्तिकरण के लिए केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध व संकल्पबद्ध है। हर क्षेत्र में महिलाएं देश का परचम लहरा रही हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। हर क्षेत्र में बेटियों ने अपनी अलग पहचान बनाई है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं की प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रही है, महिलाएं समझे, प्रयास करें और आगे आए। बेटी-बेटा एक समान उनमे कोई फर्क न करें। समूहों समाज में महिलाओं के प्रति विश्वास बढ़ा है।श्री मौर्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने की अभिनव प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण गरीब महिलाओं को स्वयं सहायता समूह एवं समूह को ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संघ के रूप में संगठित कर उन्हें आर्थिक सहायता देकर स्वाबलंबी बनाए जाने का कार्य प्रगति पर है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का क्रियान्वयन इंसेंटिव रणनीति के अन्तर्गत पूरे प्रदेश में किया जा रहा है।दीन दयाल अन्त्योदय योजना-एन0आर0एल0एम0 (का-ल्छत्स्ड) का मुख्य उद्देश्य उ0प्र0 राज्य में रह रहें ग्रामीण गरीब परिवारों की कम से कम एक महिला सदस्य को समूह एवं अन्य सामुदायिक संस्थाओ के माध्यम से संगठित कर उन्हें स्वावलम्बी बनाना है। प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र परिवारों की महिला सदस्यों को सामाजिक, वित्तीय समावेशन द्वारा कृषि एवं गैर कृषि आजीविका गतिबिधियो से जोड़कर ग्रामीण सामाजिक एवं आर्थिक रूप से महिला आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में सतत आजीविका के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है।मिशन अंतर्गत अभी तक 97 लाख से अधिक ग्रामीण क्षेत्र के परिवार की महिलाओ को कुल 8.80 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों, 60,249 ग्राम संगठनो एवं 3209 संकुल स्तरीय संघो से अच्छादित करते हुए अभी तक कुल 706229 स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड के रूप में 1135 करोड़ रुपये से अधिक, 546,186 स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 6168 करोड़ रुपये से अधिक की सामुदायिक सहायता धनराशि आय जनित गतिबिधियो हेतु वित्तीय समावेशन के अंतर्गत निर्गत की जा चुकी है। महिला सदस्यों को आजीविका संबर्धन हेतु कृषि एवं गैर कृषि आजीविका के क्षेत्रो में आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में 6,88,139 लाख स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को 7189 करोड़ रूपए से अधिक का बैंको से कम व्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है।

## आयोजित परीक्षा फल वितरण व प्रतिभा सम्मान समारोह मे पहुंचे विमल द्विवेदी




उन्नाव। ए बी नगर मे संगम शिशु मन्दिर इंटर कालेज मे आयोजित परीक्षा फल वितरण व प्रतिभा सम्मान समारोह मे मुख्य अतिथि नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक भाजपा नेता विमल द्विवेदी जी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया व उत्कृष्ट नंबरों से पास होने वाले छात्र छात्राओं को परिक्षा फल,प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित कर बच्चों के उज्वल भाभिष्य की शुभकामनायें दी ,प्रबंधक निशांत शुक्ला जी व प्रधानाचार्य श्रीमती पूर्णिमा शुक्ला जी व प्रधानाचार्य प्रेम शंकर दीक्षित ज व स्कूल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

## सड़क दुर्घटना में मृत्यु के मामले में अज्ञात चालक व ज्ञात वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

राजापाकड़/कुशीनगर। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के तुर्कपट्टी-पटहेरवा मार्ग पर कोरया गांव के समीप एक ट्रक की ठोकर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक व ज्ञात वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पटहेरवा थाना क्षेत्र के कुचिया मठिया (नौका टोला) निवासी शेख मैनुद्दीन (54) सोमवार को अपनी बाइक से पड़रौना जा रहे थे। जैसे ही वे कोरया के समीप पहुंचे, पीछे से आ रहे एक ट्रक ने लापरवाहीपूर्वक तेज गति में उन्हें ठोकर मार दी। दुर्घटना में शेख मैनुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पुत्र जमालुद्दीन ने तुर्कपट्टी थाने में दी गई तहरीर में कहा है कि ट्रक का नंबर ज्ञात है, लेकिन चालक का नाम व पता अज्ञात है। उन्होंने चालक की लापरवाही को दुर्घटना का कारण बताया है। प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक व ज्ञात ट्रक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## भाजपा नगर विधायक पर फर्जी इंस्टाग्राम आईडी से अभद्र टिप्पणी, मुकदमा दर्ज

मुरादाबाद । थाना कटघर क्षेत्र निवासी युवक ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर एक युवक ने थाना सिविल लाइन क्षेत्र के रामगंगा विहार निवासी भाजपा नगर विधायक रितेश गुप्ता पर अभद्र टिप्पणी की है। मामले में थाना कटघर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर लिया।कटघर क्षेत्र के देहरी गांव में हनुमान मूर्ति के पास रहने वाले कुनाल सैनी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गोविंद नगर निवासी आदित्य ने इंस्टाग्राम पर उसके नाम से फर्जी आईडी बना ली है। आदित्य ने इंस्टाग्राम पर भाजपा नगर विधायक रितेश गुप्ता के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। जानकारी मिलने पर कुनाल सैनी ने आदित्य को कॉल कर विरोध जताया तो आरोपित ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।थाना कटघर ने बताया कि कुनाल सैनी की तहरीर के आधार पर आरोपित युवक आदित्य के खिलाफ आईटी एक्ट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## महापौर ने मालवीय नगर में बड़ा ट्यूबवेल रिबोर का किया शिलान्यास



प्रयागराज । महापौर गणेश केसरवानी ने मंगलवार को मालवीय नगर में बड़ा ट्यूबवेल का रिबोर कर भूमि पूजन शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे क्षेत्र में पानी की कमी की समस्या दूर होगी। महापौर ने यह भी कहा कि भारतीय भवन की समस्या कई वर्षों से है। इस ट्यूबवेल के शिलान्यास से नागरिकों को जल्द ही पानी की समस्या का समाधान होगा और यहां के नागरिकों को शुद्ध जल मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा ट्यूबवेल के रिबोर से क्षेत्र में पानी की उपलब्धता में वृद्धि होगी और निवासियों को पर्याप्त पानी मिलेगा। इस परियोजना से क्षेत्र के विकास में भी मदद मिलेगी और निवासियों के जीवन स्तर में सुधार होगा।इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद विद्या, ओपी द्विवेदी, सुनीता चोपड़ा, मुकेश कसेरा, रूद्रसेन जायसवाल, महाप्रबंधक जलकल विभाग कुमार गौरव, अधिशाषी अभियंता जलकर जोन 2 उमेश भास्कर, कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी रामजी केसरवानी, गिरी शंकर प्रभाकर, शिव नंदन पांडेय, विवेक अग्रवाल, सुभाष वैश्य, मनोज मिश्रा, गोपालजी मालवीय, दिनेश विश्वकर्मा, भरत केसरी, मनमोहन मिश्रा, दिनेश केसरवानी, सनी चोपड़ा, अनुपम श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## तीन वर्ष पूर्व पति की हत्या के मामले में दोषी पत्नी को उम्रकैद की सजा

मुरादाबाद । अपर सत्र न्यायाधीश योगेंद्र यादव की अदालत ने तीन वर्ष पूर्व मार्च 2022 में पति की हत्या के मामले में आरोपित पत्नी को मंगलवार को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।मामले में राजपाल सिंह ने कटघर थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि उसके छोटे भाई रवि सिंह (30) की शादी संभल जिले के नारायनपुर मिलक निवासी कांति सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद रवि सीतापुरी स्थित लीलावती के मकान में पत्नी के साथ रहने लगा। मकान मालिक ने उसे सूचना दी कि रवि का कत्ल हो गया है। आरोप लगाया कि रवि सिंह अपने साढ़ू महिपाल निवासी राजीपुरा से कई बार झगड़ा हुआ था। महिपाल ने उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी थी। महिपाल और क्रांति के बीच नजदीकियों की जानकारी रवि को हो गई थी। दोनों ने मिलकर उसके भाई की हत्या की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ 18 मार्च 2022 को हत्या का केस दर्ज कर लिया था।

## नवविवाहित जोड़े की सुरक्षा करने का बरेली पुलिस आयुक्त को निर्देश

प्रयागराज । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एस एस पी बरेली को निर्देश दिया है कि जीवन के खतरे को देखते हुए नवविवाहित जोड़े की सुरक्षा सुनिश्चित करें।कोर्ट ने कहा है कि जोड़े को एक फोन नंबर उपलब्ध कराया जाए। ताकि उनके द्वारा फोन करने पर उन्हें तुरंत सुरक्षा मुहैया कराई जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने बरेली की रानी और अन्य की याचिका पर दिया है।कहा गया कि याचियों ने 3 मई 2025 को सहमति से विवाह किया और 5 मई को पंजीकरण के लिए आनलाइन आवेदन किया है। शादी के बाद से उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। आरोप है कि स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से एक व्यक्ति उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर रहा है।

# भूमि विवाद में युवती की पीट-पीटकर हत्या तनाव के बीच भारी पुलिस बल तैनात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के लालाखेड़ा गांव में सोमवार को भूमि विवाद ने खूनी रूप ले लिया। अवैध कब्जे को लेकर हुए झगड़े में 20 वर्षीय युवती पुष्पा की गंभीर पिटाई के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जिसे देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।क्या है मामला मृतका के परिजनों के अनुसार, गांव के विजय बहादुर, गोविंद, कमलेश, भीम, रामनिवास और दो अज्ञात लोग राम कुमार की कृषि भूमि पर जबरन कब्जा करने पहुंचे थे। विरोध करने पर हमलावरों ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ियों से हमला बोल दिया। इस हमले में पुष्पा गंभीर रूप से घायल हो गई, वहीं राम कुमार के घर में भी आग लगा दी गई।इलाज के दौरान तोड़ा दमपुष्पा को पहले सुमेरपुर पीएचसी ले जाया गया, फिर जिला अस्पताल और वहां से निजी अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन कई घंटों के इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया।पुलिस कार्रवाईबिहार थाना पुलिस ने पांच नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या, आगजनी और मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल गांव में एहतियात के तौर पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।परिजनों की मांगमृतका के परिजनों ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही प्रशासन से आर्थिक सहायता और सुरक्षा की भी मांग की गई है।गांव में सन्नाटा, लोग सहमेघटना के बाद से लालाखेड़ा गांव में सन्नाटा पसरा है। ग्रामीणों में डर और आक्रोश दोनों है। प्रशासनिक अधिकारी मौके पर डटे हुए हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।

# तिरंगा ध्वज यात्रा में गूंजा भारत मां का जयकारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




राजापाकड़/कुशीनगर। आपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में मंगलवार को दुदही विकास खंड के बतरौली धुरखड़वा से एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें युवाओं, बच्चों, ग्रामीणों और संतों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।तिरंगा यात्रा बतरौली धुरखड़वा से आरंभ होकर नौका टोला, बनवा टोला होते हुए कोट स्थान तक पहुंची। रास्तेभर ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर यात्रियों का अभिनंदन किया।

हर हाथ में तिरंगा और हर हृदय में गौरव की अनुभूति थी। यह आयोजन राष्ट्र की एकता, प्रगति और आत्मगौरव का प्रतीक बन गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य डा. गणेश पांडेय ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह स्पष्ट कर दिया कि हमारी सेनाएं केवल सीमाओं की रक्षक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान की सजीव प्रतिमूर्ति हैं। जनसैलाब यह संकेत देता है कि देश का प्रत्येक नागरिक कर्तव्यबोध से प्रेरित है और हर चुनौती के लिए तैयार है। आयोजक शिवम मिश्र ने कहा कि हमारे वीर सैनिकों ने अदम्य साहस और त्याग से ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाया। यह तिरंगा यात्रा उनके सम्मान की प्रतीक है। यह संदेश देती है कि आवश्यकता पड़ने पर हम भी देश के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने को तत्पर हैं। यात्रा का उद्देश्य केवल श्रद्धांजलि अर्पित करना नहीं, बल्कि युवाओं में देशभक्ति की चेतना को जाग्रत करना भी है।

इस यात्रा में पूर्व सैनिक अशोक सिंह, हरेंद्र पाल, राजकिशोर मिश्र, चंद्रशेखर पाल, रिशु, आदित्य, पन्नालाल, बीरबल पाल, अंकित सिंह और कोट स्थान के महंत सहित बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

# महारानी अहिल्याबाई नारी सशक्तिकरण की है मिसाल: विवेकानंद पाण्डेय

## हनुमान इंटर कालेज में लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300 जयंती पर आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर। महारानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है पूर्व की सरकारों ने अपने देश के महापुरुषों को भुला दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी महापुरुषों को याद करने और उनकी स्मृतियों को सजोने का कार्य कर रहे हैं ।यह कहना है खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय की। श्री पाण्डेय पडरौना नगर के हनुमान इंटर कालेज में लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300 जयंती के उपलक्षय में आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि महारानी अहिल्याबाई, लोकमाता के नाम से भी जानी जाती हैं। उन्होने मुगल काल में तोड़े गए मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ बालिका शिक्षा की दिशा में अहम काम की थी वह नारी सशक्तिकरण की दमदार मिसाल हैं। विधायक विनय प्रकाश गोंड ने कहा कि हमें माहारानी अहिल्याबाई की जीवन से सीख लेनी चाहिए। इसी कडी में जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता कार्यक्रम समन्वयक विष्णु प्रभाकर पांडेय ने माहारानी अहिल्याबाई के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य शैलेंद्र दत्त शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डाला । प्रबंधक मनोज शर्मा सरस्वत ने आभार जताया और अहिल्याबाई होलकर के कार्यों को रेखांकित किया । संचालन उशेष पांडेय ने किया। प्रतिभागी छात्र गौरी मिश्रा , आकांक्षा दुबे, अमर गुप्त , अश्विनी कुमार को पुरस्कृत किया गया।

# कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। में सिकंदरपुर सिरोसी विकासखंड में कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अतुल सेठ निर्यातक एवं एपीईडीए के बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर श्री शुभम राय जी का आगमन हुआ। जिला कृषि अधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम को संपन्न कराया गया निर्यातको के साथ कृषकों का संवाद कराया गया दोनों तरफ की समस्याओं को समझा गया और समाधान करने का प्रयास किया गया।

श्री शुभम राय जी द्वारा विस्तार से आम एवं मूंगफली के उत्पाद को निर्यात करने की तकनीकी बताई गई। श्री अतुल सेठ, निर्यातक के द्वारा अन्य उत्पादों जैसे मोरिंगा, नीम एवं अन्य फसलों के उत्पाद पर भी जोर दिया गया ।इस कार्यशाला से कृषकों मे यह उम्मीद है कि उनके उत्पाद भी देश-विदेश में धूम मचाएंगे।

# डीएम ने तहसील सदर के विभिन्न न्यायालयों का किया आकस्मिक निरीक्षण

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना की पत्रावलियों का ऑनलाइन कराने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । अध्यक्ष, राजस्व परिषद के अध्यक्ष एवं प्रमुख सचिव तथा मण्डलायुक्त के निर्देश पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सोमवार को तहसील सदर बहराइच अर्न्तगत उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व तहसीलदार न्यायिक एवं नायब तहसीलदार के न्यायालयों का निरीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना की पत्रावलियों के निरीक्षण में पाया गया कि पोर्टल पर कुल 61 दावों के सापेक्ष 47 दावों को ही ऑनलाइन किया गया है। शेष 14 दावों को ऑनलाइन नहीं किया गया है। जिनमें 6 पत्रावलियों पूर्ण पायी गयी। इस सम्बन्ध में एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिया गया कि अपूर्ण पत्रावलियों को अविलम्ब पूर्ण करते हुए सभी ऑफलाइन पत्रावलियों को ऑनलाइन किया जाना सुनिश्चित करें साथ ही सभी पत्रावलियों का पुनः परीक्षण/मिलान करते हुये कार्यवृत्ति के साथ पात्र/अपात्र के सम्बन्ध में सुस्पष्ट कारण का उल्लेख करते हुए जिला मुख्यालय पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।न्यायालय तहसीलदार, सदर बहराइच, न्यायालय तहसीलदार (न्यायिक), सदर बहराइच व न्यायालय नायब तहसीलदार, सदर बहराइच के न्यायालयों का ऑनलाइन पोर्टल चेक करने पर पाया गया कि धारा 34 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 के सभी 1070 वादों में नामान्तरण का प्रकार दर्ज किया गया है, जिसमें सभी न्यायालयों के आर.सी.सी.एम.एस पोर्टल के ध्यानाकर्षण बिन्दु में ऐसा कोई वाद नामान्तरण का प्रकार दर्ज किये जाने हेतु लम्बित होना नहीं पाया गया। विभिन्न न्यायालयों के आनलाइन पोर्टल का अवलोकन करने पर उपजिलाधिकारी, सदर के 312 वाद, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) के 305 वाद, तहसीलदार के 543 वाद, तहसीलदार (न्यायिक) के 397 वाद व नायब तहसीलदार के 270 वाद अद्यतनीकृत पाये गये। इसके अलावा पोर्टल के ध्यानाकर्षण बिन्दु में ऐसा कोई वाद आदेश हेतु सुरक्षित किया हुआ और उसमें आदेश पारित न होना नहीं पाया गया।न्यायालय तहसीलदार, सदर बहराइच के न्यायालय से रेन्डम आधार पर वाद संख्या टी-202408150102930 हंसा देवी बनाम राजपती देवी ग्राम मोहम्मद नगर की पत्रावली का अवलोकन किया जो कि पंजीकृत वसीयतनामा से सम्बन्धित है तथा पत्रावली सारवान आपत्ति उपरान्त शेष साक्ष्य प्रतिवादी में विचाराधीन पायी गयी। वाद संख्या टी-202408150104105 मोहम्मद कोया बनाम श्रीमती शमीम जहाँ ग्राम सिंघापरासी का भी अवलोकन किया गया, जो कि पंजीकृत वसीयतनामा से सम्बन्धित है तथा सारवान आपत्ति उपरान्त जिरह पी.डब्लू-3 में विचाराधीन पायी गयी। आर.सी.सी.एम.एस. पोर्टल के अनुसार 45 दिवस से अधिक (विवादित श्रेणी) के कुल 75 वाद लम्बित पाये गये। निर्देशित किया गया कि दिन प्रतिदिन सुनवाई करते हुये लम्बित वादों का शीघ्र निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें।न्यायालय तहसीलदार (न्यायिक), सदर बहराइच के न्यायालय पर आर0सी0सी0एम0एस0 पोर्टल के अनुसार 45 दिवस से अधिक (विवादित श्रेणी) के कुल 11 वाद लम्बित पाये गये। निर्देशित किया गया कि दिन प्रतिदिन सुनवाई करते हुये लम्बित वादों का शीघ्र निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। न्यायालय नायब तहसीलदार, सदर बहराइच के न्यायालय से रैन्डम आधार पर वाद संख्या टी-202408150100530 मनोहर लाल बनाम छेदी व टी-202408150104348 सांवरिया देवी बनाम श्रीमती अनीता अन्तर्गत धारा-34 उ0प्र0 राजस्व संहिता का अवलोकन किया गया। वाद मनोहरलाल बनाम छेदी वरासत के आधार पर वाद विचाराधीन पाया गया। पत्रावली जवाब आपत्ति हेतु नियत पायी गयी। निर्देशित किया गया कि दिन प्रतिदिन सुनवाई करते हुये वाद का शीघ्र निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। न्यायालय नायब तहसीलदार, सदर बहराइच के न्यायालय पर आर.सी.सी.एम.एस. पोर्टल के अनुसार 45 दिवस से अधिक (विवादित श्रेणी) के कुल 54 वाद लम्बित पाये गये। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रतिदिन सुनवाई करते हुए वाद का शीघ्र निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें।

# एबीडब्ल्यूसीआई और आकांक्षा समिति के बीच हुआ एमओयू



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में, एसोसिएशन ऑफ बिजनेस वीमेन इन कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और आकांक्षा समिति ने आकांक्षा केंद्र लखनऊ में एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन उत्तर प्रदेश भर में जिला आकांक्षा चैप्टर द्वारा पहचानी गई महिला उद्यमियों को क्षमता निर्माण, बाजार संपर्क, व्यवसाय विकास के अवसर और डिजिटल सक्षमता प्रदान करने के उद्देश्य से सहयोग को औपचारिक रूप देता है। इस अवसर पर थिंकथ्रू कंसल्टिंग की ग्लोबल मैनेजिंग पार्टनर और एबीडब्ल्यूसीआई की संस्थापक महासचिव पारुल सोनी ने समावेशी आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महिला नेतृत्व वाली उद्यमिता के महत्व पर जोर दिया। आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ. रश्मि सिंह आईएएस ने जमीनी स्तर पर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश की महिलाएँ और पूरे राज्य में आकांक्षा दीदियाँ इस बात की सशक्त उदाहरण हैं कि महिला सशक्तिकरण किस तरह समाज में सकारात्मक प्रभाव डालता है। एबीडब्ल्यूसीआई के साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य इस प्रभाव को मजबूत करना है। महिलाओं को न केवल उद्यम में बल्कि सामुदायिक परिवर्तन में भी नेतृत्व करने में सक्षम बनाना है यह पहल एक स्वागत योग्य और दूरदर्शी कदम है जो महिलाओं के विकास और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के बड़े लक्ष्य दोनों में योगदान देगा।

# लखनऊ पहुंचे रक्षा मंत्री एयरपोर्ट पर हुआ जोरदार स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर-लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ऑपरेशन सिन्दूर के बाद पहली बार लखनऊ एयरपोर्ट पहुचे। एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किया गए। राजनाथ के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ पहुँची। कार्यकर्ताओ मै भारी उत्साह देखने को मिला। सभी कार्यकर्ता तिरंगा झंडा लेकर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे थे पूरे वातावरण में भारत माता की जय पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगातार कार्यकर्ता लग रहे थे ढोल नगाड़ों के साथ कार्यकर्ताओं ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत किया।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पहली बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे लखनऊ एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदधिकारी ढोल नगाड़ो के साथ पहुचे थे। करीब 4.30 बजे शाम को राजनाथ सिंह लखनऊ एयरपोर्ट पहुचे विशाल कार्यकर्ता के समूह को देखते हुए रक्षामंत्री गाड़ी के बाहर निकल कर कार्यकर्ताओ का अभिवादन किया। करीब 500 मीटर तक कार्यकर्ताओ का हुजूम उनकी काफिले के साथ साथ चलता रहा।कार्यकर्ताओ में पाकिस्तान के प्रति आक्रोश साफ नजर आ रहा था। पाकिस्तान की कायरतापूर्ण कारवाही के बाद भारत सरकार और खास तौर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की ओर आपरेशन के दौरान की गई महत्वपूर्ण योगदान के लिए कार्यकर्ताओं ने राजनाथसिंह को धन्यवाद दिया रक्षामंत्री राजनाथ सिंह वैसे तो लखनऊ का दौरा अक्सर करते रहते है। लखनऊ उनका संसदीय झेत्र है। लेकिन आज का दौरा ऑपरेशन सिंदूर की वजह से चर्चा में रहा। पूरे स्वागत समारोह में तिरंगा झंडा लिए कार्यकर्ता पूरे माहौल को देशभक्तिपूर्ण बना रहा था। राजनाथसिंह ने भी कार्यकताओ के हौसले को बढ़ाने के लिए कार से निकल कर उनका अभिवादन करते नज़र आये।

## ड्राईवर को झपकी आने से आटो पलटी सवारियां हुई घायल

**सरोजनीनगर-लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार सुबह लगभग 6:00 बजे दरोगा खेड़ा के आगे बंथरा थाने की ओर जाते हुए एक आटो ड्राईवर को झपकी आने से आटो पलट गयी इस ऑटो में तीन सवारी बैठी थीं ड्राइवर को झपकी आने की वजह से गाड़ी का नियंत्रण खो गया और गाड़ी पलट गई जिसमें दो सवारी को मामूली चोट और एक एक सवारी जिसका नाम विमलेश है जो बांगरमऊ उन्नाव का निवासी है उसका बाया हाथ पूरी तरह से टूट गया और काफी खून बह गया। घटना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे जिन्होंने ऑटो को सीधा करवाया और एंबुलेंस बुलाकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरोजिनी नगर भेजा।

## जेष्ठ के दूसरे बड़े मंगल पर बाबू सुंदर सिंह ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस कैम्पस में भंडारे का आयोजन



**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगलवार को बाबू सुंदर सिंह ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के सौजन्य से बाबू सुंदर सिंह कैंपस में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें श्रीराम और हनुमान जी के भजनों के बीच श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जेष्ठ के दूसरे बड़े मंगल पर इंजीनियरिंग कॉलेज बाबू सुंदर सिंह ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के कैंपस में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, चेयरमैन आनंद शेखर सिंह ने सर्वप्रथम हनुमान जी की पूजा अर्चना किया तत्पश्चात भंडारे का शुभारंभ कराया भंडारे में श्री राम और हनुमान जी के भजनों के बीच हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

## विवाहिता ने कमरा बंद कर फांसी लगाकर दी जान

**निगोहा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मीरख नगर गांव में एक महिला ने बंद कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी गांव में बने पंचायत भवन के पास रहने वाले संतोष कुमार रावत ने बताया उसकी शादी लगभग डेढ़ वर्ष पहले हुई थी उसकी पत्नी मृतका अर्चना रावत ने साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली दरवाजा जब काफी देर तक नहीं खुला तो परिवार वालों को शक हुआ जब घर वालों ने कमरे में जाकर देखा तो उनकी बहू फंदे से लटक रही थी तो उन्होंने आनन फानन में निगोहा पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची निगोहां पुलिस टीम ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया सूचना पाकर मायके वालों ने गम्भीर आरोप लगा कर हत्या कर फांसी पर लटका कर मार देने की बात कहने लगे गरमा गर्मी के बीच में पुलिस ने पति संतोष कुमार रावत को अपने साथ थाने लाकर उससे पूछताछ शुरू कर दिया है मायके वाले शव के साथ पोस्टमार्टम के लिए चले गए थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया अभी दोनों पक्षों से किसी प्रकार की कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है मृतका के पति संतोष कुमार रावत को पकड़ कर लाया गया है उससे कड़ाई से पूछताछ की जा रही है हत्या करने का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है तहरीर एवं पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## लखनऊ पश्चिम विधानसभा 171 में हुआ तिरंगा यात्रा का आयोजन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारत की सेना ने जिस पराक्रम से पाकिस्तान को नाको चने चबवाएं है उन्ही वीर सैनिकों को समर्पित ऑपरेशन सिंदूर'' के नाम से जगह जगह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।इसी क्रम मे लखनऊ पश्चिम विधान सभा 171 मे तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस गौरवमयी यात्रा का नेतृत्व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सुपुत्र, नीरज सिंह एवं लखनऊ पश्चिम के उपविजेता विधायक अंजली श्रीवास्तव लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद त्रिवेदी ने किया।सुमित गुप्ता मंडल अध्यक्ष, मंडल दो ओबीसी मोर्चा को इस यात्रा के आयोजन और संचालन का कार्यभार मिला। यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि शहीदों के सम्मान में एक चलती-फिरती श्रद्धांजलि थी।हर चेहरे पर गर्व, हर हाथ में तिरंगा और हर दिल में देश के लिए समर्पण स्पष्ट दिख रहा था। साथ में रहे ओबीसी मोर्चा महानगर अध्यक्ष गणेश वर्मा दीपक साहू मनोज चौरसिया शीतल रावत कमल मिश्रा सीपी मौर्य त्रिभुवन यादव गिरीश निगम राजेश गुप्ता अर्जुन कश्यप सनी रावत अवनी विश्वकर्मा धीरज लोधी अमन ब्रावो सौरभ रावत दिलीप प्रजापति राहुल प्रजापति जयदीप यादव राकेश गौतम अजीत यादव गोविंद यादव दुर्गेश जायसवाल नरेश राठौर बबलू राजपूत साजन रावत आदि लोग शामिल रहे।

# छुट्टियों के दौरान छात्र पढ़ाई से दूर न रहे छात्र : अनिल कुमार वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम के बहरौली स्थित जवाहरलाल नेहरु इंटर कॉलेज में प्रार्थना सभा में बच्चों को गर्मी की छुट्टियों के दौरान पढ़ाई करने की आवश्यकता और टिप्स बताए गए। शिक्षक अमित कुमार ने बताया की गर्मी की लंबी छुट्टियां होती हैं इस दौरान पढ़ाई से दूरी नहीं बनाना है अन्यथा हम कई चीजें भूल जाएंगे। इस दौरान अपने विषय के साथ-साथ बच्चे किस्से, कहानी भी पढ़ सकते हैं। इसके अलावा नए टॉपिक जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विज्ञान के कुछ प्रोजेक्ट इंस्पायर अवार्ड की तैयारी आदि विषयों पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने बताया की स्वास्थ्य में योग का विशेष महत्व है जिसके कारण सरकार प्रत्येक वर्ष योग दिवस से संबंधित अनेक कार्यक्रम आयोजित करती है हमें इनका लाभ लेना चाहिए तथा प्रतिदिन योग करना चाहिए । योग एक तरह का फ्री इलाज है जिससे अनेक बीमारियां अपने आप दूर रहती हैं। विद्यालय में बीच-बीच में इसका अभ्यास कराया जाता है तथा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योग समिति द्वारा मिनी स्टेडियम गंगागंज में आयोजित विशेष कार्यक्रम में बच्चे प्रतिभाग करते हैं जिसके लिए बच्चों को 21 जून 2025 को प्रातः 5:00 बजे विद्यालय बुलाया गया है। योग समिति की ओर से बच्चों को यूनिफॉर्म दी गई है जिसका वितरण कर दिया गया है जो बच्चे विद्यालय नहीं आए थे उन्हें दिनांक 21 मई 2025 को प्रातः 9:00 बजे विद्यालय बुलाया गया है जिससे वह कार्यक्रम के पूर्व अपनी यूनिफॉर्म टेलर से सिलवा सकें।

ग्रीष्मावकाश के पूर्व विद्यालय का अंतिम कार्य दिवस होने के उपलक्ष्य में विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने सभी बच्चों को आम का मीठा पना पिलवाया। इस कार्य में शिक्षक शंभू दत्त एवं अन्य सभी शिक्षकों ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया। ग्रीष्मावकाश 21 में से 30 जून तक रहेगा। इस दौरान अन्य किसी गतिविधि की सूचना विद्यार्थियों को व्हाट्सएप पर अलग से प्रेषित की जाएगी।

# एएलवाई मैनपुरिया ग्रुप आफ स्कूल कॉलेज का वार्षिक उत्सव संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। बुद्धेश्वर स्थिति ए एल वाई मैनपुरिया ग्रुप का स्कूल कॉलेज का वार्षिक उत्सव स्थानीय गीता लाल में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के पिता जी रवि प्रकाश सिंह थे विशिष्ट अतिथि के रूप में रिटायर्ड डीएसपी श्याम कान्त त्रिपाठी जी रहे कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन शिक्षा को सर्वोपर बताते हुए देश की सेवा करने के लिए भी कहा विशिष्ट अतिथि श्याम कान्त त्रिपाठी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए स्कूल प्रबंधक को बधाइयां दी स्कूल के बच्चों ने मनमोहन रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया भ्रूण हत्या पर आधारित कार्यक्रम वृद्ध आश्रम पर बच्चों द्वारा कार्यक्रम किया गया स्कूल के प्रबंधक हरि प्रकाश यादव ने बताया प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ जिसमें बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया आज के कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद धर्मेंद्र सिंह पूर्व पार्षद जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता ताराचंद रावत इरशाद अहमद गुड्डू बुद्धेश्वर विकास महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित राजपूत भैया लाल रावत के अलावा हजारों की संख्या में बच्चे व अभिभावक मौजूद रहे।

## बड़े मंगल पर लखनऊ के हर गली चौराहे पर लगे भण्डारे

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ज्येष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगल पर राजधानी लखनऊ के हर गली, मुहल्ले व चौराहों पर भण्डारे लगे हैं। हनुमान चालीसा के पाठ और सुंदरकाण्ड के बाद भण्डारों में प्रसाद वितरण शुरू हो गया है। पूड़ी, सब्जी, कढ़ी चावल व बूंदी के प्रसाद का वितरण अधिकांश स्थानों पर हो रहा है। आयोजन स्थल पर हनुमान चालीसा व भक्ति के संगीत बज रहे हैं। वहीं अलीगंज स्थित हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु व हनुमत धाम समेत शहर के हनुमान मंदिरों में भोर से ही दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी है। मंदिर बजरंग बली के जयकारों से गूंज रहे हैं। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने हजरतगंज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में बजरंग बली जी के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन स्थल पर गंदगी न रहे, इसके लिए नगर निगम ने जोनवार टीम बनाई है। दूसरे बड़े मंगल पर शहर भर में करीब 1000 स्थानों पर भण्डारे लगे हैं। नगर निगम में करीब 400 लोगों ने पंजीकरण कराया है। नगर निगम की टीम भण्डारे के बाद सफाई सुनिश्चित करायेगी। वहीं कई स्थानों पर भीड़ की वजह से पुलिस ने डायवर्जन भी किया है। मंगलमान अभियान की टीम प्रोफ़ेसर राम कुमार तिवारी के नेतृत्व में शहर में घूम-घूम कर स्वच्छता पवित्रता से परिपूर्ण व पर्यावरण के अनुकूल भण्डारा चलाने की अपील कर रही है। जहां पर कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है, वहां मंगलमान के कार्यकर्ता सहयोग भी कर रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश में प्रचंड तपिश से राहत पहुंचायेंगी फुहारें

**लखनऊ।** प्रचंड गर्मी का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में 23 मई को आंधी और बूंदाबांदी के आसार हैं जिसके चलते तापमान में मामूली गिरावट आने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार निचले क्षोभमंडल में प्रदेश के दक्षिणी भाग से होकर पाकिस्तान से बांग्लादेश तक विस्तृत द्रोणी के कारण चल रही आर्द्र पुरवा के प्रभाव से बुन्देलखण्ड को छोड़कर प्रदेश के अन्य हिस्सों में दैनिक उतार चढ़ाव के बावजूद यद्यपि अधिकतम तापमान सामान्य अथवा सामान्य से कम बने हुए हैं। हालांकि वायुमण्डलीय आर्द्रता का स्तर बढ़ने से आभासी तापमान वास्तविक तापमान से अधिक होने के परिणामस्वरूप उमस भरी गर्मी अभी भी जारी है।

उन्होने बताया कि बुन्देलखण्ड एवं आसपास के क्षेत्रों में अभी तक आ रही पछुआ के कारण बांदा एवं झाँसी में 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान दर्ज किए गए। इस दौरान प्रदेश के तराई इलाकों में तेज झोंकेदार हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा भी रिकार्ड की गई।

# चोरी की 7 बाइक के साथ दो शातिर चोर दबोचे गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



माल लखनऊ । कोतवाली प्रभारी नवाब अहमद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी की 7 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं, जिनमें 6 स्प्लेंडर और 1 पैशन प्रो शामिल हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में वारिश पुत्र रहीश निवासी सहिजना और उसका एक नाबालिग साथी शामिल है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मोटरसाइकिल चोरी कर उनकी नंबर प्लेट हटाकर जंगल में छिपा देते थे, और मौका पाकर उन्हें बेचने की फिराक में रहते थे।

पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग सैनिक फार्म अटारी के जंगलों में चोरी की गाड़ियां छिपाकर रखे हुए हैं। इसी सूचना पर कार्रवाई करते हुए चेकिंग अभियान चलाया गया और दोनों आरोपियों को धर दबोचा गया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि 10 दिन पहले माल की फल मंडी से भी एक बाइक चोरी की थी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मोहम्मद रोशन, उपनिरीक्षक हरिओम सिंह, उपनिरीक्षक राजाबाबू, आरक्षी आशीष, मोहम्मद दानिश और जसवीर सिंह की सक्रिय भूमिका रही। थाना प्रभारी नवाब अहमद ने कहा कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं, और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# जेष्ठ के दूसरे बड़े मंगल पर जगह-जगह सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन

### सलेमपुर अचाका भंडारा में क्षेत्रीय विधायक ब्लाक प्रमुख समेत हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगलवार पर नगराम के विभिन्न क्षेत्रों में भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुंदरकांड पाठ और भजन कीर्तन का आयोजन भी हुआ। श्रीराम और हनुमान जी के भजनों के बीच श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में राधा-कृष्ण, वीर बजरंगी हनुमान और श्रीराम की मनमोहक झांकियां सजाई गईं । नगराम कस्बा समेत बहरौली, समेसी, अचलीखेडा, हरदोइया बाजार और नगराम के सलेमपुर अचाका में ग्राम प्रधान विकास पटेल द्वारा जेष्ठ के दूसरे बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया गया । भंडारा में क्षेत्रीय विधायक अमरेश रावत , ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला , गोसाईगंज ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा उर्फ डिम्पल, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, विनोद वर्मा, व्यापार मंच (अपना दल एस) जिलाध्यक्ष विकास पटेल, रामजी पटेल, सर्वेश, प्रदीप कुमार , मस्तीपुर प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी , जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र जायसवाल , अभिषेक कुमार , विपिन प्रधान ,समेत सभी मुख्य अतिथियों एवं सैकड़ों ग्रामीणों को ग्राम प्रधान विकास पटेल ने अंगवस्त्र पहनाकर उन्हें सम्मानित किया, भंडारे में क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

# ज्येष्ट माह के दूसरे बड़े मंगल पर भी भक्तों मे दिखा खासा उत्साह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जा पर कृपा राम की होई ता पर कृपा करें सब कोई जी हां राम की कृपा पाने का ये महीना सबसे उत्तम माना जाता है जेठ के महीने मे पड़ने वाले मंगल पर राम भक्त हनुमान की जय जय कार चारो तरफ दिखाई देती है हर मंदिरों मे भक्तो की भारी भीड़ और भंडारे के आयोजनों से शहर पटा हुआ दिखाई देता है ऐसा ही नज़ारा ज्येष्ट माह के दूसरे बड़े मंगल पर दुबग्गा स्थित वरदानी मंदिर मे भी दिखाई दिया जैसा की नाम से ही साफ होता है कि यहाँ माँगने वाला अवश्य वरदान पा कर ही लौटता है और जब बड़े मंगल की बेला हो तो भक्तो की भीड़ लगना भी स्वभाविक है।बड़े मंगल पर सुबह से हनुमान भक्त हाथों मे प्रसाद लिए नज़र आते हैं मुख मे हनुमान की जय जयकार और घंटे की ध्वनि दूर दूर तक सुनाई देती है जो काफी मनमोहक नज़ारा होता है इसी दिन यहाँ भंडारे का भी आयोजन होता है ताकि कोई भी भूखा ना रहे और हनुमान प्रसाद पा कर प्रसन्न रहे तभी तो ताप्ती धूप भी राम भक्त हनुमान के भक्तो के हौसले को रोक नही पाती है।

# महिला समेत पांच अंतराज्यीय जालसाज टप्पेबाज गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने गांव की भोली भाली महिलाओं को बहला फुसलाकर स्कीम का लालच देकर उनके कीमती गहने व घर का सामान हड़पने वाली एक महिला समेत पांच अंतराज्यीय जालसाज टप्पेबाजों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।

इंस्पेक्टर डीके सिंह ने बताया कि बीते 1 मई को मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के शिवढरा गांव में एक जालसाज महिला ने गांव की भोली भाली महिलाओं को बहला फुसलाकर स्कीम के नाम पर उनके पुराने बर्तन बदलकर उन्हें नए बर्तन वापस किए थे वहीं महिला ने तीन दिन बाद दोबारा गांव जाकर एक बार फिर महिलाओं से संपर्क कर उनके कुछ बर्तन व चांदी के जेवरात स्कीम के तहत बदलकर वापस देकर उन्हें नगद कुछ पैसे भी दिए थे। इसके बाद गांव की महिलाओं को उसे पर विश्वास हो गया और फिर महिला लालच देकर गांव की लगभग 10 महिलाओं ने उनके सोने चांदी के कीमती जेवरात व कुछ बर्तन बदलने के लिए लिए थे इसके बाद महिला सारा सामान लेकर रफू चक्कर हो गई थी वहीं कई दिन इंतजार करने के बाद जब महिला वापस नहीं लौटी तो पीड़ित महिलाओं ने स्थानीय थाने पर 11मई को जालसाज महिला व उसके साथियों पर मुकदमा दर्ज कराया था। मोहनलालगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अज्ञात महिला उसके साथियों की तलाश में पुलिस की दो टीमों को लगाया था। वही मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने महिलाओं से जालसाजी कर उनके कीमती जेवरात हड़पने वाली महिला व उसके चार साथियों को मंगलवार कस्तूरबा गांधी विद्यालय नगराम नीलमथा रोड ख़ुझौली के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि यह अंतर्राज्यीय झारखंड का गैंग प्रदेश के अलग-अलग जिलों एवं अन्य राज्यों में भी जाकर अपने गैंग में शामिल महिलाओ के साथ घूम घूम कर गांव की भोली भाली महिलाओं को बहला फुसला कर लालच देकर टप्पे बाजी व जालसाजी करता था वही पूछताछ करने पर गैंग के सदस्यों ने प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी जालसाजी व टप्पेबाजी करने की बात बताई है। यह झारखंड का गैंग कुछ समय पहले ही अपने साथियों के साथ राजधानी में आया था। पुलिस ने महिला टप्पे बाज समेत उसके पांच अंतराज्यीय जालसाज टप्पेबाजों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुछ गहने व पैसे बरामद किए हैं।

# भगवान अपने भक्तों के वचन की लाज रखते हैं : कपिल जी महाराज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



जहांगीराबाद (सीतापुर)। सच्ची निष्ठा और दानवीरता से भगवान की कृपा प्राप्त होती है और मृत व्यक्ति को मोक्ष का मार्ग मिलता है। साथ ही भगवान अपने भक्तों के वचन की लाज रखते हैं और उनकी रक्षा करते हैं। यह बातें सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित कपिल जी महाराज ने जहांगीराबाद के निकट फरदापुर गांव में श्रीमद्भागवत कथावाचन के दौरान कहीं। उन्होंने राजा बलि का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा में राजा बलि का प्रसंग बहुत महत्वपूर्ण है जिसमें उनकी दानवीरता और भगवान विष्णु के वहां अवतार की कथा का वर्णन है।

उन्होंने बताया बलि एक महान दानवीर थे। जिन्होंने अपने गुरु शंकराचार्य की सलाह पर विश्वजीत यज्ञ किया और अपना सब कुछ दान कर दिया। भगवान विष्णु ने वामन अवतार लेकर राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी ।राजा बलि ने वामन जी को तीन पग भूमि देने का वचन दिया। लेकिन जब वामन जी ने विराट रूप धारण कर दो पग में ही सारी पृथ्वी और स्वर्ग को नाप लिया तो राजा बलि ने अपना वचन पूरा करने के लिये अपना सिर बामन जी के चरणों में रख दिया।

राजा बलि ने अपना वचन पूरा करने के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया, जिससे भगवान विष्णु ने प्रसन्न होकर उन्हें पाताल लोक का राजा बना दिया। भगवान विष्णु ने राजा बलि को वरदान दिया कि वह अगले मन्वंतर में इंद्र बनेगा और उसकी निष्ठा और दानवीरता के कारण उसे मोक्ष प्राप्त होगा। राजा बलि को भगवान विष्णु ने कलियुग के अंत तक जीवित रहने और धर्म कार्य करने का वरदान दिया। इस मौके पर दर्जनों श्रद्धालु श्रोता भक्त उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने किया भंडारे का शुभारंभ



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । सीतापुर कलेक्ट्रेट परिसर में आज बड़े मंगल के पावन अवसर पर विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। इस पुण्य अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने विधिवत पूजन-अर्चन कर भंडारे का शुभारंभ किया। उन्होंने भगवान महावीर हनुमान जी से जनपदवासियों के सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना किया।

पूजन के उपरांत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने श्रद्धालुओं के बीच स्वयं प्रसाद वितरण किया, जिससे वहां उपस्थित जनमानस में हर्ष और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। उन्होंने कहा कि बड़े मंगल जैसे आयोजनों से समाज में भाईचारा, सौहार्द और सेवा की भावना का प्रसार होता है। यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग की मिसाल भी प्रस्तुत करती है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) खालिद अंजुम, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नंद तिवारी सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण एवं भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने भंडारे में प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया तथा आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और सफल बनाने में कलेक्ट्रेट प्रशासन एवं संबंधित विभागों की भूमिका सराहनीय रही।

## हे दुख भंजन मारुति नंदन, सुन लो मेरी पुकार ,,,



नैमिषारण्य, सीतापुर। ज्येष्ठ मास के दूसरे मंगलवार को दक्षिण मुखी हनुमान जी महराज का भव्य श्रृंगार, पूजन आरती कर भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया । हनुमान गढ़ी महंत बजरंग दास व 1008पवन दास ने द्वारा विशाल आरती पूजन कर भव्य भंडारे एवं शरबत वितरित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में साधु संत विधवा, ब्राम्हण जनों को भोजन कराकर दान दक्षिणा दिया गया । ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले मंगलवार को बुढ़वा मंगलवार कहा जाता है हनुमान जी महराज की मंगलवार को विधिवत पूजन अर्चना करने से सभी मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है इसके अलावा रोग व बाधाओं से मुक्ति मिलती है। रोहित शास्त्री ने किया शरबत वितरित , ज्येष्ठ मास के दूसरे मंगलवार को शर्बत का वितरित कर पुण्य कमाया इस अवसर पर , डॉ कमलेश कुमार, धनंजय उपाध्याय, संजीत शुक्ला, राजन रस्तोगी, वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोगों उपस्थित रहे।

# राज्य सम्मेलन शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बिसवां, सीतापुर। उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकरण की जिला इकाई के बैनर तले राज्य सम्मेलन शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह कस्बे के स्वर्गीय हरगोविंद वर्मा केन यूनियन हाल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सुरेश राही कारागार राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने भारी संख्या में मौजूद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता एक बहुत बड़ा गौरव का विषय है। बहुत बड़ा सौभाग्य है। पत्रकार देश दुनिया, मुहल्ले व गांव की खबरों में सच्चाई उजागर करते हैं। अपने परिवार से दूर रहकर कड़े परिश्रम का नाम पत्रकार हैं। बच्चों की फीस जमा हुई कि नहीं इसकी चिंता नहीं होती हैं। परन्तु सच्चाई उजागर करने की पीड़ा जरूर रहती है। पत्रकारिता चौथा स्तंभ है, आपकी एक-एक खबर समाज को जाग्रत करती है। अखबार में जो हम सुबह पढ़ते हैं, एक-एक शब्द वह हमारे भीतर आता है और दिन भर चलता है। हम उसी को लेकर आगे की योजनाएं बनाते हैं।

मंत्री सुरेश राही ने आगे कहा कि सरकार हमेशा आपके साथ रही है। और हमेशा साथ रहेगी। कारागार मंत्री ने सफल आयोजन के लिए आयोजक सिराज अहमद को बधाई पेश की। अतिविशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता ने समाज के विभिन्न मुद्दों को उजागर करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आपकी भूमिका न केवल समाचार प्रसारित करने तक सीमित है, बल्कि आप समाज के लिए एक चौकीदार की भूमिका भी निभाते हैं। अध्यक्षता कर रहे यूनियन के राष्ट्रीय महामंत्री बलविंदर सिंह जम्मू, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एस0एन0 सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजेश त्रिवेदी, प्रदेश महामंत्री रमेश शंकर पाण्डेय आदि ने विशाल कार्यक्रम को संबोधित किया।

# ओवरब्रिज के नीचे जलभराव से यात्री परेशान,निकासी की नहीं कोई व्यवस्था

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। नेशनल हाईवे संख्या 30 पर स्थित ओवरब्रिज के नीचे हर बारिश में जलभराव की समस्या खड़ी हो जाती है। थोड़ी सी बारिश होते ही पुल के नीचे इतना पानी भर जाता है कि राहगीरों और वाहन चालकों को निकलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज के दोनों किनारों की सड़कें ऊंची हैं जबकि बीच का हिस्सा नीचा होने के कारण पानी जमा हो जाता है। न तो कोई ड्रेनज सिस्टम है और न ही समय रहते पानी निकालने की व्यवस्था की जाती है।नेशनल हाईवे अथॉरिटी की लापरवाही के चलते इस हिस्से में हर बारिश के बाद ट्रैफिक जाम, वाहन फंसने और पैदल यात्रियों के गिरने जैसी घटनाएं होती हैं। यह न सिर्फ जनता की परेशानी का कारण है, बल्कि यह एक गंभीर सुरक्षा जोखिम भी बन चुका है। स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने मांग की है कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया इस समस्या का संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से,पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करें,पुल के नीचे जलभराव रोकने हेतु ड्रेनेज सिस्टम बनवाया जाए,और भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचने के लिए स्थायी इंजीनियरिंग समाधान लागू किया जाए।जनता का कहना है कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो मानसून में स्थिति और गंभीर हो सकती है। प्रशासन से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील की गई है।

# जिलाधिकारी ने चलहरी से रामपुर मथुरा तक जाने वाले बंधा मार्ग का किया निरीक्षण

### सम्पूर्ण मार्ग का डामरीकरण कराया जाए और इसे प्रस्ताव में सम्मिलित किया जाए ताकि आवागमन हो सके सुगम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज चलहरी से रामपुर मथुरा तक जाने वाले बंधा मार्ग का निरीक्षण किया। यह मार्ग कुल 51 किलोमीटर लंबा है, जिसमें से 30 किलोमीटर क्षेत्र सीतापुर जनपद में स्थित है। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां द्वारा जानकारी दी गई कि मार्ग का कुछ हिस्सा डामर एवं शेष खड़ंजा स्वरूप में है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सम्पूर्ण मार्ग का डामरीकरण कराया जाए और इसे प्रस्ताव में सम्मिलित किया जाए ताकि आवागमन सुगम हो सके। उन्होंने बंधे की स्थिति की भी जानकारी लेते हुए स्थानीय प्रशासन को निर्देशित किया कि बंधे की समग्र जांच सुनिश्चित की जाए तथा कहीं भी अवरोध न हो। साथ ही बाढ़ की स्थिति में आसपास के गांवों के लोगों को किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए पूर्व तैयारी व व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों द्वारा महमूदाबाद से थानगांव मार्ग पर स्थित 800 मीटर कच्चे मार्ग, जो मातादीन पुरवा तक जाता है, को पक्का किए जाने की मांग पर जिलाधिकारी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देशित किया कि निर्मलपुरवा, गोलोकपुरवा एवं पासिनपुरवा में स्थित नालों की मरम्मत एवं सुदृढ़ प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए, जिससे बाढ़ की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं जनहित में निष्पादित हों।

# विवाहिता ने बताया ससुरालियों से जान को खतरा, पुलिस को दी शिकायत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। जिले के थाना मछरेहटा क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव की रहने वाली विवाहिता ने ससुरालियों से अपनी जान का खतरा बताते हुए विधिक आवश्यक कार्यवाही है लिखित प्रार्थना पत्र दिया है।

जानकारी के अनुसार जिले के थाना मछरेहटा क्षेत्र के गांव नरायण नगर हेमपुरवा निवासी विवाहिता पीड़ित गायत्री पांडेय पत्नी अंकित पांडेय ने थाना प्रभारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि उसकी शादी दस वर्ष पहले हुई थी पीड़िता का एक पुत्र भी है जिसे जबरन पीड़िता के पति अंकित पांडेय अपने पास रखे हुए हैं पीड़िता लखनऊ में रह रही है और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से सम्बन्धित एच डब्ल्यू सी पद पर सेनपुर मछरेहटा में कार्य कर रही है।

दिए गए प्रार्थना पत्र व बताने के अनुसार विपक्षी अंकित पांडेय पुत्र तेजपाल पांडेय, तेजपाल पांडेय पुत्र विशंभर दयाल,उदयपाल पांडेय पुत्र विशंभरदयाल रोहित पांडेय पुत्र तेज पाल पांडेय आए दिन किसी न किसी बहाने पीड़ित को शारीरिक नुकसान पहुंचाने की फिराक में रहते हैं।

घटना दिनांक उन्निस मई 2025 की है जब वह अपने कार्यालय में कार्य कर रही थी इसी बीच उपरोक्त विपक्षी लोग चार पहिया गाड़ी से आए गाड़ी में पांच लोग सवार थे जिसमें उदय पाल पांडेय जो कि प्रमोटेड दरोगा हैं और अपने अन्य साथियों के साथ उनके ऑफिस में आ गए और प्रमोटेड दरोगा पीड़िता को बाल पड़कर गाड़ी में खींचने लगे तथा पूर्व विवाद के साथ मारने पीटने लगे तभी वहां पर कुछ लोग बीच बचाव करने के लिए आ गए उन लोगों को देखकर आरोपी प्रमोटेड दरोगा सहित अन्य लोग पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए जाने लगे।इसी बीच तभी पीड़िता ने आपातकालीन 112 नंबर डायल कर पुलिस को बुला लिया जब 112 नंबर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची तो दरोगा उदय पाल पांडेय झूठा बयान देते हुए यह कहने लगे कि हम लोग यहां दवाई लेने आए हैं। पीड़िता ने थाना प्रभारी को शिकायत पत्र देकर कहा है कि पीड़िता के ससुराल वाले उसे जान से मरवा डालना चाहते हैं और कई बार उसकेसाथ ऐसी घटनाएं घटित कर चुके हैं जिससे उसके जान माल का नुकसान होने का अंदेशा है। इस सम्बन्ध में पीड़िता गायत्री पाण्डेय ने पुलिस को शिकायत देकर आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# अज्जेपुर झील सौंदर्यीकरण परियोजना का जिलाधिकारी व विधायक ने किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं विधायक सेवता ज्ञान तिवारी ने आज अज्जेपुर झील के सौंदर्यीकरण हेतु चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना की बिंदुवार जानकारी उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यू0पी0पी0सी0एल0) की कार्यदायी संस्था एवं संबंधित अभियंताओं से प्राप्त की और निर्देश दिए कि समस्त कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं।

जिलाधिकारी ने झील के मध्य प्रस्तावित पक्षी आइलैंड निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि प्रवासी पक्षियों के आगमन से पूर्व उनके निवास हेतु अनुकूल वातावरण उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वन विभाग द्वारा प्रस्तावित वन्यजीव संरक्षण योजनाओं की समीक्षा की तथा निर्देशित किया कि झील के सौंदर्यीकरण में पर्यावरणीय संतुलन को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी, सामाजिक वानिकी को निर्देशित किया कि झील की तटीय सीमा पर हरित पट्टी के तहत योजनाबद्ध ढंग से वृक्षारोपण कराया जाए।

अज्जेपुर झील से सटे ग्रामों एवं आबादी की जानकारी लेकर जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि झील का विकास स्थानीय समुदाय को लाभ पहुंचाने वाला होना चाहिए। पर्यटन विभाग द्वारा संचालित पर्यटन-आधारित हट्स, झोपड़ियां एवं अन्य सुविधाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की उच्च गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा में पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग को कड़े निर्देश दिए गए कि क्षेत्र की सभी जर्जर एवं गड्ढायुक्त सड़कों का निर्माण बरसात प्रारंभ होने से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए, जिससे आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## अभद्र भाषा में रील बनाना महिला को पड़ा भारी, जन आक्रोश चलते पुलिस ने भेजा जेल

**लखीमपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर वीडियो बनाने की शौकीन ग्राम अहमदनगर की एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। महिला द्वारा सरकारी गल्ले की दुकान पर बैठकर राशन वितरण के दौरान कार्ड धारकों के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए एक वीडियो बनाया गया था, जिसे इंस्टाग्राम व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया गया। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि महिला लंबे समय से सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा में रील बनाकर उन्हें अपलोड कर रही थी। ताजा वायरल वीडियो में महिला राशन काटते हुए कार्डधारकों को गाली देती नजर आई, जिससे गांव में आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत हैदराबाद थाना पुलिस से की, जिसके बाद महिला को गिरफ्तार कर शांति भंग की धाराओं में चालान किया गया। पुलिस की कार्रवाई के बाद महिला ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर माफी मांगी और भविष्य में ऐसा कोई वीडियो न बनाने की बात कही है। ज्ञात हो कि इसी प्रकार थाना गोला क्षेत्र अंतर्गत विकास चौराहे पर एक रेडीमेड कपड़े की दुकान चलाने वाले अरविंद कुमार को भी अश्लील रील बनाने के आरोप में पुलिस ने जेल भेजा था। हालांकि उस वीडियो में शामिल एक अन्य युवक की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है, जिसे लेकर क्षेत्रीय जनता में रोष व्याप्त है। लोगों की मांग है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर ऐसे वीडियो पर अंकुश लगाया जाए।

## पावर कट से ठप हुआ रेल यातायात हुआ बाधित

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को ओयल रेलवे स्टेशन पर पावर कट के कारण मैलानी–लखनऊ 55087 पैसेंजर ट्रेन करीब तीन घंटे तक खड़ी रही। इस दौरान ट्रेन में सवार यात्रियों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यह ट्रेन मैलानी, गोला और लखीमपुर जैसे क्षेत्रों से लखनऊ जाने वाले दैनिक यात्रियों के लिए एक प्रमुख साधन है। पावर सप्लाई बाधित होने के कारण ट्रेन को आगे बढ़ने में असमर्थता रही, जिससे यात्रियों में नाराजगी देखी गई। यात्रियों ने संबंधित विभागों और अधिकारियों की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि समय रहते व्यवस्था बहाल नहीं की गई, जिससे सभी को तीन घंटे तक स्टेशन पर ही इंतजार करना पड़ा। स्थानीय प्रशासन और रेलवे विभाग से इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान अभी तक सामने नहीं आया।

## व्यापार मंडल ने किया विरोध प्रदर्शन

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के तहसील पलिया के नगर व्यापार मंडल ने जीएसटी कार्यालय को लखीमपुर शिफ्ट करने का विरोध किया है। व्यापारियों ने जीएसटी कार्यालय पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया। स्थानीय जीएसटी अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी होने से इनकार किया। हालांकि, स्थानांतरण की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। नगर अध्यक्ष अनूप मिश्रा ने कहा कि जीएसटी कार्यालय को पलिया से 80 किलोमीटर दूर लखीमपुर ले जाया जा रहा है। नगर व्यापार मंडल इसे स्वीकार नहीं करेगा। भाजपा नेता रवि गुप्ता के अनुसार, पलिया क्षेत्र से 90 प्रतिशत जीएसटी राजस्व आता है। चंदन चौकी और खजुरिया से लखीमपुर की दूरी 120 किलोमीटर है। इससे व्यापारियों को परेशानी होगी।युवा नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि कार्यालय स्थानांतरण के विरोध में आंदोलन किया जाएगा। स्थानीय नेता आलोक मिश्रा ने भी उच्चाधिकारियों के इस फैसले का विरोध किया। बैठक में महामंत्री संदीप बंसल सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

## जर्जर हालत में बना है राजकीय बालिका महाविद्यालय का भवन

**लहरपुर सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पालिका परिषद लहरपुर के मुख्य द्वार पर एक बड़ा सा खूबसूरत सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है जिस पर एक स्लोगन लिखा है की बेटी पढ़ाओ लेकिन महज नगर पालिका मुख्यालय से 20 मीटर दूरी पर पिछले 8 वर्षों से राजकीय बालिका महाविद्यालय का भवन सिर्फ सफ़ेद हाथी की तरह बना हुआ खड़ा है जिसमें अभी तक कोई शिक्षण कार्य नहीं शुरू हो सका है जिससे क्षेत्र की छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए या तो शहर से बाहर जाना पड़ रहा है या फिर बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है प्राइवेट स्कूलों की बढ़ती हुई फीस की दर के कारण मध्यमवर्गीय तथा निर्धन व्यक्ति अपनी बच्चियों को उच्च शिक्षा नहीं दिला पा रहा है ऐसे में हमारे प्रदेश की सरकार की मनसा और बेटी पढ़ाओ के सपनों को पंख नहीं लग पा रहे हैं इसके अलावा नगर पालिका लहरपुर द्वारा निर्मित बालिका इंटर कॉलेज भी विगत 10 वर्षों से भवन निर्माण के बाद बंद पड़ा है विद्यालय को शिक्षण कार्य के लिए शुरू करने के संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री माननीय बृजेश पाठक जी से मिलकर उनको एक प्रार्थना पत्र देकर विद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू करने की मांग की है जिससे क्षेत्र की बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए समस्याओं का सामना न करना पड़े और उत्तर प्रदेश की यशस्वी सरकार का सपना बेटी पढ़ाओ को पूरा किया जा सके।

# शारदे ज्ञान मंदिर का हुआ 25वां सतरा समापन समारोह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



खीरी। गोला खीरी शारदे ज्ञान मंदिर राजेंद्र नगर का 25 वां सत्र समापन समारोह एवं मेधावी छात्र अलंकरण समारोह शैलेंद्र सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोला विजय शुक्ला रिंकू रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवकुमार वर्मा ,सत्रोहन मिश्र, रविंद्र कटियार, अनुज खरे श्याम किशोर अवस्थी, अरविंद श्रीवास्तव, अंकित वर्मा, संजीव दीक्षित, महेंद्र वर्मा, कुमारी शिवानी ,रामकुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

इस अवसर पर लगभग 210 छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि गणों के कर कमरों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही साथ पूरे वर्ष भर मेहनत और लगन से बच्चों को शिक्षा देने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया सम्मान पाने वाले शिक्षकों में राजकुमार कश्यप प्रधानाचार्य गोपाल सक्सेना सुशील शर्मा करुणेश त्रिवेदी अखिलेश तथा शिक्षिकाओं में श्रीमती सोनम शुक्ला श्रीमती निधि मिश्रा श्रीमती लक्ष्मी शर्मा श्रीमती मीना तिवारी पारुल वर्मा पारुल वर्मा सेकंड सौम्या वर्मा तथा जूली गुप्ता रही। कक्षा में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं में सोनाक्षी शर्मा कक्षा नर्सरी, अनन्या राठौड़ के जी, वरुण सिंह प्रथम ,तनु राज द्वितीय, अपर्णा राठौर तृतीया, वैष्णवी शर्मा चतुर्थ, पंखुड़ी गुप्ता एवं अहेय जायसवाल पंचम आराध्या मिश्रा शस्ट्, आदर्श राठौर सप्तम ,फिजा बानो एवं मानवी मिश्रा अष्टम रही जिनको पुरस्कृत किया गया इसके अलावा अपनी अपनी कक्षा में द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया जिन बच्चों में कोई स्थान नहीं बन पाया उनको सांत्वना पुरस्कार के रूप में सम्मानित किया। गया।

# जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना सर्वेक्षण कार्य का किया औचक निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पलिया कलां (खीरी)। जिला गन्ना अधिकारी वेदप्रकाश सिंह ने पलिया चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम मकनपुर में प्रगतिशील कृषक अरविंद चौधरी के सी ओ 15023 शरद पौधा का .492 हेक्टेयर गन्ना सर्वेक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया। जो सही पाया गया।

इस मौके पर उनके साथ जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश पांडेय, सचिव देवेंद्र कुमार यादव, सहायक महाप्रबन्धक (गन्ना ) जितेन्द्र सिंह राणा की उपस्थिति में किया । जिसमें पेड़ी , पौधा एवं प्रजातिवार रकवा सही पाया गया । उपस्थित किसानों से वार्ताकर सर्वे एस.एम.एस. एवं किये जा रहे सर्वे कार्य के बारे में पूछताछ की , और पाया कि चीनी मिल द्वारा कृषकों के सूचनार्थ एस.एम.एस. सर्वे पूर्व भेजे जा रहे हैं तथा चीनी मिल एवं सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड के सर्वेकर्ता संयुक्त रूप से सर्वे का कार्य ठीक प्रकार से कर रहे हैं , हम सभी कृषक सन्तुष्ट हैं । सहायक महाप्रबन्धक गन्ना ने कृषकों को बताया कि तापमान अधिक है , इसलिये समय - समय पर सिंचाई एवं गुड़ाई का विशेष ध्यान रखें , ताकि नमी संचित रहे । गन्ना फसल की अच्छी पैदावार लेने हेतु कीट एवं रोग आदि का समय से समुचित उपचार करें । चीनी मिल / समिति द्वारा दी जा रही फफूंदनाशक एवं कीटनाशक दवाईयां , अपने क्षेत्र के अधिकारी से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं । जो किसान समिति के सदस्य नहीं हैं वह 30 सितम्बर 2024 से पूर्व सदस्य बन जायें ।

## अहिल्या बाई होल्कर की जयंती के अवसर पर आयोजित किये गए विभिन्न कार्यक्रम

# बेटियां बोझ नहीं देश का गौरव है: महेन्द्र पाल सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता





गोरखपुर। स्थानीय पटेल स्मारक इंटर कालेज के प्रांगण में मंगलवार को अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिपराइच विधायक महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि बेटियां अब बोझ नहीं हैं बल्कि देश की गौरव हैं। बेटियों की शिक्षा की जिम्मेदारी सरकार ने ले ली है।कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि अहिल्या बाई होल्कर एक साधारण से किसान परिवार में पैदा हुई थी। उन्होंने सदैव अपने राज्य एवं वहां के लोगों के हित के लिए कार्य किया है। उनके कार्य प्रणाली बहुत ही सुगम एवं सरल था।

करीब 30 साल के शासनकाल के दौरान मराठा प्रांत की राजमाता अहिल्याबाई होलकर ने एक छोटे से गांव इंदौर को एक समृद्ध एवं विकसित शहर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य अजय पाण्डेय ने कहा कि अहिल्या बाई होलकर शिक्षा के साथ ही सड़कों की दशा सुधारने, गरीबों और भूखों के लिए खाने की व्यवस्था पर जोर दिया था। अहिल्या बाई की बदौलत ही इंदौर की पहचान भारत के समृद्ध एवं विकसित शहरों के रूप में होती है। राघवेंद्र प्रताप सिंह ने भी कार्यक्रम सम्बोधित किया।कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों में निबंध प्रतियोगिता कीआकृति शर्मा प्रथम ,हर्षिता प्रजापति द्वितीय स्थान ,आकांक्षा निषाद तृतीय स्थान एवं खुशबू यादव को सांत्वना पुरस्कार दिया गया ।भाषण प्रतियोगिता की आकृति शर्मा प्रथम स्थान कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यासमीन खातून रंगोली प्रतियोगिता में राधिका समूह प्रथम ज्योति समूह को द्वितीय सकीना समूह को तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार अनुष्का समूह को दिया गया ।कार्यक्रम में जिला मंत्री नरेन्द्र सिंह , नि . मण्डल अध्यक्ष जीतन सिंह , आशिष गुप्ता सहित विद्यालय के अध्यापकगण उपस्थित रहे।

### हवाई हमले से बचाव, विषयक विशेष नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम

उक्त विद्यालय प्रांगण मे नागरिक सुरक्षा कोर के तत्वाधान में हवाई हमलो आदि आपदाओं से बचने के लिए प्रशिक्षित किया गया ।प्रशिक्षण के प्रमुख विषयों में शामिल रहे:नागरिक सुरक्षा का परिचयचेतावनी प्रणालीब्लैकआउट की प्रक्रियाशेल्टर निर्माण एवं सुरक्षा उपायअग्नि सुरक्षा के सिद्धांतआपातकालीन बचाव कार्यमुख्य प्रशिक्षक श्री वेद प्रकाश, वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक, नागरिक सुरक्षा, गोरखपुर ने प्रशिक्षण सत्र को रोचक और अत्यंत ही प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।डिमांस्ट्रेटर में सेक्टर वार्डे न श्री पारस नाथ मौर्य (क्वा-7), केशव मेहरोत्रा (क्वा-2) एवं अन्य आमंत्रित सेक्टर वार्डे न राजेश मिश्रा, जितेंद्र कुमार सिंह,अमित मंगलम, कैलाश सिंह, सत्य प्रकाश गोड आदि को डिवीजनल वार्डे नगण द्वारा व्यावहारिक प्रदर्शन हेतु प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम का संयोजन/संचालन विद्यालय के नोडल अधिकारी राष्ट्रपति पदक से सम्मानित राजेश चंद्र चौधरी, प्रवक्ता (हिंदी) एवं डिवीजनल वार्डे न, गोरखनाथ प्रखंड द्वारा किया गया।वार्डे न की बैकअप टीम भी सक्रिय रूप से उपस्थित रही, जिन्होंने आपसी समन्वय और आपातकालीन सहयोग व्यवस्था को मजबूती प्रदान की।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अजय कुमार पाण्डेय ने समापन उद्‌बोधन में नागरिक सुरक्षा के प्रशिक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए इसके निरंतर आयोजन पर बल दिया।इस अवसर पर सैकड़ों छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक, बैकअप टीम के सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा प्रशिक्षकों, डिमांस्ट्रेटरों एवं समर्पित वार्डे नगण को सम्मानित किया गया।

## साईबर ठगों ने युवक के खाते से पार किये एक लाख बीस हजार

लालगंज,रायबरेली। साईबर ठगो ने युवक के खाते से एक लाख बीस हजार रूपये पार कर दिये। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। पुलिस ने मामले को साईबर क्राईम के पास भेजते हुए जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के पिलखा गांव निवासी सचिन कुमार पुत्र रामकरन ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि उसका खाता कस्बे के एचडीएफसी बैंक में है। सचिन ने बताया कि बैंक कर्मचारी ने फोन कर उसे क्रेडिट कार्ड से निकाले गये पैसे जमा करने के लिये कहा। जिसके बाद वह बैंक पहुंचा तो उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है जिसे जांच के लिये साईबर शाखा को भेजा गया है।

## शादी का झांसा देकर 6 वर्षो तक किया दुष्कर्म

लालगंज,रायबरेली। शादी का झांसा देकर 6 वर्शो तक दुश्कर्म किये जाने का आरोप लगाते हुए युवती ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पीड़िता ने आरोपी व उसके परिजनो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के बेंहटा कलां गांव निवासिनी 23 वर्शीय युवती ने बताया कि उसका खीरो थाना क्षेत्र के झमकोईयापुर गांव निवासी युवक आशीश उर्फ अंशू से पिछले 6 वर्श से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती का आरोप है कि शादी करने की बात कहकर वह लगातार उससे संबध बनाता रहा लेकिन अब शादी से इंकार कर रहा है। पीड़िता ने बताया कि पहले युवक के परिजन भी शादी के लिये तैयार थे लेकिन अब इंकार कर रहे है। कोतवाली प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांनकारी मिली है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## आधा दर्जन लोगों को घर में घुसकर असलहा, चाकू व लाठी डंडो से पिटाई

लालगंज,रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के झाबर हरदो पट्टी गांव निवासिनी संगीता पत्नी कमलेश ने पुरानी रंजिश को लेकर आधा दर्जन से अधिक लोगो पर असलहा, लाठी डंडो व चाकू से हमला किये जाने का आरोप लगाया है। पीडिता ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर किशन, भानू, व मल्हू शर्मा अपने चार अज्ञात साथियों के साथ उसके घर में असलहां, चाकू व लाठी डंडै लेकर घुस गये। संगीता ने बताया कि आरोपियों ने उसके पुत्र अतुल व आकाश की पिटाई कर दी। जिसमें उन्हे चोंटे भी आई है।

## सीएमओं के नोटिस के बाद भी पूर्व अधीक्षक पर आवास न खाली करने का आरोप

लालालगंज,रायबरेली। सरकारी अस्पताल लालगंज में तैनात रहे चिकित्सा अधीक्षक राजेश गौतम का ट्रांसफर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरेनी हुए कई माह बीत चुके हैं लेकिन उनका लालगंज अस्पताल से मोह छूट नहीं रहा है। पूर्व अधीक्षक लालगंज का सरकारी आवास खाली नहीं कर रहे हैं। लालगंज से ही सरेनी सरकारी अस्पताल रोज ड्यूटी करने जाते हैं जिसका खामियाजा लालगंज सरकारी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमल पटेल को भुगतना पड़ रहा है। डॉक्टर अमल पटेल का ट्रांसफर सरेनी से लालगंज हुआ है। डॉ अमल पटेल ने अपना सरेनी का सरकारी आवास ट्रांसफर होते ही खाली कर दिया था। डॉ अमल पटेल मकान की खोज में दर-दर भटक रहे हैं।वही डॉ राजेश गौतम ने सरेनी ज्वाइन तो कर लिया है लेकिन लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सरकारी आवास खाली नहीं कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली के द्वारा कई बार लिखित में डॉ राजेश गौतम को नोटिस दी जा चुकी है लेकिन डॉक्टर राजेश गौतम सीएमओ के भी आदेश को मानने को तैयार नहीं है। डाक्टर अमल पटेल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में निवास न करने के चलते यहां की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सा विभाग के नियमों के अनुसार डॉक्टर को 24 घंटे उपलब्ध रहना पड़ता है।जबकि योगी सरकार के भी सख्त आदेश है कि जहां पर अधिकारी की नियुक्ति हो वहीं पर निवास भी करना चाहिए। लेकिन डॉक्टर राजेश गौतम अपने को योगी सरकार और सीएमओ के ऊपर मानते हैं तभी तो उन्हें ना तो सरकार के आदेशों की परवाह है और ना ही सीएमओ के आदेश की। लालगंज सरकारी अस्पताल में रहते हुए उन पर तमाम तरह के आरोप लगे थे जिसके कारण मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उनका स्थानांतरण सरेनी कर दिया था। लोगो ने दबी जबान से बताया कि पूर्व अधीक्षक लालगंज में पुनः तैनाती के लिये हाथपाव मार रहे है जिसके चलते वह सरकारी आवास नही खाली कर रहे।

# विदेश भेंजने के नाम पर जालसाज लाखों लेकर फरार,केस दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़, कुशीनगर । रूस व यूरोपीय देशों में मोटी तनख्वाह दिलाने का सब्जबाग दिखाकर विदेश भेंजने वाला जालसाज एजेंट बेरोजगार युवकों का लाखों रुपये लेकर फरार हो गया।पीड़ित युवकों की तहरीर पर तुर्कपट्टी पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

थाना क्षेत्र से इस बार ठगी करने की अनोखी घटना सामने आयी है।इस बार तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र निवासी एजेंट ने अपने क्षेत्र व जिले की बजाय तेलंगाना राज्य के 14 युवकों को अपना शिकार बनाया है।जालसाज ने एक प्रसिद्ध कम्पनी का कूटरचित्त तरीके से फर्जी जाबलेटर देकर तेलंगाना राज्य के युवकों से लाखों रुपये की ठगकर फरार हो गया।क्षेत्र में इस घटना का खुलासा तब हुआ जब पीड़ितों ने तुर्कपट्टी पुलिस से शिकायत करते हुए प्रशासन से कठोर कार्रवाई की माँग की।तहरीर के अनुसार तेलंगाना राज्य के जिला निर्मल मुदुल थाना क्षेत्र के ग्राम कारेगाव मण्डल मुदुल निवासी राजू सिटेवार पुत्र भोजन्ना ने तुर्कपट्टी पुलिस को दिये गये तहरीर में बताया है कि मुन्ना सिंह पुत्र नगीना सिंह निवासी ग्राम लालागुरवलिया थाना तुर्कपट्टी से वर्ष 2020 में दुबई के अबूधाबी में मुलाकात हुई थी।मुलाकात के बाद सम्बन्ध प्रगाढ़ होने पर मुन्ना सिंह ने यूरोपीय देशों व रूस में नौकरी दिलाने के नाम पर बीते 15 नवम्बर 2024 से लेकर एक मई 2025 तक मुझसे व तेलंगाना राज्य के अन्य युवकों याला सतीश पुत्र राजा मल्ल,सेनी गारू पोसन्नि पुत्र गंगाधर,दण्डेवेनी अशोक पुत्र बोमईया,विष्णु वर्धन पुत्र बोएणी अशोक पुत्र मुतन्ना,संगम रोहित पुत्र गंगाधर,निक्का साई किरन पुत्र रामेश, युम्बरी बोमेश पुत्र गंगाधर से,बोसी श्रीकान्त पुत्र मादना,लिंगम पेल्ली अरविन्द पुत्र एरन्ना प्रत्येक से पचास हजार के अलावा चौके शिवराज पुत्र भूमेश से पैंसठ,आकाश सेटिवार पुत्र गंगाधर से चालीस हजार, शेख बसौरा पुत्र अजात व मादा वेनी नागाभूषण पुत्र भूसना से तीस-तीस हजार सहित कुल 6 लाख 65 हजार रुपया फोन पे के माध्यम से माँग लिया।रुपये लेने के छः महीने बाद भी वह किसी को भी किसी भी देश में नहीं भेंजा।सभी ने जब ज्यादा दबाव बनाया तो छल-कपट करते हुए इट्टखइड्ढ क्व्रऋद्यइड्ढक्ट क्कृए कम्पनी का फर्जी जाबलेटर सबको दे दिया लेकिन जब जाबलेटर का सत्यापन कराया गया तो वह फर्जी निकला।इस धोखाधड़ी की जानकारी होते ही सबके होश उड़ गए उसके बाद जब एजेंट के पास फोन किया तो वह फोन बन्द कर फरार हो गया।पीड़ितों का आरोप है कि इस पूरी साजिश में मुन्ना के साथ रघुवीर सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पुत्र अमरजीत सिंह थाना कुबेस्थान अन्तर्गत ग्राम सरया निवासी के साथ उनके कुछ साथी भी शामिल हैं।जिनका नाम पता वह नहीं जानते है।अब पैसा वापस माँगने पर सबको मारने-पीटने की धमकी दिया जा रहाहै।पुलिस उक्त एजेंटो पर केस दर्ज कर जाँच में जुट गई है।विदित हो कि एक पखवारा पूर्व ही सरिसवाँ चौराहे से माँ अम्बे इंटरप्राइजेज का संचालक विदेश भेंज ने के नाम पर युवकों का लाखों रुपये लेकर फरार हो गया था।

# डीएम के प्रयास से सामु. स्वा. केन्द्र दीनशाह गौरा को मिले महत्वपूर्ण उपकरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के प्रयास से सीआरएस फंड के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दीनशाहगौरा रायबरेली में 25 के.वी.ए. का जनरेटर, सीबीसी मशीन, डिलीवरी टेबल सहित अन्य महत्वपूर्ण उपकरण उपलब्ध कराये गये है। जिसका उद्धाटन/अनावरण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दीनशाहगौरा, रायबरेली पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नवीन चन्द्रा द्वारा किया गया। मौके पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अरुण कुमार, जिला स्वा. शिक्षा अधिकारी डीएस अस्थाना, खण्ड विकास अधिकारी अशोक कुमार सचान सहित अन्य विकास खण्ड के अधिकारीगण मौजूद रहें। यह कार्यक्रम अधीक्षक सामु.स्था.केन्द्र डा. ज्ञान प्रताप सिसोदीया की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ ज्ञान प्रताप सिसोदिया व उपस्थित सभी सम्मानित नागरिकों द्वारा जिलाधिकारी द्वारा की गई मदद की सराहना की और धन्यवाद किया गया। इस पहल से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और मरीजों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

# हनुमान जी के पूजा आराधना करने के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। वैसे तो हनुमान जी महाराज की हर दिन पूजा अर्चना की जाती है, लेकिन मंगलवार को हनुमान जी की आराधना का विशेष महत्व है। यह महत्व तब और भी बढ़ जाता है जब जेष्ठ माह का दूसरे मंगलवार हो, ऐसे में ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगलवार यानी आज के दिन कस्बे के रायबरेली रोड पर स्थित हनुमानगढ़ी में हनुमान जी महराज की पूजा आराधना करने के लिए श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। यहां सुबह 5:00 से ही श्रद्धालु हनुमान जी महाराज के दर्शन और उनका पूजन करने के लिए मंदिर पहुंचे। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद छका और पूर्ण्य की प्राप्ति की। आपको बता दें कि, सनातन धर्म में ज्येष्ठ माह का विशेष महत्व होता है?। इस महीने में पड़ने वाले मंगलवार को बड़े मंगल के नाम से जाना जाता है, और दुसरे मंगल के दिन हनुमान मंदिरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु हनुमान जी महाराज का दर्शन पूजन करते हैं।

धार्मिक मान्यता के अनुसार इस महीने आने वाले पांचो मंगलवार के दिन हनुमान जी की विधि विधान से पूजा आराधना करने से जीवन में चल रहे तमाम तरह के कष्ट दूर होते हैं।

इस बारे में मंदिर कमेटी के व्यवस्थापक लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव ने बताया कि, प्रत्येक दिन हनुमान जी के लिए खास है, लेकिन ज्येष्ठ माह का दुसरे मंगल तपन का मंगल है, जिसमें तपन तपस्या सफलता देती है, और जब कोई तपस्या हो जाती है तो उसका फल अच्छा मिलता है। उन्होंने बताया कि, ज्येष्ठ माह के सभी पांचो मंगलवार पर श्री हनुमानगढ़ी मंदिर समिति के तत्वाधान में सुबह 8:30 बजे से लेकर 11:30 तक हवन पूजन एवं 11:30 बजे से 3:30 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन, तत्पश्चात शाम 6 बजे से सुंदरकांड का शाश्वत पाठ और भव्य श्रृंगार पूजा आरती तथा प्रसाद वितरण के कार्यक्रम संपन्न होंगे। इसी क्रम में आज ज्येष्ठ माह के दुसरे बड़े मंगलवार पर हवन पूजन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दिन में 11 बजे से प्रभु इच्छा तक हजारों भक्तों ने पहुंचकर हनुमान जी महाराज की स्तुति के पश्चात प्रसाद छका और पुण्य की प्राप्ति की। इस मौके पर कार्यक्रम के व्यवस्थापक लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव सूर्य प्रकाश वर्मा अंकुर जायसवाल घनश्याम चौरसिया सुधा अवस्थी गीता श्रीवास्तव निर्मला अग्रहरि हरी जायसवाल उज्जवल श्रीवास्तव सुनील कुमार शर्मा पूर्व प्रधान राजेंद्र मौर्य सोनू सबीता सोमित श्रीवास्तव श्यामलाल वैश्य प्रेमनाथ वैश्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के भटहट में निकाला गया भव्य तिरंगा यात्रा

### हमारी सेना हर चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम: महेन्द्र पाल सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में पिपराइच विधानसभा के भटहट में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत अम्बेडकर पार्क से हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी व पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में यात्रा तिरंगा बैरियर चौराहा होते हुए पटेल स्मारक इंटर कॉलेज पहुंची, जहाँ सरदार पटेल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ इसका समापन हुआ।विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि हमारी सेना हर चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में यह यात्रा निकाली गई। यह यात्रा न केवल देशभक्ति का संदेश लेकर चली, बल्कि जनता को भारतीय सेना के अद्वितीय पराक्रम और केंद्र सरकार की मजबूत नीति के प्रति जागरूक भी करती है। इसमें पूर्व सैनिक, अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और आम नागरिक शामिल हुए।रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर सेना के पराक्रम को सलाम किया।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राघवेन्द्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख पिपराइच जनार्दन जायसवाल, चेयरमैन संजय मद्धेशिया, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आनन्द शाही, ब्लॉक प्रमुख चरगावां वंदना सिंह, भाजपा नेता राधेश्याम सिंह, चंद्रभूषण मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष प्रदीप यादव, अनिल मद्धेशिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीतन सिंह, संजय सिंह , कपिल पति त्रिपाठी , अजय सिंह गुड्डू , धर्मेन्द्र मिश्रा आदित्य चौहान समेत सुधीर सिंह , रणजीत सिंह अजय निषाद योगेन्द्र पासवान सहित भारी संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

# पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्य चिकित्सा अधिकारी से भेंट कर समस्याओं से कराया अवगत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधि मंडल श्री रमेश मिश्रा कार्यकारी अध्यक्ष जोनल सेक्रेटरी एनएफआईआर विनोद राय महामंत्री पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ सहायक महामंत्री एनएफआईआर के नेतृत्व में आज बोर्ड के आदेशों को पालन जोनल रेलवे पर करने के लिए विभागा अध्यक्ष से मुलाकात करके अवगत कराया गया मुख्य चिकित्सा निदेशक से मुलाकात कर मरीज को रेफर होने वाली दिक्कतों से अवगत कराया गया पूर्वोत्तर रेलवे पर अक्सर देखा गया है कि जहां भी पेशेंट जाना चाह रहा है वहां बोर्ड के आदेश के बाद भी इलाज करने में दिक्कत आ रही है अस्पताल प्रशासन रेफर नहीं कर रहा है यह पूरे इंडियन रेलवे में केवल पूर्वोत्तर रेलवे पर ऐसा हो रहा है आज मुलाकात करके कई मरीजों को रेफर करने के लिए बोला गया बोर्ड का आदेश तो हो गया है कि कहीं भी कोई भी पेशेंट जहां पर टाइअप है वहां कर सकते हैं इलाज लेकिन पूर्वोत्तर रेलवे पर लापरवाही बर ती जा रही है अगर इसका निदान नहीं हुआ तो रेलवे बोर्ड में उठाया जाएगा बोर्ड का गाइडलाइन है कि यूनिक कार्ड बनवाना है उसका नाम रहेगा ई उम्मीद कार्ड डिजिलॉकर उसे जहां भी टाइप है आप जाकर करके दिखा सकते हैं पूरे भारतवर्ष में संगठन के पदाधिकारी ने इसको लागू करने के लिए प्रशासन से वार्ता किया दूसरी तरफ प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर से मुलाकात कर एयर कंडीशन कोच के मैकेनिक रेलवे कर्मचारी का रेल मदद पर प्रताड़ित करने का संज्ञान में प्रशासन को दिया गया मुख्यालय में एक अधिकारी रोजाना अपने गैलरी में बुलाकर करके घंटे कर्मचारियों को खड़ा करते हैं और प्रताड़ित करते हैं यह बात सभी प्रशासन के लोगों को भी मालूम है पावर कार और एयर कंडीशन कोच के बीच में जनरल कोच लगाए जाने के कारण समय से कंप्लेंट अटेंड नहीं हो पा रहा है यह बात रेलवे बोर्ड में उठाई गई थी बहुत पुराने आदेश को हवाला देते हुए जोनल रेलवे पर ऐसा किया जा रहा है बोर्ड में वार्ता करने पर सभी लोगों ने सहमत हुआ कि यह दिक्कत भरा कार्य है इसको देखा जाएगा कर्मचारियों को स्टार्टिंग स्टेशन से लेकर के अंतिम स्टेशन तक कोई बैठने की जगह नहीं है और वापसी आने तक के लिए भी कोई जगह नहीं बैठने के लिए यह कर्मचारी आए दिन प्रताड़ित हो रहे हैं प्राइवेट कर्मचारी गलती कर रहे हैं और रेल कर्मचारियों को दंड दिया जा रहा है रास्ते में जीआरपी द्वारा भी परेशान किया जा रहा है आए दिन दिक्कतें हो रही है प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर ने सारी बातों को सुनकर के उन्होंने कहा कि हम इस पर वार्ता करेंगे अभी तत्काल में गार्ड के कार्य को सहायक लोको पायलट से कार्य करने की परिचालन प्रपत्र जारी किया गया है जो गलत है जबकि गार्ड और लोको पायलट की तमाम जगह खाली पड़ी हुई है और पॉइंट्स मैन का प्रमोशन नहीं किया जा रहा है और ड्यूटी अधिक घंटे तक कराई जा रही है उनका ड्रेस वेंडर के कलर का है उसको चेंज करना जरूरी है इन सब बातों को प्रशासन से मिलकर के अवगत कराया गया।

# दस जून तक सभी पंपिंग स्टेशनों की कर दे मरम्मत: मेयर

### मेयर व नगर आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से किया गया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । नगर निगम के शिवपुर वार्ड के पादरी बाजार परिक्षेत्र के विभिन्न मोहल्ले में सोमवार प्रातः 9:00 बजे गोरखपुर नगर निगम की बरसात पूर्व तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण मेयर मंगलेश श्रीवास्तव व नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि दस जून तक सभी पंपिंग स्टेशनों की मरम्मत एवं तली झाड़ सफाई कार्य पूर्ण कर लिया जाए। ◦ जलभराव संभावित क्षेत्रों में समय रहते पंप की स्थापना की जाए। ◦ निर्माणाधीन नालों की मैपिंग सुनिश्चित की जाए एवं ◦ अधूरे नालों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। स्थलीय निरीक्षण के दौरान नगर निगम के वार्ड नं ८१७ शिवपुर के स्थानीय पार्षद रितेश सिंह उर्फ़ बबलू मौजूद रहे ।मेयर मंगलेश श्रीवास्तव ने स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त कहा कि नगर निगम गोरखपुर बरसात पूर्व नालों की सफाई को प्राथमिकता देते हुए शहर को जलभराव मुक्त बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। स्थानीय पार्षद रितेश सिंह उर्फ़ बबलू ने वार्ड कि अन्य सस्याओ के तरफ़ मेयर व नगर आयुक्त का ध्यान आकृष्ट किया ।

# भाजपा सरकार तेजी के साथ कर रही विकास कार्य : डॉ. धर्मेंद्र सिंह

## एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने पाली ब्लॉक में किया विकास कार्यों का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। क्षेत्र पंचायत पाली द्वारा राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत कराये गये विभिन्न कार्यों का लोकार्पण कार्यक्रम ब्लाक परिसर में ब्लाक प्रमुख शशि प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जहाँ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधान परिषद सदस्य भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र सिंह व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला के कर कमलों द्वारा विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

लोकार्पण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के निरंतर विकास कार्य हो रहा है। सबका साथ सबका बिकास के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति के उत्थान को लेकर संकल्पित हैं। उन्होंने कहा ये वो भारत नही है जो आतंवादियों के हमलों का जवाब न दे पाये, ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाला नया भारत है जो दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सक्षम है, कहा कि भाजपा सरकार का संकल्प है आतंकवादियों को चुन चुन कर मरेंगे उनके घरों में घुस कर मारेंगे। आतंकवादियों के समर्थन करने वाले देशों को भी करारा जवाब देने के लिए सक्षम है। उन्होंने कहा देश की सेना को खुली छूट दे दी गयी है यदि दुश्मन देश से गोली चले तो जवाब गोला दे देना है।छुट्टा पशुओं की समस्या की चर्चा करते हुए कहा देश मे ऐसी भी सरकारें रही हैं जो गौ वंश की गोली से हत्या करती रही, कत्लेआम होती रही,लेकिन जब भाजपा सरकार बनी तो गौवंश के कत्लेआम पर रोक लगी, गौमाता को पूजने का काम शुरू हुआ। उन्होंने महाराणा प्रताप के शौर्यगाथा की चर्चा करते हुए कहा हमे अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा 2017 से पूर्व प्रदेश में अराजकता का माहौल था, गुंडों माफियाओं के दबदबा था, हत्याएं आम थी, लेकिन 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी तो गुंडों माफियाओं कांप गये, कानून का राज स्थापित हुआ। अब प्रदेश में विकास की नयी नयी श्रृंखला बन रही है। प्रदेश के कोने कोने का विकास हुआ है।विशिष्ट अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि 2017 से पूर्व विकास में योगी आदित्यनाथ जी महाराज को मुख्यमंत्री बनते ही सहजनवा क्षेत्र के विकास का द्वार खुल गया। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग की दिशा में तेजी से विकास हुये, कल कारखाने खोले जा रहे हैं। आवास, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से क्षेत्र सुसज्जित हुआ है। विधानसभा का कोई भी क्षेत्र गाँव विकास से अछूता नही है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र तथा वीर बलिदानी परिवारों को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लाक प्रमुख शशि प्रताप सिंह व निवर्तमान जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह ने अथितियों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर स्वागत अभिनंदन किया।

कार्यक्रम संचालन राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया।क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विश्व जीतांशु सिंह आशु,राम जियावन मौर्य,डा आर डी सिंह,छोटेलाल मौर्य,सुरेन्द्र सिंह सोलंकी,राम पाल सिंह, अध्यक्ष उमेश दुबे,प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवाजी चंद्र, दिलीप यादव संजय सिंह विकास सिंह विश्वजीत सिंह संजय शुक्ला,गोपाल गुप्ता नागेंद्र सिंह हिमांशु सिंह, शिवचरण प्रसाद,रवि प्रताप सिंह,इंद्र कुमार निगम,नरेंद्र शुक्ला,विडियो बृजेश यादव,रविंद्र तिवारी,परमेश्वर राज,राम उजागर शुक्ला,अविनाश सिंह,मदन मुरारी गुप्ता,मोहन सिंह,गोरव गुप्ता,राम सिंह,कृष्ण मोहन कसौधन,रमेश मद्धेशिया समेत कार्यकर्ता एवं ब्लॉक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डा. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम का जनपद आगमन आज

बहराइच । प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन डा. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम् का जनपद बहराइच का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रमुख सचिव श्री सुन्दरम् जी प्रातः 11:30 बजे निरीक्षण भवन लो.नि.वि. बहराइच पहुंचकर अपरान्ह 12:10 बजे चिलवरिया गोण्डा रोड बहराइच विहान बालक आवासीय विद्यालय बहराइच का भ्रमण/निरीक्षण करेगें। इसके उपरान्त प्रमुख सचिव श्री सुन्दरम् अपरान्ह 01:05 बजे हुजूरपुर रोड बहराइच (विहान बालक आवासीय विद्यालय बहराइच का भ्रमण/निरीक्षण एवं बच्चों के साथ भोजन करेगें। प्रमुख सचिव श्री सुन्दरम् अपरान्ह 01:45 बजे नानपारा बाईपास रोड जिला सेवायोजन कार्यालय बहराइच का भ्रमण/निरीक्षण कर अपरान्ह 02:25 बजे गेंदघर बहराइच में सहायक श्रम आयुक्त बहराइच का भ्रमण/निरीक्षण कर अपरान्ह 02:45 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेगें।

## बस में यात्रा कर रहे यात्री की बिगड़ी तबियत, हुई मौत

जरवल, बहराइच। थाना क्षेत्र जरवल रोड के अंतर्गत घाघरा घाट के निकट बस सवार की तबियत बिगड़ने से हुई मौत, लखनऊ से नानपारा जा रही बस मे यात्रा कर राजकुमार चौरसिया (40) पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नानपारा की बीती देर रात संजय सेतु के निकट ढाबे पर मौत हो गई। ढाबा मालिक कि सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी संतोष सिंह ने मौके पर पहुंचकर 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की तलाशी के दौरान एक अखबार पर फोन नंबर लिखा मिला तथा जेब से लखनऊ के कैसरबाग से नानपारा तक का टिकट मिला। मृतक की बहन ने फोन पर पुलिस को बताया कि मृतक अपने भाई से जो नानपारा में ही पान की दुकान करते हैं, 2200 लेकर लखनऊ कमाने दो दिन पहले गए थे। फोन पर तबीयत खराब होने की बात कहकर वापस आ रहे थे। मृतक ढाबे पर स्थित शौचालय के निकट पड़ा था। शायद बाथरूम करने गया था,प्रथम दृश्य यही लगता है कि शायद हार्ट अटैक से मौत हो गई है। शरीर पर कहीं कोई चोट के निशान नहीं है।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 57 गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार




गोण्डा। पुलिस ने आधी रात को वारंटियों के खिला फ अभियान चलाकर धरपकड़ शुरू की।एक दिन में 57 वारंटियों को गिरफ्तार किया।पुलिस अधीक्ष क विनीत जायसवाल के निर्देश पर वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया।इसके लिए 17 थाने की पुलिस लगाई गई थी।थाने दारों ने अपने थाना क्षेत्रों में रात भर खोजबीन कर विभिन्न थानों से 57 वारंटियों को गिरफ्तार किया।इसमें कोतवाली नगर से 17,कोतवाली देहात से पांच थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा चार थाना खर गूपुर पुलिस द्वारा 21,थाना छपिया पुलिस द्वारा एक थाना कोतवाली कर्नलगंज पुलिस द्वारा सात थाना तरबगंज पुलिस एक व थाना परसपुर पुलिस द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

# पुलिस मुठभेड़ में ढेर हुआ एक लाख का इनामी बदमाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में पुलिस ने एक मुठभेड़ में एक लाख रुपए के इनामी बदमाश को मार गिराया।मारे गए बदमाश के खिलाफ हत्या,ड़कैती,लूट आदि के 53 मुकदमे दर्ज थे।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवा ल ने बताया कि उमरी बेगमगंज थाने की पुलिस को सोमवार रात एक लाख रुपये के इनामी वांछि त अपराधी सोनू पासी उर्फ भूरे के क्षेत्र में मौजूद होने की सूचना मिली थी।इस पर स्पेशल ऑपरेश न ग्रुप (एसओजी) तथा खोड़ारे थाने की पुलिस के साथ समन्वय कर उसकी घेराबंदी की गई।

एसपी के मुताबिक,थाना क्षेत्र के सोनौली मोहम्मदपुर बं धा के पास मोटर साइकिल से जा रहे सोनू पासी को पुलिस ने घेरा जिसके बाद उसने पुलिस पर गो लीबारी शुरू कर दी। पासी द्वारा चलाई गई एक गो ली थानाध्यक्ष के बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी और वह बाल-बाल बच गए,पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पासी घायल हो गया।उसे तुरंत स्थानीय मेडिक ल कॉलेज ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पासी के पास से बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल,32 बोर की एक पिस्टल, 315 बोर का एक तमंचा और कारतूस बरामद कि ए गए हैं।एसपी ने बताया कि गत माह उमरी बेगम गंज थाना क्षेत्र में चोरी की एक घटना के दौरान वि रोध करने पर बदमाशों ने उसक़ो गोली मार दी थी। इस मामले में सोनू पासी मुख्य अभियुक्त था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इस मामले के तीन अभियुक्त बृजेश उर्फ छोटू पासी,पल्लू पासी और नानमुन्ना लोध को मुठभेड़ के बाद पुलिस गि रफ्तार कर चुकी है।पुलिस अधीक्षक के अनुसार, सोनू पासी पर गोंडा,बस्ती और आसपास के अन्य जनपदों में हत्या,डकैती,लूट,चोरी,शस्त्र अधिनियम, स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनि यम तथा गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुल 53 मु कदमे दर्ज हैं।सोनू की गिरफ्तारी पर एडीजी गोरख पुर जोन द्वारा एक लाख रुपये का इनाम घोषित कि या गया था।

# निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ अभियान




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वा रा रानी रुद्रपुर मंदिर इटियाथोक में फीस रेगुलेशन बिल के लिए हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई इसमें रुद्रपुर मंदिर के महंत बलराम दास ने पूजा के पश्चात प्रथम हस्ताक्षर कर कार्यक्रम की विधवत शुरुआत की इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक रंजीत पांडेय ने बताया कि तीस अप्रैल को राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा लखनऊ में विधानसभा घेराव किया गया था जि समें ज्ञापन लेने के पश्चात बताया गया था कि दस दिनों के अंदर इस पर कार्रवाई होगी लेकिन कोई कार्रवाई न होने के कारण अब हम लोग जनता के बीच में हस्ताक्षर अभियान चला कर जागरुक कर रहे हैं कि प्राइवेट स्कूलों के द्वारा जिस प्रकार से फीस की मनमानी की जाती है लगातार फीस वृद्धि, एक ही दुकान से किताब खरीदना,आदि के नाम पर हर वर्ष शोषण किया जा रहा है इसी को लेकर आज हम लोग हस्ताक्षर अभियान चला रहे व अभिभावक मनजीत कुमार ने बताया कि हम अपने बच्चों का एडमिशन करवाना चाहते हैं तो स्कूल वाले कहते हैं इसी दुकान से किताब लीजिए बहुत महंगी हो गई है शिक्षा इसलिए मैं समर्थन में हस्ताक्षर करता हूं और मुख्यमंत्री योगी से उत्तर प्र देश में फीस रेगुलेशन बिल लाने की कृपा इस अव सर पर विराट मिश्रा,शुभम तिवारी,गोलू तिवारी, सू रज पांडेय,दिलीप मिश्रा,राजा मिश्रा,आनन्द दास सुनील पांडेय आदि मौजूद रहे।

## बेसिक शिक्षा के शिक्षकों ने टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित किया



गोरखपुर। आज बेसिक शिक्षा विभाग एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में 25 क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। विगत कई महीनों में विभिन्न ब्लॉक में उट्ठ श्री रमेन्द्र कुमार सिंह एवं रेडक्रॉस के सभापति श्री शिवेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में टीबी मुक्त भारत अभियान हेतु जनजागरण अभियान चलाकर जागरण हेतु हैंडबिल वितरित किया गया। उसी क्रम में आज मुख्य अतिथि रेडक्रॉस के संरक्षक सदस्य एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व प्रधानाचार्य श्री राम जन्म सिंह के मार्गनिर्देशन में बेसिक शिक्षा के शिक्षकों द्वारा 25 टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली वितरित किया गया।इस कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री रमेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि स्वस्थ समाज ही अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकता है, इस क्रम में शिक्षकों द्वारा टीबी रोगियों को पोषण पोटली का वितरण करना प्रशंसनीय कार्य है, टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए विभाग के कार्यक्रम नोडल ज्ञानेन्द्र ओझा द्वारा भविष्य में भी जनजागरण अभियान चलाया जायेगा।जिसे सभी शिक्षकों को अभिभावक एवं आम जनता तक पहुंचाना होगा।इस अवसर पर जिला टीबी नियंत्रण अधिकारी श्री गणेश यादव ने टीबी रोग एवं उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुवे टीबी मुक्त भारत अभियान में बेसिक शिक्षा विभाग एवं शिक्षकों के उल्लेखनीय प्रयास की सराहना करते हुवे टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरण करने वाले शिक्षकों की प्रशंसा किया। पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम के समन्वयक एवं रेडक्रॉस के रक्तदान प्रभारी ज्ञानेन्द्र ओझा ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार के मंशा के अनुरूप सभी शिक्षक टीबी रोग के बारे में अभिभावकों एवं आम जनता के बीच टीबी मुक्त भारत के लिए जनजागरण करते रहेंगे।

# बाल जागृति संस्थान द्वारा आयोजित 25 वें समर कैंप का उद्घाटन




गोरखपुर। बच्चों के अंदर असीमित कलाओं का भंडार है जरूरत है उनको तराशने की ।उचित माहौल में अगर उनको प्रशिक्षण दिया जाए तो उनके अंदर छिपी प्रतिभा का चौमुखी विकास होता है उपरोक्त बातें ऑर्किड ग्रीन महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती श्याम लता तिवारी, बालजागृति भवन पर आयोजित 25वां समर कैंप का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही बालजागृति पब्लिक स्कूल की निर्देशिका श्रीमती रुचिता रस्तोगी ने कहा कि बच्चों के उत्थान के लिए बालजागृति की नींव पड़ी थी और आज हम 25वे समर कैंप में बच्चों को कला,मेहंदी ,गिटार ,जूडो ,कराटे, नृत्य, संगीत का प्रशिक्षण 10 दिनों तक देंगे।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया तत्पश्चात बालजागृति पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत किया गया जिसमें पावनी ,अनुष्का, मयंक, रघुवीर ने भाग लिया। इस कार्यक्रम मैं बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य काफी दर्शकों को पसंद आया।कार्यक्रम का संचालन स्नेहा शर्मा एवं अशोक देव नीलू ने किया।अतिथियों का स्वागत संस्था अध्यक्ष अनूप किशोर अग्रवाल ने कहा कि 10 दिन तक अनवरत प्रातः 8:00 बजे से 10:00 बजे तक एवं साइ 4:00 बजे से 6:00 बजे तक बच्चों को प्रशिक्षण बालजागृति भवन पर दिया जाएगा इस अवसर पर संस्थापक राजीव रस्तोगी ,उपाध्यक्ष पदम अग्रवाल, संजय गर्ग, देव रस्तोगी, विपिन गुप्ता, प्रतिमा, प्रिया, समन, श्रेया ,संस्कृति, शिवांगी, साक्षी ,प्रियंका, दुर्गा और ज्योति उपस्थित रहे।

# ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त : सड़क बन गईं पार्किंग स्थल

## बड़गांव पुलिस चौकी के पास फुटपाथ से लेकर यातायात पुलिस बूथ तक कब्जा, यात्री परेशान



गोण्डा। जिले में यातायात व्यवस्था का अनुपालन न करना और जहां मर्जी उधर वाहन दौड़ाना सब पर भारी पड़ रहा है।शहर की सड़क और यातायात व्य वस्था को लेकर न तो जिला प्रशासन गंभीर है और न ही नगर पालिका परिषद को कोई फिक्र है।यही वजह है कि शहर हर रोज जाम से झाम से जूझ र हा है और हादसों की रफ्तार भी बढ़ रही है।शहर में लगातार बढ़ रहा अतिक्रमण यहां की सूरत बि गाड़ रहा है।आलम यह है कि शहर में फुटपाथ तो लगभग गायब हो चुका,लेकिन सड़कें भी अतिक्रम ण की जद में आ चुकी हैं।अस्थाई दुकानें सजने के साथ-साथ वाहनों की पार्किंग भी सड़क पर होने से हर हालत लगातार बिगड़ रहे हैं।यह स्थिति तो तब जब हर दिन पालिका ही नहीं जिले के प्रशासनिक अधिकारी इन रास्तों से गुजरते हैं।सब कुछ जानने के बाद भी जिम्मेदार खामोश हैं।शहर की खूबसूर ती की पहचान चौड़ी सड़कों और समुचित याताया त व्यवस्था से भी होती है।लेकिन गोण्डा नगर की बात करें तो यहां सड़कें तो चौड़ी हैं,लेकिन उन पर अतिक्रमण का कब्जा हो गया है।सड़क किनारे क हीं दुकान सजी नजर आती है तो सड़क पर वाहन खड़ा करने के लिए पार्किंग बना ली गई है।शहर की व्यस्त रहने वाली गोंडा बलरामपुर स्टेशन रोड, के अलावा गोंडा धानेपुर रोड,मिश्रौलिया ओवर ब्रि ज यशमय स्कूल तक अवैध कब्जे नजर आते हैं। यहां पर कई बार जाम लग जाता है,जिससे काफी दिक्कत होती है।जाम के झाम में फंसकर लोग घं टों परेशान रहते हैं।

### अतिक्रमण से सिकुड़ी शहर की सड़कें

शहर में अतिक्रमण से फुटपाथ तो छोड़िए, सड़कें भी संकरी हो गई हैं।मुख्य मार्गों पर फैले अतिक्रम ण से जिंदगी सिसकियां ले रही है।शहर का कोई भी ऐसा इलाका नहीं है,जहां सड़क अतिक्रमण से अछूती हो।इस अतिक्रमण पर न तो प्रशासन का कोई ध्यान है और न ही नगर पालिका को इसकी फिक्र है।कभी-कभार अभियान चलाकर अतिक्रम ण हटाया जाता है,मगर कुछ दिन बाद हालात जस के तस हो जाते हैं। शहर के हर चौराहे और सड़क पर अतिक्रमण हावी है।कहीं दुकानदारों ने फुटपा थ तक दुकानें सजा रखी हैं तो कहीं ठेलिया वाले कब्जा जमाए रहते हैं।अंबेडकर चौराहे के पास मं डे नाला,एलबीएस चौराहा,टामसन कॉलेज,सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला,गुरु नानक चौराहा,महिला अस्पताल,गुड्डू मल चौराहा,बड़गांव पुलिस चौकी से लेकर अग्रसेन चौराहे तक सड़क पर इन इलाके श हर के प्रमुख बाजारों में शुमार हैं।इन क्षेत्रों में बढ़ ती अव्यवस्था और मनमानी से मुसीबत का नया बाजार तैयार हो गया है।सड़कों के फुटपाथ अति क्रमण और अवैध पार्किंग से गायब हो गए हैं।इन क्षेत्रों की सड़कों पर दिन भर जाम लगना आम बा त हो चुकी है।

### शहर के इन प्रमुख बाजारों में अकेले शहरी ही नहीं

देवीपाटन मंडल और गोंडा जंक्शन होने की वजह से आसपास के जनपदों के लोग दुकानदार और आम लोग खरीदारी या फिर लंबी दूरी की ट्रेन पक ड़ने के लिए आते हैं।सड़कों पर दिन भर भीड़ नज र आती है।फुटपाथ गायब होने से जाम का झाम झेलना पड़ता है।इसकी मुख्य वजह अतिक्रमण और अवैध पार्किंग है।हालत यह है कि एक किलो मीटर दूरी तय करने में वाहन चालकों को आधे घंटे से भी ज्यादा का समय लग जाता है। जिससे कुछ लोगों की तो ट्रेन भी छूट जाती है।क्यो कि बड़गांव पुलिस चौकी से रेलवे स्टेशन तक शाम के समय सड़क पार करना मुश्किल हो जाता है।

### फुटपाथ पर अस्थाई दुकानें

शहर के तमाम ऐसे इलाके हैं,जहां फुटपाथ पर अस्थाई दुकानें काबिज हैं। बड़गांव पुलिस चौकी के पास पुलिस यातायात बूथ के बगल फुटपाथ पर सजे बाजार से हर कोई वाकिफ है।अस्थाई दुकानों के साथ ठेलिया वालों ने भी कब्जा कर रखा है।इनकी वजह से हमेशा जाम लगा रहता है, मगर नगर पालिका और यातायात पुलिस इस तर फ कतई गंभीर नहीं है।

### इन चौराहों पर अतिक्रमण

गुरु नानक पुलिस चौकी,एलबीएस चौराहा, झंझरी ब्लॉक चुंगी नाका,अग्रसेन चौराहा,मुननखा चौराहारोडवेज बस स्टॉप,गुड्डू मल चौराहा,बड़गांव पुलिस चौकी,मिश्रौलिया ओवर ब्रिज अतिक्रमण से घिरे हैं।यह अतिक्रमण हर किसी के लिए मुसीबत बन गया है,मगर जिला प्रशासन कतई गंभीर नहीं है। इसका खामियाजा वाहन सवारों को भुगतना पड़ ता है।जाम के दौरान अक्सर वाहनों के आगे-पीछे ठोकने से झगड़े भी होते हैं।

### कोढ़ में खाज बने तिपहिया वाहन

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में तिपहिया वाहन कोढ़ में खाज बन गए हैं।शहर के प्रमुख चौराहों पर या तायात पुलिस तैनात रहती है,मगर ऑटो, टेंपो व ई-रिक्शा चालक अराजकता करते हैं।जहां मन हु आ वहीं ब्रेक लगाकर खड़े हो गए।अगर किसी ने एतराज जताया तो लड़ने पर भी आमादा हो जाते हैं।इन पर अंकुश लगाने वाला कोई नहीं है।

# मोतीगंज थाना क्षेत्र में वन विभाग के जिम्मेदारों की सरपरस्ती में हरे-भरे पेड़ों पर चल रहा आरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । सूबे की सरकार भले ही पर्यावरण संरक्षण को बनाये रखने के लिए प्रति वर्ष करोड़ों की सं ख्या में पौधें लगवाकर एवं हरे पेड़ों का कटान बन्द कराकर पर्यावरण संरक्षण को मजबूत करने का कार्य कर रही हो लेकिन उनकी ही सरकार में पु लिस विभाग के अधिकारियों से लेकर वन विभाग के अधिकारी योगी सरकार की मंशा पर पानी फ़ेर ते नजर आ रहे हैं।मोतीगंज थाना क्षेत्र स्थानीय जि म्मेदार व एक तथाकथित अपनी खाऊ कमाऊ आ दत्त के चलते लकड़ी कटान माफियाओं से अच्छी खासी सुविधा शुल्क लेकर हरे भरे व फलदार पेड़ों पर आये दिन हरियाली के सीने पर आरा चलवा र हें हैं।जो योगी आदित्यनाथ की सरकार के मंसूबों पर पानी फ़ेरते नजर आ रहे हैं।

बताते चलें कि यहाँमोतीगंज थाना क्षेत्र के इन गाँवो में धड़ल्ले से वन विभाग के एक जिम्मेदार अधिकारी और स्थानीय थाने की पुलिस की मिली भगत से हो रही है अवैध कटान चकसड़ व छाछपारामुतवल्ली,बनकटी सूर्य बली सिंह,डुढ़ाव,भोरहा, राजगढ़,राजापुर नौबरा, छ जवा, चपर तल्ला, छाछपारा कानूनगो,डड़वा दसौ तिया, दलपतपुर, गढ़ी, कनकड़वा, बनकसिया, बीरें पुर गांवों में प्रतिदिन परमिट के नाम पर पेड़ों की अवैध कटान हो रही है। यही नहीं,चोरी छिपे भी पे ड़ों की कटान की जा रही है।साथ ही सीहागांव मो ड़ पर स्थित जंगल में भी पेड़ों की कटान धड़ले से हो रही है।यही मोतीगंज थाने से चंद कदम की दूरी पर बनकसिया गांव में जिम्मेदारों की मिलीभगत से बिना कोई सम्बंधित विभाग के परमिशन के ल कड़कट्टों के द्वारा आम के हरे-भरे पेड़ों पर रातों रा त आरा चलाकर हरियाली को उजाड़ दिया गया।वही जब उपरोक्त मामलों की जानकारी डिप्टी रेंज र शुशांत शुक्ला से ली गई तो उन्होंने बताया की ह में मामले की जानकारी नही,अगर बिना कोई परमि शन के आम के पेड़ काटे गए हैं,तो मौके पर टीम भेजकर जांचकर सम्बंधित पेड़ मालिक व लकड़ कट्टों पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी। वही डि प्टी रेंजर से कई बार जानकारी लेने के बावजूद भी आधी अधूरी ही जानकारी मिली डिप्टी रेंजर के द्वारा बताया गया की गांव बनकटी सूर्यबली सिंह बगल जोलाहटी गाँव में बिना परमिट के सागौन केपेड़ काटे जा रहे थे इसकी सूचना वन विभाग के डीएसओ से लेकर डिप्टी रेंजर तक की हुई डिप्टी रेंजर ने टीम को भेज कर मौके पर पता लगाया तो बिना परमिट के बीस पेड़ सागौन के काटे गए थे।

डिप्टी रेंजर ने लकड़ी को पकड़वाकर वहीं स्थानीय किसी को सुपुर्दगी में दे दी,लेकिन जब उसके एक दिन बाद डिप्टी रेंजर से इसकी जानकारी ली गई की क्या कार्रवाई हुई तो डिप्टी रेंजर नहीं बताया मोतीगंज थाने में तहरीर दे दी गई है जांच कर कार्र वाई होगी,वही जब वन विभाग के द्वारा दी गई तह रीर के बारे में मोतीगंज थाना प्रभारी निरीक्षक से दू रभाष पर जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया की वन विभाग के द्वारा तहरीर दी गई है लेकिन वन वि भाग का कोई कर्मचारी मुकदमा लिखने नहीं आ रहा है उसके दूसरे दिन जब दोबारा डिप्टी रेंजर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दस पेड़ का मुक दमा दर्ज कराया गया है।लेकिन सवाल या उठता हैकि अगर बीस पेड़ बिना परमिट का कटा हुआ प कड़ा गया तो वन विभाग के कर्मचारियों ने सात पे ड़ का मुकदमा क्यों दर्ज कराया..? जब डिप्टी रेंजर खुद बता रहे हैं की बीस पेड़ कटा हुआ पकड़ा गया है तो सवाल उठना लाजिमी है।

## पीलीभीत पुलिस पूरे जनपद चला रही वॉक थ्रू अभियान



**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपदीय पुलिस जन सुरक्षा को लेकर लगातार सतर्क और संकल्पित है।इसी भावना के साथ अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली के दिशा-निर्देश पर वॉक थ्रू अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के नेतृत्व में यह विशेष अभियान 18 मई से 24 मई 2025 तक जनपद में संचालित किया जा रहा है।इसी क्रम में आज दिनांक 20 मई 2025 को प्रात:काल के दौरान जनपदीय पुलिस द्वारा नगर व कस्बों के प्रमुख बाजारों,धार्मिक स्थलों, पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पैदल गश्त करते हुए लोगों से संवाद किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने अपनी राय और सुझाव साझा किए,जिन्हें गंभीरता से लिया गया और त्वरित समाधान का भरोसा भी दिलाया गया है।

## जिलाधिकारी ने तहसील अमरिया के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष कार्ययोजना में सम्मिलित पुन:निर्माण मार्गों का किया औचक निरीक्षण

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने लोक निर्माण विभाग पीलीभीत के क्षेत्रान्तर्गत तहसील अमरिया और सदर के अन्तर्गत में वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना में सम्मिलित पुन:निर्माण के मार्गों का निरीक्षण किया गया। मार्गवार आख्या निम्न प्रकार है।गांधीग्राम से बिलगवां सम्पर्क मार्ग ग्रामीण मार्ग उक्त मार्ग प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, पीलीभीत के क्षेत्रान्तर्गत है। तथा मार्ग की कुल लम्बाई 2.8 किमी0 है। जिसमें से चौनेज 0.00 से 1.00 तक लम्बाई 1.00 किमी0 को कार्ययोजना में सम्मिलित किया गया है। जो कि निरीक्षण के समय अत्यन्त क्षतिग्रस्त पाया गया है।शाही रेलवे फीडर मार्ग ग्रामीण मार्ग उक्त मार्ग निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0 पीलीभीत के क्षेत्रान्तर्गत है। तथा मार्ग की कुल लम्बाई 1.07 किमी0 है। जिसमें से चौनेज 0.775 से 1.07 तक लम्बाई 0.295 किमी0 को कार्ययोजना में सम्मिलित किया गया है। जो कि निरीक्षण के समय अत्यन्त क्षतिग्रस्त पाया गया। नाद पसियापुर सम्पर्क मार्ग ग्रामीण मार्ग उक्त मार्ग निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0 पीलीभीत के क्षेत्रान्तर्गत है तथा मार्ग की कुल लम्बाई 0.45 किमी0 है। जिसमें से चौनेज 0.00 से 0.45 तक लम्बाई 0.45 किमी0 को कार्ययोजना में सम्मिलित किया गया है।जोकि निरीक्षण के समय अत्यन्त क्षतिग्रस्त पाया गया। निरीक्षण के अधिशासी अभिन्यता लोक निर्माण विभाग,नायब तहसीलदार सहित अन्य उपस्थित रहे हैं।

## कॉलेज में आयोजित हुई रंगोली प्रतियोगिता

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अहिल्याबाई जन्म त्रिशताब्दी वर्ष कार्यक्रम श्रॅंखला के अंतर्गत गुरुनानक इंटर कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कि गई इस अवसर पर गुरुनानक इंटर कॉलेज में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान उपस्थित रहे है। छात्र-छात्राओं की सुंदर रंगोली ने सभी का दिल मोह लिया।नगर अध्यक्ष द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर उपाध्यक्ष उपेंद्र भारती, कमल मोहन पाण्डेय प्रधानाचार्य, संजीव कुमार, परगट सिंह, राजेश कुमार, अरविंद कुमार गंगवार व राजेश कुमार प्रधानाचार्य आदि शामिल रहे हैं।

## आपदा मित्र प्रशिक्षण लेने के लिए लखनऊ रवाना ,डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद से आपदा मित्रों को प्रशिक्षण हेतु राज्य आपदा मोचक बल सरोजनी नगर लखनऊ के लिए जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने गांधी सभागार कलेक्टेट पीलीभीत से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। आपदा मित्रों का सम्पूर्ण प्रशिक्षण अभ्यर्थियों की प्रारम्भिक तैयारियों, उपस्थिति,अभिलेख परीक्षण कर चयन समस्त तहसीलों के माध्यम से कराया गया तथा सभी अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण भी मेडिकल थीम द्वारा कराया गया। जनपद से कुल 85 प्रशिक्षार्थियों में से 09 महिला व 76 पुरुषों को आपदा मित्र के रूप में भेजा गया। कुल 85 प्रशिक्षार्थियों को 21 मई से 01 जून 2025 तक 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करेगें,प्राप्त प्रशिक्षार्थियों से जनपद में विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।ध्यातव्य हो जनपद में हर आपदा में ह्रास एवं न्यून करने हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पीलीभीत संकल्पित है। जनपद में विभिन्न आपदाओं से होने वाले जनहानि,पशु हानि, कृषिक्षति आदि को सूक्ष्म स्तर में लाने में नव आपदा वालिन्टियर महती भूमिका अदा करेंगे। इस दौरान ऋतु पूनिया अपर जिलाधिकारी, आशुतोष गुप्ता उप जिलाधिकारी,मुख्य राजस्व लेखकार,आपदा विशेषज्ञ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे है।

# नगर में निकली तिरंगा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान ब्रज प्रदेश मथुरा द्वारा संचालित''शिशु शिक्षा समिति'' मोहन सरस्वती शिशु व विद्या मंदिर निकट पुरानी स्टेट बैंक के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन नगर में किया गया। जैसा कि हम सब जानते हैं। कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में आतंकी द्वारा नरसंहार हमला हुआ।जिसमें मासूम नागरिकों की जान गई।



भारतीय सेना ने ''ऑपरेशन सिंदूर'' के रूप में इस आतंकवादी हमले को करारा जवाब दिया था। भारतीय सेना का यह पराक्रम हर भारतीय के मन में स्वाभिमान पैदा करता है। ऑपरेशन सिंदूर यह नाम और इसके अंतर्गत किया हुआ शौर्य हम भारतीय महिलाओं के प्रति विशेष संवेदनशीलता प्रकट करता है। देश के इस वीरतापूर्ण कदम का समर्थन करने हेतु नगर में मोहन सरस्वती शिशु व विद्या मंदिर निकट पुरानी स्टेट बैंक एवं महिला जागृति मंच द्वारा मोहन सरस्वती शिशु व विद्या मंदिर से नगर पालिका चौराहा,पकड़िया तिराहा होते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई। और विद्यालय परिसर में सेना के पराक्रम के बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की गई । जिसमें नगर की समाजसेवी संगीता सहगल, महिला जागृति मंच की अन्य महिला कार्यकर्ता,संघ कार्यकर्ता, श्रीपाल योग शिक्षक, संतोष सिंह,विद्यालय के व्यवस्थापक मनोज गुप्ता,अध्यक्ष हरि बल्लभ गुप्ता,नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता,विवेक तिवारी आदि ने उपस्थित होकर ''ऑपरेशन सिंदूर'' के बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की और तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस पावन बेला पर प्रधानाचार्य नीरज दीक्षित ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से शिल्पी श्रीवास्तव,शिवांगी मिश्रा,पूनम मिश्रा,दीपचंद गंगवार, गेंदालाल वर्मा, महिपाल गंगवार, सुबोध कुमार अग्निहोत्री, राजीव गंगवार, खेमकरन लाल, कमल गंगवार , मनीष दिवाकर, रेशम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए डीएम से मिला शिष्टमंडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। हरदासपुर क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल के नेतृत्व में किसानों के शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी पीलीभीत से भेंट की। शिष्टमंडल के साथ आए हरदासपुर के किसान हरभजन सिंह ने जिलाधिकारी को बताया कि उनके ग्राम में स्थित श्मशान भूमि के टीन शेड के ठीक ऊपर से 11000 की बिजली की लाइन निकल रही है । उक्त टीन शेड जर्जर हो चुका है जिसे भी बदलवाने की आवश्यकता है अतः उक्त बिजली की लाइन को उस स्थान से थोड़ा घुमवा देने की अति आवश्यकता है। इस लाइन से अंतिम संस्कार के समय कोई दुर्घटना होने का डर भी बना रहता है। जसवंत सिंह ने कहा कि ग्राम में जर्जर विद्युत लाइन को ठीक करने के लिए पोल खड़े किए जाने हैं और तार खींची जानी है जो कि अभी करवानी अति आवश्यक है अन्यथा अगले माह सभी खेतों में धान की रोपाई हो जाएगी जिसके बाद उक्त पोल खड़े करने आदि का कार्य नहीं हो सकेगा और किसानों की फसल का नुकसान होगा। जिलाधिकारी ने



अधिशाषी अभियंता विद्युत को तत्काल इन समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। हरजीत सिंह ने कहा कि हरदासपुर से धोबी घाट ग्राम को जाने वाली रोड अत्यंत खस्ताहाल है उसे बरसातों में आने जाने में अत्यंत समस्या होती है इसे नया बनवाना बहुत जरूरी है। पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने वरिष्ठ भाजपा नेता हरभजन सिंह के घर वाली रोड के निर्माण की मांग रखी ।जिलाधिकारी ने इन दोनों पर भी प्रभावी कार्यवाही हेतु अधीनस्थ को निर्देशित किया शिष्टमंडल में मझोला के पूर्व चेयरमैन अजय गोयल, दलवीर सिंह, रूपेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, जसविन्दर सिंह, हरभजन सिंह, जसवंत सिंह, हरजीत सिंह, जितेंद्र सिंह सोनू, हरविंदर सिंह समेत कई किसान सम्मिलित थे। राज्यमंत्री के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने कहा है कि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के निर्देश पर उनकी पूरी टीम जन समस्याओं के प्रभावी निराकरण हेतु पूर्णतः समर्पित और चौबीस घंटे उपलब्ध है।

# चेयरमैन ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में लिया दो दिवसीय प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थित क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केंद्र में स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की नगरीय निकायों के अध्यक्षों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त किया।लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केंद्र में आयोजित प्रशिक्षण में सहायक निर्देशक डॉ नसरुद्दीन ने स्वच्छ भारत मिशन अवलोकन एवं प्रोविजंस संयुक्त निदेशक डॉ राजीव नारायण ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन डोर टू डोर कलेक्शन सेग्रीगेशन, एनवायरमेंट एक्सपर्ट आवास बंधु अखिलेश सिंह ने एफएसएसएम एवं सेफ्टी मैनेजमेंट, अखिलेश सिंह ने यूज़ वाटर मैनेजमेंट एवं उसका पुनः उपयोग, डॉ एसडी सिंह कंसलटेंट ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एमआरएफ और उसका संचालन लिगसी बेस्ड मैनेजमेंट एवं प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, हिमांशु चंद्र ने गार्बेज फ्री सिटीज, डॉ नसरुद्दीन ने सामुदायिक भागीदारी, हिमांशु चंद्र ने एसबीएम के अंतर्गत पीपीपी के माध्यम से क्रियान्वयन, डॉ राजीव नारायण ने स्वच्छ भारत मिशन के क्रियान्वयन पर विचार विमर्श किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के कई नगर पालिका अध्यक्ष मौजूद रहे है।

# संकट कटै मिटै सब पीरा जो सुमिरै हनुमत बलबीरा

### सिंहपुर में आयोजित भण्डारा में राज्यमंत्री के साथ ही जनप्रतिनिधियों ने ग्रहण किया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। तहसील तिलोई क्षेत्र में ज्येष्ठ माह के द्वितीय बड़े मंगल पर श्रीराम चरित मानस पाठ एवं संगीतमयी सुंदर काण्ड के साथ ही विशाल भण्डारा आयोजित किया गया।भक्तिमय गीतों पर भक्तों ने खूब धमाल मचाया और हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। विकास खण्ड सिंहपुर मुख्यालय पर जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह के द्वारा ज्येष्ठ माह के द्वितीय बड़े मंगल पर संगीतमयी सुंदर काण्ड के साथ ही विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, एसडीएम अमित सिंह के साथ ही हजारों की संख्या में राहगीरों और ग्रामीणों ने प्रसाद के रुप में पूड़ी सब्जी और बूंदी ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि कौशलेंद सिंह ने पूरे विधि विधान से पूजा पाठ कर अतिथियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों को अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।क्षेत्र के कस्बा शंकरगंज में देव आटो फ्यूल्स पर ज्येष्ठ माह के द्वितीय बड़े मंगल पर श्रीराम चरित मानस पाठ के समापन पर



विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें तिलोई की ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह व उनके सुपुत्र अखण्ड प्रताप सिंह द्वारा प्रसाद वितरित किया गया जिसमे हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर प्रधान संघ सिंहपुर के अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव, सुरेन्द्र सिंह,दलजीत सिंह,संतोष सिंह, अमित कुंवर सिंह उर्फ मिंटू सिंह, कुलदीप मिश्रा, मानस शुक्ला, संजीत विश्वकर्मा, अखिलेश सिंह,सुशील सिंह,संदीप पाल,शिवम तिवारी, श्रीचन्द्र चौरसिया, अनुराग मिश्रा,अनिल पाण्डेय, गौरव श्रीवास्तव, कौशल चौरसिया, रिंकू सिंह, अर्पित सिंह,धनंजय तिवारी, राजेश पाण्डेय, राहुल पाठक, देव बख्श सिंह, टिंकू सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, कार्तिकेय शुक्ला, रवि तिवारी,सतीश गौतम, फकीर अहमद, मोहम्मद फारूख, मोहम्मद इलियास, अमरजीत पाल सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## बिना कार्य कराए 3.53 लाख का भुगतान, ग्राम प्रधान के अधिकार सीज

**सुल्तानपुर।** धनपतगंज विकास खंड की भरसड़ा ग्राम पंचायत में इंटरलॉकिंग कार्य कराए बिना ही लाखों रुपये के भुगतान का मामला सामने आया है। इस घोटाले में ग्राम प्रधान शिवगोपाल यादव और पंचायत सचिव राजेश त्यागी पर गंभीर आरोप लगे हैं। जांच में आरोप सही पाए जाने पर जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने ग्राम प्रधान के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार तत्काल प्रभाव से सीज कर दिए हैं। वहीं पंचायत सचिव पर कार्रवाई के लिए जिला विकास अधिकारी को पत्र भेजा गया है।जानकारी के अनुसार,ग्राम पंचायत में पक्की सड़क से राम करन के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य कराया जाना था। लेकिन यह कार्य कराए बिना ही 17 फरवरी को 3.53 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया। इस अनियमितता की सूचना मिलने पर जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल 20 फरवरी को मौके पर जांच के लिए पहुंचे। जांच में यह पाया गया कि निर्माण सामग्री तो मौजूद थी और कार्य प्रारंभ किया गया था, लेकिन भुगतान पहले ही कर दिया गया था।जांच में यह भी सामने आया कि न तो कार्य की पूर्व स्वीकृति ली गई थी और न ही मापी कराई गई थी। डीपीआरओ ने दोनों अधिकारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन जवाब और साक्ष्यों में मेल नहीं मिलने पर उन्होंने डीएम को कार्रवाई की संस्तुति भेजी।डीएम कुमार हर्ष ने तुरंत संज्ञान लेते हुए ग्राम प्रधान के सभी वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए हैं। पंचायत सचिव के खिलाफ भी कार्रवाई तय मानी जा रही है। डीपीआरओ ने बताया कि सचिव पर कार्रवाई के लिए डीडीओ को पत्र भेजा गया है।

## सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, रास्ता बंद होने से ग्रामीण परेशान

सुलतानपुर। जिले की तहसील सदर के अंतर्गत आने वाले ग्रामसभा कोहड़ा, परगना बरौसा में सरकारी ट्यूबवेल संख्या 100 के समीप स्थित नवीन परती (बंजर) भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है, जिससे ग्रामीणों के आने-जाने का एकमात्र रास्ता बंद हो गया है। पीड़ित खुर्शीद अहमद पुत्र मोहम्मद फरीद, निवासी ग्राम कटका खानपुर ने बताया कि उक्त भूमि से होकर वह और उनके परिजन अपने घर तक आते जाते हैं। यह भूमि सरकारी परती भूमि के रूप में दर्ज है, लेकिन विपक्षी पक्ष द्वारा इस पर पेड़ लगाकर और अवैध निर्माण कर रास्ता बंद कर दिया गया है। तहसील दिवस पर भी सुनवाई नहीं खुर्शीद अहमद ने बताया कि उन्होंने कई बार तहसील दिवस पर प्रार्थनापत्र देकर रास्ता बहाल कराने और अवैध कब्जा हटवाने की मांग की।

# महिला की मौत के मामले मे आज परिजनों का दर्ज होगा बयान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। शहर के हनुमंत क्लीनिक मे 14 मई को पथरी पीड़ित महिला की ऑपरेशन के कुछ घंटो बाद ही हुई मौत के मामले मे हॉस्पिटल संचालक और परिजनों को नोटिस भेजकर बयान दर्ज कराने का निर्देश जाँच टीम द्वारा दिया गया है। बुधवार को जाँच टीम के सामने परिजनों का बयान दर्ज कराया जायेगा। जाँच अधिकारी एसीएमओ डॉ राधा बल्ल्भ ने इसकी पुस्टि की है। उनका कहना है की परिजनों के बयान के बाद हॉस्पिटल संचालक और आरोपी चिकित्सक का बयान दर्ज किया जायेगा।

### चिकित्सक की भूमिका की होंगी जाँच

अमहट रोड स्थित हनुमंत क्लीनिक मे पथरी पीड़ित महिला का ऑपरेशन करने वाले डॉ मो रजा की भूमिका की भी जाँच होंगी। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव के मुताबिक मेडिकल कालेज के एसोसिएट सर्जन 9 से 4 बजे के बाद बाहर ऑपरेशन तों कर सकते पर महिला की मौत के बाद और परिजनों के आरोप के आधार पर ऑपरेशन की टाइमिंग और डॉ मो रजा की भूमिका की जाँच होंगी और दोषी पाए जाने पर बर्खास्तगी की कार्यवाही की जाएगी।

## आम के पेड़ों को मैंगो विल्ट नामक बीमारी फैली

सुलतानपुर। ग्रामीण क्षेत्र में आम के पेड़ों को मैंगो विल्ट नामक बीमारी ने अपनी चपेट में ले लिया है। इस बीमारी से पेड़ों की पत्तियां मुरझाकर सूख जाती हैं। कुछ ही दिनों में पूरा पेड़ नष्ट हो जाता है।

जबलपुर कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर चंद्रशेखर पांडे ने बताया कि यह बीमारी कवक सेराटोसिस्टिस मैंगिनेकन्स से होती है। बरसात के मौसम में यह समस्या अधिक देखी जाती है। एक पेड़ से यह बीमारी आस-पास के पेड़ों में तेजी से फैलती है। वन विभाग के डिप्टी रेंजर बृजेश यादव ने बीमारी से बचाव का तरीका बताया है। एक लीटर पानी में 2 ग्राम कवकनाशी रोको एम मिलाना होता है। इस घोल को संक्रमित पेड़ के चारों ओर डालना चाहिए। एक पेड़ के लिए 20-25 लीटर घोल की जरूरत होती हैं। यह उपचार 10 दिन के अंतराल पर दोहराना आवश्यक है। स्थानीय किसान राम उदित, राम प्रकाश, आशीष और ओमप्रकाश वर्मा के बागों में बड़ी संख्या में पेड़ नष्ट हो गए हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। विशेषज्ञों के अनुसार बीमारी को नियंत्रित करने के लिए संक्रमित पेड़ों के साथ आस-पास के स्वस्थ पेड़ों का भी उपचार जरूरी है।

## पत्नी को बंधक बनाकर हमलावरों ने युवक को मौत के घाट उतारा

**अमेठी।** थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव पूरे राजा मजरे भदसाना में हत्या की बड़ी वारदात सामने आई जहां देर रात घर के बाहर सो रहे युवक पर हमलावरों ने हथौड़े से हमला कर दिया।पति के चीखने की आवाज सुनकर पत्नी ने विरोध जताया तो हमलावरों ने उसे बंधक बनाकर उसके पति पर हथौड़े हमला कर मौत की नींद सुला दिया। घटना को अंजाम देकर सभी हमलावर मौके से फरार हो गये हैं। मां की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्जकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है और हमलावरों की तलाश में जुट गई है।हत्या का कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे राजा निवासी बच्चन उर्फ इंतजार सोमवार की देर रात अपने घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था।पास में ही पड़ी चारपाई पर उसकी पत्नी भी सो रही थी। देर रात हमलावर मौके पर पहुंचे और बच्चन पर हथौड़े से हमला कर दिया। बच्चन के चिल्लाने की आवाज सुन पत्नी जग गई और विरोध करने लगी तो हमलावरों ने उसे बंधक बना लिया और उसके सामने ही पति पर हथौड़े से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।घटना को अंजाम देकर सभी हमलावर मौके से फरार हो गये। पत्नी के मुताबिक देर रात सब लोग आसपास ही चारपाई पर सोए हुये थे रात में हत्यारे आये और उसके पति पर हथौड़े से हमला कर मौत के घाट उतार दिया।मृतक की मां सईद की तहरीर पर पुलिस ने अल्ताफ, इस्लाम सलमान सुलेमान समेत चार नामजद युवकों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। थाना मोहनगंज पुलिस हत्यारों की तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं पइस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कि केस दर्जकर लिया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। बताया जा रहा है कि मृतक की बहन की शादी इस्लाम पुत्र वकील निवासी कपूरीपुर से हुई थी लेकिन पारिवारिक विवाद के कारण उसकी बहन बीते कई सालों से दूसरे युवक के साथ रह रही है इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद बना रहा फिलहाल पुलिस उक्त मामले की छानबीन में लगी हुई है।

## जायस पुलिस ने तीस ग्राम स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

**अमेठी।** थाना जायस पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत तीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोसिम पुत्र मुंशी रजा निवासी ग्राम पूरे सुक्खा मजरे सराय महेशा थाना जायस जनपद अमेठी उम्र अड़तीस वर्ष को तीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## पुलिस ने चोरी की बाइकों के साथ पूर्व ग्राम प्रधान समेत तीन लोगों को भेजा जेल

**अमेठी।** थाना मोहनगंज पुलिस ने चोरी की दो मोटर साइकिल और एक मोटरसाइकिल के विभिन्न पार्टस एवं मोटरसाइकिल खोलने का उपकरण के साथ एक पूर्व ग्राम प्रधान समेत तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक कबाड़ की दुकान पर बेचने के लिये खड़ा है। उक्त सूचना पर थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा उक्त मोटर साइकिल सवार व्यक्ति को घेरकर हिकमतअमली से पकड़ लिया। पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूंछने पर अपना नाम महमूद अली पुत्र रहमत अली निवासी शाहमऊ थाना मोहनगंज बताया। बिना नम्बर की मोटरसाइकिल हीरो होन्डा स्पेलण्डर प्लस के कागजात मांगने पर दिखा नही सका एवं बताया कि यह स्पेलण्डर प्लस मोटरसाइकिल मैंने गोल्फ सिटी लखनऊ से चोरी किया था। नम्बर प्लेट तोड़कर फेंक दिया हूं जिसे मैं राजकुमार कबाड़ी के यहां बेचने आया हूं। महमूद ने बताया कि मैं मोटरसाइकिल चोरी कर यहां आकर बेंच देता हूं। बीती तेरह मई को एक डिस्कवर मोटरसाइकिल को शाहमऊ से चोरी कर इसी दुकान पर बेंच दिया था।कबाड़ की दुकान पर मौजूद कबाड़ी रामकुमार पुत्र जगन्नाथ निवासी पूरे राजा मजरे भेलाई कला थाना मोहनगंज से महमूद अली द्वारा बेची गई एक डिस्कवर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 33 एक्स 9386 के बारे में पूछताछ में बताया कि डिस्कवर मोटरसाइकिल का इंजन मेरे पास है और रामकुमार के पास से मोटरसाइकिल को काटने खोलने के उपकरण रिंच , पाना, गुटका, पेंचकस, प्लायर्स बरामद किया गया।

# विकास कार्यों का सांसद किशोरी लाल ने किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। बल्दीराय विकास खंड के हलियापुर में मंगलवार को विकास कार्यों की एक बड़ी सौगात मिली। अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने क्षेत्र पंचायत निधि से 10 लाख रुपये की लागत से हुए साधन सहकारी समिति हलियापुर के जीर्णोद्धार तथा 40 लाख रुपये से बने श्री सिंहराय भालेसुल्तान खेल मैदान का विधिवत उद्घाटन किया।



समाजसेवी प्रभात सिंह ने मंच से कई जनसमस्याओं को उठाया। उन्होंने मनरेगा के कार्यों का महीनों से लंबित भुगतान, बल्दीराय तहसील के टेरी के पास एक्सप्रेसवे पर कट निर्माण तथा प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत भवानीगढ़ से कांपा तक बन रही अधूरी सड़क को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि फरवरी 2024 की डेडलाइन बीत चुकी है, लेकिन सड़क अब तक अधूरी है। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने आश्वासन दिया कि वे यह मुद्दा संसद में उठाएंगे और संबंधित परियोजना प्रबंधक से बात कर सड़क को जून माह के अंत तक पूरा करवाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान श्री सिंहराय भाले सुल्तान इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने खेल मैदान में ओपन जिम की स्थापना की मांग रखी। जिस पर सांसद ने एक सप्ताह के भीतर ओपन जिम की व्यवस्था करवाने की घोषणा की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह, बीडीओ राधेश्याम, एडीसीओ ज्ञानचंद्र यादव, राधेश्याम धोबी, विजय पासी, शंभूशरण सिंह, अजय सिंह, प्रधानगण योगेंद्र सिंह , देवेंद्र सिंह, दुर्गेश सिंह, हरिभान सिंह, ज्ञान प्रकाश शुक्ल, वेद प्रताप सिंह, मुदित सिंह, सोनू सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# जेष्ठ माह के दूसरे मंगलवार क़ो हुआ शरबत वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले की प्रशिद्ध ब्राह्मण संगठन परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चैक रजि. के नगर पदाधिकारियों ने आज भगवान श्री परशुराम चैक पे शरबत बितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

आयोजन का कार्यभार नगर अध्यक्ष पं अरविन्द राय और नगर कोषाध्यक्ष पं संजय शुक्ला ने किया। भगवान बजरंगबली और भगवान परशुराम जी के प्रतिमा पर फूल माला और धूप दीप जला कर आरती करके कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। इसमें आर्थिक रूप से सहयोग करने वाले प्रेम शुक्ला, सुधीर दूबे, अभिषेक तिवारी फुलौने, अभिषेक तिवारी, राजीव पाण्डेय, प्रकृत तिवारी, धीरेन्द्र मोहन तिवारी, सत्यप्रकाश तिवारी, संतोष मिश्रा, आनंद पाण्डेय, एड.राकेश तिवारी, रमेश निषाद ने किया और शारीरिक योगदान, पं अरुण तिवारी सभासद, गौरव मिश्रा, दीपक मिश्रा, शनि मिश्रा, घनश्याम तिवारी, गोकरन तिवारी, दीपक पाण्डेय, शुभम दूबे लिट्टी चोखा वाले, सौरभ मिश्रा,व दर्जन भर बंधुओ ने की। इस अवसर पर हजारों भक्तो ने शरबत का रस पान कर आशीर्वाद प्रदान किया और तप्ती धूप मे शरबत पीकर लोगो के चेहरे खिल उठे और लोगो ने संगठन के द्वारा लगातार किये जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद उपजे हालात

ऑपरेशन सिंदूर सेना के पराक्रम की एक और बड़ी मिसाल और देश की बड़ी उपलब्धि है। इस ऑपरेशन के बाद अमेरिका, इंग्लैंड, तुर्किए, कतर, अजरबैजान, चीन इन तमाम देशों का जो रुख रहा, वह भारत के लिए सुखद नहीं है, लेकिन कम से कम अब हमें यह पता चल गया है कि जिन्हें हम अपना दोस्त या शुभचिंतक देश मानते थे, वे असल में पाकिस्तान के करीबी निकले। भविष्य में विदेश नीति के तहत फैसले लेने में इस सबक को याद रखा जाना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान का आतंकवाद समर्थित चेहरा भी सामने आया और यह भी पता चल गया कि कश्मीर मसले का अंतरराष्ट्रीयकरण करवाने के लिए वह किस तरह मौके तलाशता है। इधर घरेलू मोर्चे पर भी ऑपरेशन सिंदूर के बाद कुछ कड़वी हकीकतें सामने आई हैं, जिन्हें अब नजरंदाज नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इनका सामना कर अपनी गलती समझना चाहिए। देश में सत्तारुढ़ भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर के फौरन बाद नरेन्द्र मोदी को इसका श्रेय देते हुए कई जगहों पर पोस्टर लगवाए, 13 मई से भाजपा देशव्यापी तिरंगा यात्रा भी निकाल रही है, जिसमें सेना के पराक्रम के साथ-साथ नरेन्द्र मोदी की शौर्यगाथा भी सुनाई दे रही है। इधर विपक्ष संसद के विशेष सत्र की मांग बुलाता रह गया, लेकिन मोदी सरकार ने उसका जवाब नहीं दिया और अब सात प्रतिनिधिमंडल बनाए गए हैं, जिनमें सभी दलों के नेता शामिल हैं। ये प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों में जाकर बताएंगे कि चरमपंथ पर भारत का क्या रुख है और ऑपरेशन सिंदूर क्यों सही था। संक्षेप में मोदी सरकार का पक्ष रखने सभी दलों के लोग जाएंगे, विपक्ष के भी। पिछले कार्यकाल तक नरेन्द्र मोदी विपक्षमुक्त भारत की बात कहते थे, सरकार से सवाल पूछने पर सौ से ज्यादा विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया था, लेकिन दुनिया को बताना है कि भारत में कितना मजबूत लोकतंत्र है, तो अब विपक्ष के सांसदों को भी दल का हिस्सा बनाया गया है। भाजपा ने इसमें कांग्रेस से शशि थरूर को शामिल कर एक सियासी चाल भी चली है। कंाग्रेस से जब प्रतिनिधिमंडल के लिए नाम मांगे गए थे, तो उसने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार के नाम थे, लेकिन इनकी जगह शशि थरूर को भाजपा ने रखा। अभी 2 मई को केरल में श्री थरूर ने प्रधानमंत्री के साथ मंच साझा किया था, तब श्री मोदी ने कहा था कि आज बहुतों की नींद हराम होगी। उस वाक्य के आगे कहानी और कितनी बाकी थी, यह अब दिख रहा है। खैर अब यह शशि थरूर के विवेक पर निर्भर है कि वे अपने दल के साथ संकट के वक्त यह खिलवाड़ होने देते हैं या फिर उस शख्स के साथ खड़े होते हैं, जिसने उनकी पत्नी के लिए 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड जैसा अभद्र बयान दिया था। वैसे इस प्रतिनिधिमंडल को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि इतने बरसों में श्री मोदी जनता के पैसों पर कई देशों की यात्रा करते रहे, मोदी-मोदी के नारे लगते रहे, लेकिन जरूरत पड़ी तो अफगानिस्तान के सिवा कोई देश भारत के साथ खुलकर नहीं खड़ा नहीं हुआ। अब उसी जनता के पैसों पर सांसद विदेशों में जाएंगे, लेकिन क्या इससे भारत का पक्ष मजबूत हो पाएगा। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सेना की वाहवाही तो हो रही है, लेकिन इसकी जानकारी देने के लिए कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह का सामने आना भी चर्चा का एक अलग ही मुद्दा बन गया। देश में अधिकतर लोगों ने इसकी तारीफ ही की और लड़कियों की सेना में बढ़ती धमक पर खुशी जाहिर की। लेकिन मध्यप्रदेश में केबिनेट मंत्री विजय शाह और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के अप्रिय बयानों ने बता दिया कि निम्न स्तर की राजनीति के लिए भी सेना को भी नहीं बख्शा जा रहा है। विजय शाह का मामला तो अदालत में है, लेकिन अब तक भाजपा का रवैया उन्हें बचाने वाला दिख रहा है। वहीं अशोका विश्वविद्यालय में शिक्षक अली खान महमूदाबाद ने अपनी फ़ेसबुक पोस्ट में ऑपरेशन सिंदूर पर महिला अफसरों कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के द्वारा मीडिया ब्रीफिंग को अहम बताया था लेकिन यह भी लिखा था कि अगर यह जमीन पर हकीकत में नहीं बदला तो यह श्पाखंडश होगा। इस पोस्ट को हरियाणा के महिला आयोग ने भारतीय सेना में महिलाओं का अपमान माना और यह कहा कि इससे सांप्रदायिक विद्वेष बढ़ेगा। आयोग ने महमूदाबाद को दिए नोटिस में उनकी इस टिप्पणी को सैन्य कार्रवाइयों को बदनाम करने की कोशिश बताया था।

# आतंकी फन को कुचलने का सही वक्त

**राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर विशेष**

**जम्मू-कश्मीर दशकों से आतंक के साये में है। कुछ दशकों में आतंकियों ने देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार तो कभी किसी बस या ट्रेन में निर्दोषों के लहू से होली खेली है। आतंकवाद ने न केवल हजारों लोगों की जान ली बल्कि अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। बच्चे अनाथ हुए, माताएं-बेटियां विधवा हुईं और बुजुर्गों की जीवन-संध्या से सहारा छिन गया। इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे। यह भी याद रखना चाहिए कि 21 मई 1991 को देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर ने हत्या कर दी थी। इस घटना ने भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिला कर रख दिया था। उसी दिन की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की शुरुआत हुई। हाल के वर्षों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जो नीति अपनाई है, वह पहले से कहीं अधिक कठोर, रणनीतिक और सशक्त हो चुकी है। विशेषकर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने जिस बहादुरी से अभियान चलाए हैं, उन्होंने आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है।**



पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान पोषित दुर्दांत और कुख्यात आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों का लहू बहाकर फिर भारत के धर्य के बांध को तोड़ दिया। प्रतिक्रिया तो होनी थी। शांति समर्थक राष्ट्र को ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से संदेश देना पड़ा कि जो बेवजह टकराएगा उसे मिट्टी में मिला दिया जाएगा। मगर आतंकवाद के सारे फनों को कुचलने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर दशकों से आतंक के साये में है। कुछ दशकों में आतंकियों ने देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार तो कभी किसी बस या ट्रेन में निर्दोषों के लहू से होली खेली है। आतंकवाद ने न केवल हजारों लोगों की जान ली बल्कि अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। बच्चे अनाथ हुए, माताएं-बेटियां विधवा हुईं और बुजुर्गों की जीवन-संध्या से सहारा छिन गया। इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे। यह भी याद रखना चाहिए कि 21 मई 1991 को देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर ने हत्या कर दी थी। इस घटना ने भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिला कर रख दिया था। उसी दिन की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की शुरुआत हुई। हाल के वर्षों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जो नीति अपनाई है, वह पहले से कहीं अधिक कठोर, रणनीतिक और सशक्त हो चुकी है। विशेषकर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने जिस बहादुरी से अभियान चलाए हैं, उन्होंने आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद घाटी के हालात धीरे-धीरे पटरी पर आए हैं। सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और सुरक्षाबलों ने सीमाओं पर घुसपैठ की अनेक कोशिश विफल की हैं। हालांकि पूरी तरह से आतंक का खात्मा अब भी शेष है। इसकी ताजा मिसाल 22 अप्रैल को अनंतनाग जिले के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में देखी जा सकती है। बैसरन घाटी में हुए इस हमले ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद की जड़ें अभी भी पाकिस्तान में मौजूद हैं और वहां से संचालित आतंकी संगठन भारत की शांति व्यवस्था को चुनौती देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब घाटी में आतंकी घटनाओं में गिरावट दर्ज की जा रही थी, जो भारत की कूटनीतिक और सुरक्षा नीति की सफलता का संकेत थी। इस नृशंस नरसंहार के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर (सैन्य अभियान) चलाकर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इसमें लगभग 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया और उनके अनेक अड्डों को नष्ट किया गया। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर चौतरफा दबाव बनाया। साथ ही सिंधु जल संधि को स्थगित करने का निर्णायक फैसला लिया । अब यह विचार प्रबल हो गया है कि जब पाकिस्तान बार-बार आतंकियों को शरण देता है और भारत की नागरिक आबादी को निशाना बनाता है तो ऐसे में इस ऐतिहासिक संधि को बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। भारत के सैन्य अभियानों ने न केवल प्रत्यक्ष रूप से आतंकियों को नुकसान पहुंचाया है बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफलता प्राप्त की है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने उसे ग्रे लिस्ट में डालकर उसकी अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त दबाव बनाया है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थानों के सामने भारत ने बार-बार पाकिस्तान के दोहरे रवैये को उजागर किया है। घाटी में हो रहे सकारात्मक बदलावों की जड़ में सुरक्षा बलों की बहादुरी के साथ-साथ स्थानीय जनता की बदली मानसिकता भी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब घाटी में स्थानीय युवाओं की आतंकी संगठनों में भर्ती में काफी गिरावट आई है। पहले जहां एक साल में दर्जनों युवाओं के लापता होने की खबरें आती थी, अब वह संख्या इक्का-दुक्का रह गई है। भारत की वर्तमान नीति 'आतंक के प्रति शून्य सहनशीलता' की है और इस नीति के हर पहलू में क्रियान्वयन दिख भी रहा है। अब आतंकी हमलों का जवाब केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहता बल्कि पाकिस्तान की सीमा में घुसकर उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद किया जाता है। यह बदलाव केवल सैन्य शक्ति के उपयोग का नहीं बल्कि जन-मन के दृढ़ संकल्प का परिचायक है। बेशक आतंकवाद की कमर तोड़ी जा रही है लेकिन अब भी इसकी अंतिम परछाई को मिटाना बाकी है। जब तक देश का कोई भी कोना आतंक से मुक्त नहीं होता, तब तक यह संघर्ष जारी रहना चाहिए। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल हथियारों से नहीं बल्कि समाज की एकजुटता, सूझबूझ और जागरुकता से ही जीती जा सकती है। हर नागरिक को यह समझना होगा कि आतंकवाद केवल सीमाओं की समस्या नहीं बल्कि मानवता का साझा दुश्मन है। हम राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के मौके पर न केवल शपथ लें बल्कि उसे व्यवहार में भी उतारें। हर व्यक्ति आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में सैनिक बने, चाहे वह सूचनाएं देकर सुरक्षा एजेंसियों की मदद करने की बात हो या बच्चों को कट्टरपंथ से दूर रखने की दिशा में पहल करने की। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर सकेंगे, जहां शांति, सद्भाव, एकता और विकास के मूल्यों की बुनियाद पर भविष्य की इमारत खड़ी होगी। **–योगेश कुमार गोयल**

# एकजुट होकर करेंगे पाकिस्तान को बेनकाब

**मृत्युंजय दीक्षित**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान को वैश्विक मंच पर बेनकाब करने तथा अपनी आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति का सन्देश प्रत्येक देश तक पहुँचाने के लिए सात सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल प्रमुख साझेदार देशों में भेजने का निर्णय लिया है। यह ऑपरेशन सिंदूर का कूटनीतिक चरण है। इनमें से चार प्रतिनिधि मंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ गठबंधन के रविशंकर प्रसाद, बैजयंत पांडा, श्रीकांत शिंदे और संजय झा करेंगे जबकि तीन प्रतिनिधि मंडलों का नेतृत्व विपक्षी दलों के नेता क्रमशः शशि थरूर, कनिमोई तथा सुप्रिया सुले करेंगी। सर्वदलीय प्रतिनिमंडल के माध्यम से भारत यह सन्देश दे रहा है कि आतंकवाद के मुद्दे पर पूरा भारत एक मत है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने जिस प्रकार पाकिस्तान को सामरिक रूप से मुंहतोड़ जवाब दिया है अब उसी प्रकार पूरी एकजुटता के साथ पाकिस्तान के दुष्प्रचार का भी जवाब देने जा रहा है। इस कार्य हेतु नामित सांसदों का कहना है कि, ल्लभारत एक है चाहे वह सत्ताधारी दल हो या विपक्षी दल। हम सभी राष्ट्रीय हित के लिए एकजुट हैं।यह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जहां- जहां जाएंगे वहां की सरकार, मीडिया व बुद्धिजीवियों के साथ पाकिस्तान और आतंकवाद पर ही चर्चा करेंगे तथा भारत सरकार का पक्ष रखेंगे। सासंद बैजयंत पांडा का मानना है कि पाकिस्तान आतंकवाद को पनाह देने में सक्षम है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। यह प्रतिनिधमंडल भारत की सोच दुनिया के समक्ष रखेगा कि हमें सामूहिक रूप से आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होना पड़ेगा। वर्तमान समय में आतंकवाद का खात्मा होना विश्व शांति के लिए महत्वपूर्ण है वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी स्पष्ट सन्देश है कि अगर यह समय युद्ध का नहीं है आतंकवाद का भी नहीं है। इस कार्यक्रम का एक ही सन्देश है,एक मिशन एक संदेश एक भारत। इन सभी प्रतिनिधि मंडलों का संगठन अत्यंत विचार पूर्वक किया गया है, इसमें वो नेता सम्मिलित हैं जो दल हित से ऊपर उठकर देश की बात करने में सक्षम हैं । प्रतिनिधि मंडलों की संरचना भविष्य में देश की आंतरिक राजनीति को भी प्रभावित करने वाली है। इस प्रतिनिधि मंडल में गुलाम नबी आजाद, एम. जे. अकबर, आनंद शर्मा, वी मुरलीधरन और एस.एस अहलूवालिया जैसे नेता भी हैं जो अब सांसद नहीं है। कंाग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद के प्रधानमंत्री मोदी के साथ अच्छे राजनैतिक व भावनात्मक संबंध किसी से छुपे नहीं हैं। कंाग्रेस नेता आनंद शर्मा कांग्रेस आलाकमान की वर्तमान नीतियों से कई बार असहज हो जाते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान केरल के तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मीडिया पर अत्यंत प्रभावशाली तरीके से भारत का पक्ष रख रहे थे अतः सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल में केंद्र सरकार ने उनको स्थान दिया है। विदेश मामलों में उनकी योग्यता व अनुभव को ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने उनको यह महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व सौंपा है। शशि थरूर ने इस देश की सेवा का अवसर कहते हुए प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की । आश्चर्यजनक रूप से उनकी अपनी पार्टी ही उनके विरोध में उतर आई और सार्वजनिक बयान जारी करके कहा कि कांग्रेस ने शशि थरूर का नाम पार्टी की तरफ से नहीं दिया है। शशि थरूर एक बहुत योग्य सांसद हैं, लंबे समय तक संयुक्त राष्ट्र में रहे हैं तथा मनमोहन कैबिनेट में विदेश राज्य मंत्री थे। वह एक प्रभावशाली वक्ता हैं अतः उनकी बातों को लोग सुनते भी हैं किंतु उनकी अपनी पार्टी ही उनका विरोध कर रही है। निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी में विवाद को जन्म देगा। इस प्रतिनिधि मंडल में सबसे अधिक चौंकाने वाला नाम आल इंडिया मजलिस -ए -इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता असदुद्दीन ओवैसी का है जो पहलगाम के आतंकी हमले के पूर्व तक वक्फ कानून सहित समान नागरिक संहिता आदि कानूनों पर सरकार का पुरजोर विरोध कर रहे थे किंतु आतंकवादी हमले के बाद अचानक स्वयं को राष्ट्रभक्त दिखा रहे हैं। सुप्रिया सुले व कनिमोई दोनो ही नेता ही अपने राज्यों की राजनीति के कारण भजपा हाईकमान के संपर्क में हैं। द्रमुक नेता कनिमोई को तमिल मुख्यमंत्री स्टालिन का कुछ हद तक विरोधी माना जाता रहा है उनके बारे में एक बार यह अफवाह बहुत तीव्रता से उड़ी थी कि वो तमिल राजनीति की एकनाथ शिंदे हो सकती है किंतु कनिमोई को इस समय उत्तर दक्षिण के मध्य की खाई को पाटने की दृष्टि से प्रतिनिधि मंडल में स्थान दिया गया है।

## सेहत मंत्र

# मच्छर अगर काट ले तो तुरंत करें ये उपचार, मिलेगी राहत

गर्मी के मौसम में मच्छरों का आतंक जोरों पर होता है। आप चाहे कितने भी कॉयल का इस्तेमाल कर लें, लेकिन यह घर में प्रवेश कर ही लेते हैं। अगर ये आपको काटते हैं तो इससे आपको खुजली, जलन व लाल दाने तो होते हैं ही, साथ ही कभी-कभी आपको डेंगू जैसी कुछ गंभीर बीमारियां भी होती हैं। इसलिए यह बेहद आवश्यक है कि आप मच्छर के काटने के तुरंत बाद कुछ उपचार करें, ताकि आपको खुजली व जलन का अहसास न हो। आइए जानते हैं इसके बारे में- कारगर है नींबूः मच्छर के काटने पर होने वाली खुजली व जलन को दूर करने के लिए नींबू का इस्तेमाल करना एक अच्छा विचार हो सकता है। यह मच्छर के काटने पर होने वाले इंफ़ेक्शन को भी कम करता है। ऐसा इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीमाइक्रोबीअल प्रापर्टी के कारण होता है। इसके इस्तेमाल के लिए आप प्रभावित स्थान पर नींबू का रस लगाएं। लेकिन ध्यान रखें कि इसका इस्तेमाल करने के तुरंत बाद आप घर से बाहर धूप में न जाएं। एलोवेरा का इस्तेमालः एलोवेरा को इसके एंटीसेप्टिक गुणों के कारण जाना जाता है और इसी गुण के चलते बहुत से स्किन केयर प्रॉडक्ट्स में इसका इस्तेमाल होता है। इसकी यह एंटीसेप्टिक प्रवृत्ति आपको मच्छर के काटने के कारण होने वाली जलन और सूजन से राहत दिलाती है। आप एलोवेरा का पत्ता तोड़कर इसका फ्रेश जेल प्रभावित स्थान पर लगाएं। इसकी सूदिंग प्रॉपर्टीज आपको ठंडक भी पहुंचाएगी। शहद है कारगरः शहद का इस्तेमाल कई तरह की समस्याओं में किया जाता है। इन्हीं में से एक है मच्छर का काटना। मच्छर के काटने पर शहद का इस्तेमाल करना भी काफी प्रभावी माना गया है। इसकी एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफलेमेटरी प्रॉपर्टीज आपको मच्छर के काटने पर होने वाली जलन व सूजन से राहत दिलाती हैं। बस आप अपनी उंगली पर थोड़ा सा शहद लेकर उसे प्रभावित स्थान पर लगाएं।

## धर्म मंत्र

# अपार धन और जीवन की समस्त खुशियां देता है श्रीगणेश का यह चमत्कारी स्तोत्र

भगवान श्रीगणेश की आराधना सर्वदा फलदायी मानी गई है। प्रथम पूज्य देव को प्रिय यह संतान गणपति स्तोत्र लक्ष्मी और संतान दोनों देता है, साथ ही सभी कार्यों को सिद्ध करने वाला माना गया है। इस स्तोत्र को प्रतिदिन अथवा बुधवार को जपने से जीवन में सर्वसुख संपदा के साथ ही जिन्हें संतान न हो, उन्हें संतान देकर समस्त खुशियों को उनकी झोली में डाल देता है। यह स्त्रोत इतना चमत्कारी हैं कि मनुष्य का भाग्य बदलते देर नहीं लगती।

नमोस्तु
गणनाथाय सिद्धी बुद्धि युताय च।
सर्वप्रदाय देवाय पुत्र वृद्धि प्रदाय च।।
गुरु दराय गुरवे गोप्त्रे गुह्यासिताय ते।
गोप्याय गोपिताशेष भुवनाय चिदात्मनें।।
विश्व मूलाय भव्याय विश्वसृष्टि करायते।
नमो नमस्ते सत्याय सत्य पूर्णाय शुण्डिनें।।
एकदन्ताय शुद्धाय सुमुखाय नमो नमः।
प्रपन्न जन पालाय प्रणतार्ति विनाशिने।।
शरणं भव देवेश सन्तति सुदृढ़ां कुरु।
भविष्यन्ति च ये पुत्रा मत्कुले गण नायक।।
ते सर्वे तव पूजार्थ विरताः स्युः वरो मतः।
पुत्रप्रदमिदं स्तोत्रं सर्व सिद्धि प्रदायकम्।।

## पर्यटन



# गर्मियों में जन्नत से कम खूबसूरत नहीं हैं हिमाचल प्रदेश की ये खूबसूरत डेस्टिनेशन्स

गर्मियां आ गई है। ऐसे में कई लोग कंफ्जूड रहते हैं कि वो छुट्टियां बिताने उत्तराखंड जाए या फिर हिमाचल। दिल्ली और आसपास रहने वाले ज्यादातर लोग उत्तराखंड के हिल स्टेशनों पर जाना पसंद करते हैं लेकिन ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है, जो हिमाचल की जगहों को एक्सप्रोर करना चाहते हैं अगर आप भी हिमाचल की जगहों पर घूमना चाहते हैं, तो हम आपको बताने जा रहे हैं ऐसी खूबसूरत जगहों के बारे में। अंद्रेटा -अगर आपको भीड़भाड़ पसंद नहीं है, तो आप इस गांव में आ सकते हैं। हिमाचल के मशहूर चाय के बागानों से कुछ ही दूरी पर बसा अंद्रेटा गांव आपकी छुट्टियां बिताने के लिए बेस्ट जगह है। पब्बर घाटी-यहां पर प्रकृति का लुत्फ उठाने के साथ-साथ आप और भी कई चीजें कर सकते हैं। आप ट्रैकिंग, कैम्पिंग, साईक्लिंग और पैराग्लाइडिंग जैसे कई एडवेंचर स्पोर्ट्स का मजा ले सकते हैं। बैरल- शिमला से 4 घंटे की दूरी पर मौजूद बैरल बेहद खूबसूरत जगह है। यहां के पारम्परिक घर इसकी खूबसूरती में चार-चांद लगाते हैं। इन घरों की खासियत है कि यहां निचले तल पर पालतू जानवर रहते हैं और ऊपरी मंजिल में लोग बसते हैं, तो अगर आपको पालतू जानवरों से प्यार है, तो आप यहां भी घूम सकते हैं। बैरोट- हिमाचल के लिए किसी खजाने से कम नहीं है। सूरज की किरणों के साथ इसकी खूबसूरती देखते ही बनती है। झील और झरने इसकी खूबसूरती में चार-चांद लगाते हैं। यहां बहुत खूबसूरत सनसेट होता है। शोजा- बादलों और पहाड़ो को एक साथ देखा है, अगर नहीं तो शोजा जरूर जाइए। हरे भरे पेड़, पहाड़, झरने और बादल इस जगह की खूबसूरती का कारण हैं। आपको यहां पर बेहद खूबसूरत चीजें देखने को मिलेगी। आप यहां पर घंटों बीता सकते हैं। नगर-नग्गर वो खूबसूरत जगह है, जहां पर शाहिद और करीना कपूर की फिल्म 'जब वी मेट' की शूटिंग हुई थी। आप यहां की बेहतरीन शूटिंग लोकेशन भी देख सकते हैं। 15वीं शताब्दी से प्रेरित यहां के पारम्परिक घर बहुत खूबसूरत लगते हैं।

# निजीकरण व संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ गरजे विधायक धर्मराज

## इंटरलॉकिंग सड़कों का किया लोकार्पण, भाजपा सरकार की गिनाई नाकामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। देश में निजीकरण और संविधान विरोधी नीतियों को लेकर सत्ता पक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार कॉरपोरेट साथियों और सांप्रदायिक एजेंडे के बल पर देश की संपत्तियों को बेच रही है और युवाओं के अधिकार व रोजगार छीन रही है।

विकासखंड बंकी के ग्राम मदारपुर, कटरा, जरूआ और मछरिहा में विधायक निधि से निर्मित इंटरलॉकिंग सड़कों का लोकार्पण करते हुए उन्होंने यह बातें कहीं। अपने संबोधन में विधायक धर्मराज ने कहा कि केंद्र की सरकार का उद्देश्य संविधान को नष्ट कर मनुवादी सोच को थोपना है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब द्वारा प्रदत्त समानता, बंधुत्व और अखंडता की संकल्पनाओं से सत्ताधारी नफरत करते हैं। उन्होंने सरकार की नीतियों की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से करते हुए कहा कि जिस तरह वह देश को चलाती थी, उसी तरह आज की सरकार सार्वजनिक उपक्रमों को बेच रही है, हवाई अड्डों को निजी हाथों में सौंप रही है, और बैंकों व विद्युत विभाग का निजीकरण कर रही है।

यह कदम मजदूरविरोधी, जनविरोधी और समाजविरोधी हैं, जिसका समाजवादी पार्टी पुरजोर विरोध करती है। विधायक ने जनता से आह्वान किया कि वे अपने वोट की संवैधानिक ताकत का इस्तेमाल कर झूठ और संवेदनहीनता के शासन को समाप्त करें और जातिगत भेदभाव को भुलाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में एक मजबूत लोकतांत्रिक भारत के निर्माण में सहभागी बनें। लोकार्पण कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा फीता काटकर सड़कों का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ओम रावत, खेमाई रावत, जसकरण यादव, दीपक गुप्ता, मो. उबैद, बाबुल मिश्रा, संदीप प्रजापति, अंकित श्रीवास्तव, सुरेन्द्र सिंह चौरसिया, शिवा यादव (बीडीसी), जय किशन यादव (बीडीसी), वीरेंद्र यादव, मो. कलाम (ब्लॉक अध्यक्ष बंकी), ज्ञानेंद्र सिंह (बीडीसी), मोनू यादव, सोनू यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डीएम ने की अभियोजन कार्यों की समीक्षा, प्रभावी पैरवी के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में अभियोजन कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय,अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरूण कुमार सिंह,संयुक्त निदेशक अभियोजन,शासकीय अधिवक्ता गण तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए कहा कि न्यायालयों में लंबित मुकदमे शासन की छवि एवं जनहित से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े होते हैं, अतः इनकी गंभीरता से प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शासकीय अधिवक्ताओं एवं विभागीय अधिकारियों से विशेषकर प्रमुख आपराधिक, भूमि, राजस्व व लोकहित के मामलों की स्थिति की जानकारी ली और उनके त्वरित निस्तारण हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सँयुक्त निदेशक अभियोजन द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि न्यायालय में पंजीकृत अभियोग में राज्य की ओर से पैरवी करते हुए जिन अभियोगो में वादी मुकदमा न्यायालय में होस्टाइल(अपने बयान से मुकर गया हो) ,के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज कर कार्रवाई की गई है इस प्रकार सरकार बनाम विधिवंत यादव थाना सुबेहा, सरकार बनाम प्रेम कुमार थाना कुर्सी,सरकार बनाम नीरज थाना दरियाबाद सहित कुल पांच अन्य अभियोगों में कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी अपने विभाग से संबंधित मुकदमों की नियमित समीक्षा करें और आवश्यकतानुसार शासकीय अधिवक्ताओं से समन्वय बनाकर न्यायालय में समयबद्ध रूप से दस्तावेज एवं गवाह प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि ई- प्रोक्सिकुशन में वाद रजिस्ट्रेशन की संख्या में बढ़ोत्तरी की जाय। जिलाधिकारी ने विभिन्न न्यायालयो में ग्राम सभा की भूमियों से संबंधित लम्बित वादों की समीक्षा के दौरान कहा कि ऐसे सभी प्रकरणों में जवाब दायर कर वाद निस्तारण शीघ्र करवाया जाए।

# पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हैदरगढ़ बाराबंकी। पुण्यश्लोक माता अहिल्याबाई होलकर जी की त्रिशताब्दी जन्म जयंती के पावन अवसर पर राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, हैदरगढ़ में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन संगठन द्वारा निर्देशित था, जिसमें विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षिक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष श्री मोहित मिश्रा कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को प्रेरणादायक संबोधन देते हुए माता अहिल्याबाई होलकर के जीवन आदर्शों एवं समाज सुधार के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि माता अहिल्याबाई एक कुशल प्रशासक, समाज सुधारक एवं महिला सशक्तिकरण की प्रतीक थीं।

कार्यक्रम में निबंध लेखन, भाषण, दौड़ प्रतियोगिता तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को श्री मोहित मिश्रा जी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। उन्होंने विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं तथा सभी बच्चों से अपील की कि वे माता अहिल्याबाई के विचारों को अपने जीवन में अपनाएं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया तथा समस्त स्टाफ और अभिभावकों ने भी आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष सजावट की गई थी तथा चारों ओर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

# मेहनत करने वालों का ही भाग्य होता है उदय : अजय प्रकाश त्रिपाठी

## सालिकराम कोचिंग इंस्टीट्यूट में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़, बाराबंकी। कस्बा हैदरगढ़ स्थित सालिकराम कोचिंग इंस्टीट्यूट में आज एक प्रेरणादायक एवं गरिमामयी ''प्रतिभा सम्मान समारोह'' का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य उन होनहार छात्रों को सम्मानित करना था जिन्होंने हाल ही में आयोजित पुलिस भर्ती, हाई कोर्ट लिपिक परीक्षा तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयन प्राप्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक श्री अजय प्रकाश त्रिपाठी ने दो दर्जन से अधिक सफल अभ्यर्थियों को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने प्रेरक वक्तव्य में कहा, ''कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। इन विद्यार्थियों की सफलता पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा है।''

समारोह के दौरान चयनित विद्यार्थियों ने भी अपने संघर्षों, अनुभवों और तैयारी की रणनीतियों को साझा किया। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को निरंतर प्रयास करने, समय का सदुपयोग करने और लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प रखने की सलाह दी।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भानू बाजपेई, हरिश्चंद्र सिंह, सरोज वर्मा, राकेश गिरी एवं पूर्व सभासद ओम प्रकाश सिंह चौहान मौजूद रहे। इन सभी गणमान्य व्यक्तियों ने संस्थान के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को भविष्य में और ऊंचाइयों तक पहुंचने की शुभकामनाएं दीं। प्रधान प्रतिनिधि बेलहरी गुड्डू सिंह चौहान एवं सत्य प्रकाश सिंह चौहान ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया ।

इस समारोह ने न केवल सफल छात्रों को सम्मानित किया, बल्कि उपस्थित विद्यार्थियों में भी नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। सालिकराम कोचिंग इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि सही मार्गदर्शन और समर्पित मेहनत से सफलता निश्चित है।

# डीजे की अध्यक्षता में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर, अधिकारियों व अधिवक्ताओं ने लिया परामर्श




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान एवं जिला न्यायालय स्थित प्रशासनिक भवन में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर की अध्यक्षता श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने की।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त शिविर न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों व वादकारियों के लिये लगाया गया है। उक्त शिविर में निःशुल्क जांचे करते हुये लोगों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया जायेगा। उक्त शिविर में चिकित्सा विभाग की ओर से एलोपैथिक, आयुर्वेद, होम्यौपैथ चिकित्सकों के द्वारा अधिवक्ताओं, वादकारियों व कर्मचारियों को निःशुल्क परामर्श के उपरान्त दवायें दी गयीं। उक्त शिविर में शुगर, ब्लड प्रेशर व अन्य प्रकार की जांचे भी चिकित्सकों के द्वारा की गयी।

# जयंती के उपलक्ष्य में अहिल्याबाई को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जैदपुर/ रामनगर बाराबंकी। नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती पर एक भव्य समारोह का आयोजन कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद उपेंद्र रावत ने उन्हें मराठा शासिका बताते कहा कि धार्मिकता सामाजिकता और राजनीतिक कुशलता के लिए चिरकाल तक उन्हें स्मरण किया जाएगा।इस मौके पर

उन्होंने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं भी दी और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस दौरान छात्राओं द्वारा रंगोली भाषण प्रतियोगिता ,एवं महिला सशक्तिकरण, दौड़ प्रतियोगिता के माध्यम से रानी अहिल्या बाई के विचारों एवं बलिदान को स्मरण किया गया।वरिष्ठ भाजपा नेता अबु उमर अंसारी ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवनवृत पर विस्तार से चर्चा की। आयोजन में उपस्थित अन्य लोगों ने वीरांगना के आदर्शों को आत्मसात और महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य चौरे संजय अवस्थी नीतू रावत, दशरथ लाल व विद्यालय स्टाफ सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। रामनगर डिग्री कॉलेज में इसी क्रम में आयोजित भावी कार्यक्रम में बताओ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने वीरांगना के राष्ट्र प्रेम पर विस्तार से चर्चा की।

### हजारों खर्च कर लगी खामोश पड़ी है हाई मास्क

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लाक क्षेत्र के सेमरावां इंटर कालेज के सामने वर्ष 2022-23 में सांसद उपेंद्र सिंह रावत निधि से लगाई गई हाईमास्ट विद्युत लाइट काफी दिनों से खराब है।, जिसके संबंध में अनेक शिकायतों के बाद भी किसी ने संज्ञान नहीं लिया।सेमरावां के श्यामाकांत शुक्ला ने बताया कि उक्त लगी लाइटों में तीन लाइटें काफी दिनों से खराब है। जिससे रोशनी की कमी रहती है। जिसे ठीक कराएं जाने के लिए दो-तीन बार हेल्प लाइन नं पर जानकारी देते हुए उक्त लाइट को ठीक कराने की मांग की गई ।

### पुलिस के हत्थे चढ़े दहेज के हत्यारोपी

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दहेज हत्या मामले आरोपित पति व ससुर को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने दोनों आरोपितों को न्यायलय में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। बड्डूपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि बताया दहेज हत्या के मामले आरोपित पति व ससुर को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।जबकि आरोपित एक तीसरे व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

### प्रतापगढ़ में बदमाशों ने 30 हजार लूटे

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में बेखौफ़ मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों ने बेकरी व्यापारी से मंगलवार शाम दिन-दहाडे 20 हजार रुपये लूट लिये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोतवाली देहात के कटरा में दिनी गंज बाजार में मोटर सायकिल सवार तीन बदमाश बेकरी व्यापारी राजेश की दुकान पर पहुंचे और गुटका मांगने लगे। पहले तो बदमाशों ने व्यापारी के साथ नोंकझोंक की उसके बाद तमंचा सटा कर दुकानदार से 30 हजार रुपया लूट लिया और फरार हो गये। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिये पुलिस काबिंग कर रही है और सी सी टी वी को देखा जा रहा है। घटना की बाबत बेकरी व्यापारी से की पूछताछ की जा रही है।

# राम न चले हनुमान के बिना, भक्ति मय गीतों से गूंजा वातावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। दूसरा बड़ा मंगल के अवसर पर भगवान महावीर के दर्शन अर्जन के लिए मंदिरों में भारी भीड़ में पड़ थी। पवन पुत्र के भक्ति श्रद्धालुओं ने जगह-जगह प्रसाद वितरण हेतु शिविर आयोजित किए थे। रामसनेहीघाट प्रतिनिधि ने बताया कि नगर पंचायत सहित ग्रामीण अंचलों में जगह-जगह भव्य भंडारा आयोजित कर प्रसाद भोजन प्रसाद वितरण किया गया।सुंदरकांड पाठ और जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।भाजपा के नवीन कार्यालय में भव्य आयोजन का शुभारंभ खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा द्वारा सुंदरकांड पाठ से हुआ । भंडारा आयोजन में पूर्व सांसद लल्लू सिंह, एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह चंद्रशेखर वर्मा जगदीश गुप्ता नीरज सिंह सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओ ने प्रसाद ग्रहण किया। तहसील परिसर में लेखपाल संघ द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। एसडीएम अनुराग सिंह, तहसीलदार प्राची त्रिपाठी समेत अनेक प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सुमेरगंज स्थित बूढ़े हनुमान मंदिर सहित अनेक स्थानों पर भी श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

मसौली क्षेत्र में जगह जगह पुड़ी सब्जी, बून्दी, छोला चावल आदि का वितरण किया गया।

बंकी ब्लाक मुख्यालय पर ज्येष्ठ के दूसरे मंगलवार को आयोजित भंडारे का शुभारंभ सदर विधायक धर्मराज यादव एवं खण्ड विकास अधिकारी डॉ संस्कृता मिश्रा ने पूजा अर्चना करके किया। जिसमें महिलाएं , पुरुष और बच्चों ने पुड़ी, सब्जी, हलवा का प्रसाद ग्रहण किया।इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मसौली रईस आलम, खंड विकास अधिकारी देवा नेहा शर्मा, ए डी ओ खुशबू राय अनिल दुबे, सूरज सिंह, सचिव आशीष वर्मा, अनुराग यादव, अरुण त्रिवेदी, मनोज कुमार लेखाकार रविंद्र सिंह सहित लोगों ने बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया। इसके अलावा कस्बा मसौली स्थित बाबा रामशरण भगवत दास हनुमान कुटी मसौली में ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल पर सहज राम वर्मा द्वारा किया गया विशाल भण्डारे का आयोजन। ज्येष्ठ माह दूसरे बड़े मंगल पर मसौली बाजार स्थित बाबा रामशरण भगवत दास हनुमान कुटी मंदिर पर सहज राम वर्मा आशाराम वर्मा आशीष कुमार अमन नरेन्द्र कुमार आदि के द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें पूड़ी सब्जी बुंदी शरबत आदि प्रसाद वितरित किया गया जिसमें मसौली बडागांव के साथ साथ क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया ओर भगवान हनुमानजी के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंज उठा।

इसी क्रम में मसौली के शहरी बीर बाबा मंदिर पर हवन पूजन के साथ भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें आयोजक शानू यादव मयाराम वर्मा, संतोष वर्मा ललित सोनी राम किशुन वर्मा श्याम बहार गजेंद्र वर्मा डा सत्रौहन विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे। सिद्धौरः- दूसरे बड़े मंगलवार अवसर पर क्षेत्र में जगह-जगह समाज सेवियों द्वारा भंडारे का आयोजन कर हनुमत प्रसाद का वितरण किया गया! सिद्धौर ब्लाक क्षेत्र के मुरलीगंज, उचिटा तिराहा, सेमरावां, कोठी समेत ग्रामीण अंचलों में समाज सेवियों द्वारा आयोजित किए गए भंडारे में कहीं पूड़ी सब्जी,छोला चावल, सर्बत आदि का वितरण बड़े ही हर्ष भाव के साथ किया गया।इस दौरान राम भक्त बीर हनुमान के जयकारे वातावरण में गुंजायमान रहे। निंदूरा के अमित गुप्ता ने बताया कि बड़े मंगलवार के अवसर पर क्षेत्र के टिकैतगंज, कुर्सी, बड्डूपुर, बाबागंज, पिड़सावा आदि कस्बों व गांव के हनुमान मंदिरों में दर्शन व पूजा अर्चना के लिए भक्तो लोगों ने सुबह उठकर श्रीराम भक्त हनुमान को लड्डू का भोग लगाकर पूजा अर्चना की और जय श्री राम का उद्घोष किया जिससे संपूर्ण वातावरण राममय हो गया। कस्बा कुर्सी में केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज के निकट तथा कुंडआ चौराहे पर आनंद गुप्ता द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।इस मौके पर सुनील जायसवाल,आदेश यादव,मो फुरकान,प्रमोद गुप्ता , डॉ अर्जुन चौधरी,आदित्य गुप्ता सहित अन्य भक्तगण मौजूद रहे।

# आईपीएल प्ले ऑफ के लिए दावा मजबूत करने उतरेंगे मुंबई इंडियन्स और दिल्ली कैपिटल्स

एजेंसी




मुंबई। एकमात्र उपलब्ध प्ले ऑफ स्थान के लिए चुनौती पेश कर रही मुंबई इंडियन्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुधवार को जब यहां आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपना दावा मजबूत करने पर टिकी होंगी। मुंबई का पलड़ा हालांकि भारी नजर आ रहा है। टीम ने बेहद खराब शुरुआत के बाद जोरदार वापसी की और अब शीर्ष चार में शामिल है। दिल्ली की शुरुआत काफी अच्छी रही थी लेकिन टीम अपने पिछले छह मैच में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई है। सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ सुपरजाइंट्स की हार के साथ ही टीम की प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद भी खत्म हो गई जिससे अब मुकाबला मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। गुजरात टाइटन्स, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहले ही नॉकआउट में जगह पक्की कर ली है। मुंबई इंडियंस (14 अंक) और दिल्ली कैपिटल्स (13 अंक) दोनों के पास प्ले ऑफ में जगह बनाने का मौका है लेकिन वानखेड़े स्टेडियम में मेजबान टीम प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। मुंबई की जीत से उनके 16 अंक हो जाएंगे और टीम अक्षर पटेल की अगुवाई वाली टीम की पहुंच से बाहर हो जाएगी वहीं दिल्ली कैपिटल्स को आगे बढ़ने के लिए अपने बचे हुए दोनों मुकाबले जीतने की जरूरत है। दोनों टीमों को अपने आखिरी मुकाबले पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने हैं। मुंबई इंडियंस की फॉर्म और गहराई उनके पक्ष में है। टीम को हालांकि लगभग दो सप्ताह पहले गुजरात टाइटन्स के खिलाफ करीबी मैच में हार का सामना करना पड़ा था। लगातार छह जीत के बाद मुंबई को यह हार झेलनी पड़ी थी। जीत के साथ मुंबई की टीम प्लेऑफ में पहुंच जाएगी लेकिन हार की स्थिति में उनका भाग्य 24 मई को दिल्ली और पंजाब के बीच होने वाले मुकाबले के नतीजे पर निर्भर करेगा। महेला जयवर्धने के मार्गदर्शन में खेल रही टीम हालांकि दिल्ली को हराकर अगर-मगर पर विराम लगाना चाहेगी। मुंबई के सुपरस्टार रोहित शर्मा पर सभी की नजरें होंगी क्योंकि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद यह उनका पहला मैच होगा। यह अनुभवी बल्लेबाज अपनी पूरी ताकत झोंकने और अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए उत्सुक होगा। मुंबई की टीम अपने मौजूदा संयोजन का भी पूरा लाभ उठाना चाहेगी जिसमें रेयान रिकेल्टन और कॉर्बिन बॉश प्रमुख भूमिकाओं में हैं। प्लेऑफ से पहले ये दोनों दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ने के लिए रवाना होंगे। सूर्यकुमार यादव बल्ले से अपनी बेहतरीन फॉर्म को जारी रखना चाहेंगे लेकिन मुंबई को तिलक वर्मा के लय हासिल करने की उम्मीद होगी। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज मौजूदा सत्र में प्रभाव छोड़ने में विफल रहा है और पिछले पांच मैच में तीन बार दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाया।

# आईपीएल 2025 से बाहर होने पर, एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत बोले- 'कई गैप थे जिन्हें भरना मुश्किल हो गया'

एजेंसी

लखनऊ। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का सफर सोमवार को आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया जब सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने उन्हें हराकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया। मुकाबले के बाद कप्तान ऋषभ पंत ने टीम के प्रदर्शन पर खुलकर बात की और बताया कि चोटिल खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी ने टीम को काफी नुकसान पहुँचाया। पंत ने कहा, ''यह हमारे लिए सबसे अच्छा सीजन नहीं रहा। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही हमें अंदाज़ा था कि चोटों के कारण कई गैप हैं। हमने सोचा कि इस बारे में बात नहीं करेंगे, लेकिन इन गैप्स को भरना मुश्किल होता चला गया। एलएसजी के लिए तेज़ गेंदबाज़ी विभाग सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ। मोहसिन खान पूरे सीजन से बाहर रहे, जबकि तेज़ गेंदबाज़ मयंक यादव, जिन पर टीम ने काफी भरोसा जताया था, ज्यादातर समय



चोटिल रहे। मयंक की वापसी भी लंबी नहीं चल सकी और वह दोबारा कमर की चोट से जूझते नज़र आए। इसके अलावा अवेश खान और आकाश दीप भी फिटनेस समस्याओं से जूझते रहे और सीजन के बीच में ही टीम से जुड़ सके। ऋषभ पंत ने आगे कहा, ''हमने जिस तरह से नीलामी की योजना बनाई थी, अगर वही गेंदबाज़ी अटैक होता तो शायद कहानी अलग होती। लेकिन यही क्रिकेट है, कभी चीजें आपके पक्ष में जाती हैं, तो कभी नहीं। हमें उन सकारात्मक बातों पर फोकस करना चाहिए जो हमें आगे बढ़ा सकती हैं। एलएसजी की बल्लेबाज़ी में इस सीजन दम ज़रूर दिखा। मिशेल मार्श और एडेन मार्करम की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत टीम ने 205 रन बनाए, हालांकि पंत के मुताबिक यह स्कोर ल्लकम से कम 10 रन कमङ्क था। एसआरएच ने यह लक्ष्य सिर्फ 10 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। बावजूद इसके, कुछ सकारात्मक पहलू भी एलएसजी के लिए रहे। युवा लेग स्पिनर दिग्वेश राठी ने अपने डेब्यू सीजन में शानदार प्रदर्शन किया। 25 वर्षीय गेंदबाज़ ने 12 मैचों में 14 विकेट झटके और उनकी इकॉनमी 8.08 रही। सोमवार को भी उन्होंने 2 विकेट लिए और सबसे प्रभावशाली गेंदबाज़ रहे। पंत ने कहा, ''राठी ने जिस तरह से गेंदबाज़ी की, वह देखने में बहुत अच्छा रहा। वह हमारे लिए इस सीजन की सबसे बड़ी सकारात्मक चीज़ों में से एक रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पंत यह स्वीकार करने वाले पहले व्यक्ति होंगे कि उनका सत्र अच्छा नहीं रहा: मार्श

लखनऊ। ऋषभ पंत 27 करोड़ रुपये की भारी भरकम कीमत के बावजूद एक बेहतरीन मैच विजेता की अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और लखनऊ सुपरजाइंट्स के मिचेल मार्श ने टीम के आईपीएल से बाहर होने के बाद कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज यह स्वीकार करने वाला पहला व्यक्ति होगा कि इस लुभावनी टी20 लीग में उनका सत्र अच्छा नहीं रहा। सुपरजाइंट्स को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा और इसके साथ टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो गई जबकि उसके दो और मैच बचे हैं। सुपरजाइंट्स के कप्तान पंत ने 12 मैच में 135 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 100 से कम है। यह 2016 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पदार्पण करने के बाद से उनका सबसे खराब आईपीएल सत्र रहा है। अब तक पांच अर्धशतक से 443 रन बनाने वाले मार्श ने संवाददाताओं से कहा, ''वह यह कहने वाले पहले व्यक्ति होंगे कि उनका सत्र वैसा नहीं रहा जैसा उन्हें पसंद होता लेकिन मैं व्यक्तिगत रूप से जानता हूं कि कभी-कभी क्रिकेट इसी तरह चलता है। मार्श ने उम्मीद जताई कि पंत सुपरजाइंट्स के आखिरी दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, हालांकि ये महज औपचारिकता के मुकाबले होंगे। उन्होंने कहा, ''हम जानते हैं कि वह एक शानदार खिलाड़ी हैं, बेहद कुशल और बेहद प्रतिभाशाली है इसलिए वह वापसी करेगा। सत्र के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछे जाने पर मार्श ने कहा कि 14वें लीग मैच के खत्म होने के बाद सभी के प्रदर्शन की जांच की जा सकती है। मार्श ने कहा, ''मुझे लगता है कि शायद इस सत्र के बाद आत्मचिंतन का समय आएगा। मेरा ध्यान बस अपनी टीम और अपनी फ्रेंचाइजी के लिए अगले दो मैच जीतने में योगदान देने की कोशिश करने पर है। जैसा कि मैंने कहा कि आईपीएल एक बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और इसमें जीत का अंतर बहुत कम होता है।'' उन्होंने कहा, ''हमने पूरे सत्र में कुछ करीबी मैच गंवाए जो अब हमें नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन हां, अब यह सब इस बारे में है कि हम जितना संभव हो सके इस सत्र को मजबूती से खत्म करें। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले सत्र में केवल आक्रमण करने के अपने सिद्धांत के साथ टी20 बल्लेबाजी की नई परिभाषा लिखी थी लेकिन इस सत्र के दौरान यह कारगर नहीं रहा जहां टीम पहले ही प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है जबकि अभी उसके दो मैच बचे हुए हैं। मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने कहा, ''लोगों ने इस बारे में बात की है कि जाहिर तौर पर हम इस वर्ष आक्रामक होने की प्रतिष्ठा के साथ आए थे और फिर पहले मैच में हमने 280 रन बनाए। इस बात की चर्चा थी कि यह जारी रहेगा। मुझे लगता है कि हमारे लिए यह सिर्फ परिस्थितियों के बारे में सीखना और यह समझना है कि हम उन परिस्थितियों में कैसे खेलते हैं और कुछ बार हम लड़खड़ा गए।'' इस पूर्व दिग्गज स्पिनर ने कहा कि टीम के लिए हालात से सामंजस्य बैठाना एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया। विटोरी ने कहा, ''शायद (हम) उतनी जल्दी सामंजस्य नहीं बैठा पाए जितना हम चाहते थे और ऐसा खेल खेला जो उन तरह के विकेटों के अनुकूल नहीं था इसलिए यह प्रमुख सीख है। आज इसका एक अच्छा उदाहरण था कि हम पावर प्ले में आक्रामक हो सकते हैं लेकिन फिर उन मध्य चरणों के दौरान हमें जिम्मेदारी से बल्लेबाजी करनी थी और कुछ विकल्प अपनाने थे।

### ब्राइटन ने लीवरपूल को हराया

**ब्राइटन।** स्थानापन्न खिलाड़ी जैक हिन्सेलवुड के गोल की मदद से ब्राइटन ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां लीवरपूल को 3-2 से हराकर यूरोपीय क्लब फुटबॉल में खेलने की अपनी मामूली उम्मीदों को जीवंत रखा। अगर चौथे स्थान पर चल रही चेल्सी की टीम अगले हफ्ते यूरोपा कांफ्रेंस लीग जीत लेती है जो संभावना है कि प्रीमियर लीग में आठवें स्थान की टीम अगले सत्र में कांफ्रेंस लीग में जगह बना सकती है। सोमवार की जीत से ब्राइटन की टीम प्रीमियर लीग अंक तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गई। टीम ब्रेंटफोर्ड से तीन, फुलहम से चार और बोर्नेमाउथ से पांच अंक आगे है। बोर्नेमाउथ को अभी दो और मैच खेलने हैं जबकि बाकी चार टीम का एक-एक मैच बचा है। लीवरपूल ने कई खिलाड़ियों को आराम दिया लेकिन फिर भी मात्र नौ मिनट बाद ही हार्वी इलियट के गोल से बढ़त बना ली और ऐसा करके वह प्रीमियर लीग के इतिहास में विरोधी टीम के मैदान पर अपने सभी मैच में गोल करने वाली तीसरी टीम बन गई। यासिन अयारी ने हालांकि 32वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया लेकिन डोमीनिक जोबोज्लाई ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में गोल दागकर लीवरपूल को 2-1 से आगे कर दिया। काउरू मितोमा ने 69वें मिनट में ब्राइटन को बराबरी दिलाई जबकि 85वें मिनट में हिन्सेलवुड ने एक और गोल करके उसकी जीत सुनश्चित की।

### मोबिक्विक का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत घाटा बढ़कर 56 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** वित्त प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत घाटा बढ़कर 56 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वर्ष इसी तिमाही में घाटा 0.6 करोड़ रुपये रहा था। मोबिक्विक सिस्टम्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, समीक्षाधीन अवधि में परिचालन आय मामूली वृद्धि के साथ 267.7 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी का भुगतान जीएमवी (सकल व्यापारिक मूल्य) सालाना आधार पर 203 प्रतिशत बढ़कर 1,15,900 करोड़ रुपये हो गया। मोबिक्विक की सह-संस्थापक एवं मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) उपासना टाकू ने कहा, '' हमारे भुगतान व्यवसाय ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है, जो सालाना आधार पर तीन गुना बढ़ रहा है। समूचे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी का घाटा कम होकर 121.5 करोड़ रुपये हो गया। राजस्व 33.7 प्रतिशत बढ़कर 1,170.1 करोड़ रुपये हो गया। भुगतान से राजस्व 142 प्रतिशत बढ़कर 767.4 करोड़ रुपये हो गया।

### मीडियाटेक दुनिया की सबसे छोटी चिप का उत्पादन सितंबर से करेगी शुरू

**ताइपे (ताइवान)।** फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक इस साल सितंबर से दुनिया की सबसे छोटी दो नैनोमीटर चिप का उत्पादन शुरू करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वर्तमान में सबसे छोटी चिप तीन नैनोमीटर आकार की है। मीडियाटेक के वाइस चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रिक त्साई ने वैश्विक प्रौद्योगिकी कार्यक्रम कम्प्यूटेक्स में कहा, '' हम अब दो नैनोमीटर की ओर बढ़ रहे हैं। हम इस वर्ष सितंबर में अपना पहला दो नैनोमीटर 'डिवाइस' लाएंगे। बेशक, यह एक उच्च-मात्रा वाली चिप है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसंधान निदेशक तरुण पाठक ने कहा कि मीडियाटेक की यह घोषणा कि उसका पहला 2 नैनोमीटर चिप सितंबर में लाया जाएगा। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा, यह 2 नैनोमीटर की चिप संभवतः एक कस्टम एएसआईसी (एप्लिकेशन विशिष्ट चिप) या एक स्मार्टफोन है, जिसे संरचनात्मक नवाचारों के माध्यम से पर्याप्त दक्षता लाभ हासिल करने के लिए तैयार किया गया है।

# अभिषेक शर्मा के साथ तीखी बहस के बाद दिग्वेश राठी एक मैच के लिए निलंबित

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) को छह विकेट से हरा दिया। इस मैच में एलएसजी के स्पिनर दिग्वेश राठी हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा से भिड़ गए थे। आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने की वजह से अब उन्हें एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। इससे दिग्वेश 22 मई को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाएंगे। इसके अलावा दिग्वेश पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना भी लगा है। आईपीएल द्वारा जारी बयान में बताया गया कि लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर सोमवार को लखनऊ के भारत रत्न श्री

### अभिषेक शर्मा पर भी लगा जुर्माना

अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। बयान में आगे बताया कि यह इस सीजन में अनुच्छेद 2.5 के तहत दिग्वेश का तीसरा लेवल 1 अपराध था और इसलिए उन्होंने दो डिमेरिट अंक अर्जित किए हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने पहले तीन डिमेरिट अंक अर्जित किए थे- 01 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ एक डिमेरिट अंक और 04 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ दो डिमेरिट अंक। चूंकि अब इस सत्र में उनके खाते में पांच डिमेरिट अंक हैं,



जिसके कारण उन पर एक मैच का निलंबन लगाया गया है। यह घटना एसआरएच की पारी के आठवें ओवर में घटी, जब अभिषेक शर्मा जबरदस्त फॉर्म में थे और सिर्फ 19 गेंदों में 59 रन ठोक चुके थे। सनराइजर्स का स्कोर 99/1 था और टीम मज़बूती से लक्ष्य की ओर बढ़ रही थी। ऐसे में एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत ने ब्रेकथ्रू के लिए दिग्वेश राठी को गेंद सौंपी और राठी ने उम्मीद के मुताबिक सफलता दिलाई, जब अभिषेक ने एक्स्ट्रा कवर पर कैच थमा दिया। इसके बाद जो हुआ उसने इस अहम पल की गरिमा को बिगाड़ दिया। जैसे ही अभिषेक मैदान छोड़ने लगे, राठी ने उन्हें तीखी नजरों से घूरते हुए आक्रामक अंदाज में नोटबुक सेलिब्रेशन किया। यह देख अभिषेक भड़क गए और राठी की ओर पलट कर बढ़ने लगे। दोनों के बीच कुछ तीखे शब्दों का आदान-प्रदान हुआ, जिसके बाद अंपायर और एलएसजी के खिलाड़ियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा पर भी उनकी प्रतिक्रिया के लिए जुर्माना लगाया है। बयान में बताया कि सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा पर मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इस सीजन में अनुच्छेद 2.6 के तहत यह उनका पहला लेवल 1 अपराध था और इसलिए,उन्हें एक डिमेरिट अंक मिला है।

## आईपीएल 2025: मुंबई इंडियंस ने विल जैक्स की जगह जॉनी बेयरस्टो को चुना

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम मुंबई इंडियंस ने मौजूदा सत्र के शेष मैचों के लिए ऑलराउंडर विल जैक्स की जगह इंग्लिश विकेटकीपर-बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को चुना है। जॉनी बेयरस्टो 5.25 करोड़ रुपये की कीमत पर टीम में शामिल होंगे। बेयरस्टो के अलावा, चारिथ असलांका और रिचर्ड ग्लीसन, कॉर्बिन बॉश और रयान रिकेल्टन की जगह लेंगे, जो राष्ट्रीय कर्तव्यों के लिए रवाना होंगे। ग्लीसन को 1 करोड़ रुपये, जबकि असालांका को 75 लाख रुपये की कीमत पर शामिल किया जाएगा। इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बेयरस्टो 2019 में एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली राष्ट्रीय टीम का एक अभिन्न हिस्सा थे। बेयरस्टो के पास इंग्लैंड के लिए कुल 287 कैप हैं। असालांका वर्तमान में एकदिवसीय और टी20आई प्रारूपों में श्रीलंका के कप्तान हैं और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 134 बार देश का प्रतिनिधित्व किया है।

# सर्राफा बाजार में मामूली तेजी सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 95,520 रुपये से लेकर 95,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 87,560 रुपये से लेकर 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 98,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 95,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 95,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22



कैरेट सोना 87,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 95,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 87,610 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 95,520 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 87,560 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 95,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 95,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 95,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 87,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 95,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 95,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 87,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय का लक्ष्य तीन से पांच महीने में जेनसोल इंजीनियरिंग की जांच पूरी करना

एजेंसी

नयी दिल्ली। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय का लक्ष्य संकटग्रस्त जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड और करीब 18 अन्य संबंधित कंपनियों की जांच अगले तीन से पांच महीने में पूरी करना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वहीं राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) की प्रमुख रवनीत कौर ने बताया कि बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के संदर्भ के बाद एनएफआरए जेनसोल इंजीनियरिंग की प्रारंभिक जांच कर रहा है। जेनसोल की मुश्किलें 15 अप्रैल को तब शुरू हुईं जब भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक अंतरिम आदेश पारित किया। सेबी ने धन हेराफ़ेरी और संचालन के स्तर पर चूक मामले में जेनसोल इंजीनियरिंग और उसके प्रवर्तकों अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी को अगले आदेश तक प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित कर दिया। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांच का उद्देश्य हर पहलू पर गौर करना है। अगले तीन से पांच महीने में जेनसोल और करीब 18 अन्य संबंधित कंपनियों की जांच पूरी करने का भी लक्ष्य है। मंत्रालय कंपनी अधिनियम 2013 के तहत जांच कर रहा है। इसकी धारा 210 के तहत मंत्रालय को जनहित सहित विभिन्न आधारों पर किसी कंपनी के मामलों की जांच का आदेश देने का अधिकार है। इस बीच, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड के अलावा ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी के वित्तीय विवरणों की समीक्षा भी कर रहा है। गौरतलब है कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 15 अप्रैल को जेनसोल के प्रवर्तक के खिलाफ आदेश जारी किया था। इन प्रवर्तकों पर आरोप है कि उन्होंने अपनी सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग से ऋण राशि को निजी उपयोग के लिए गबन किया है।

# भारत-अमेरिका ने व्यापार समझौते के पहले चरण को शीघ्र पूरा करने पर चर्चा की

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर बातचीत का दौर जारी है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को वॉशिंगटन में अमेरिकी वाणिज्य सचिव हावर्ड लुटनिक के साथ दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत में तेजी लाने के लिए चर्चा की। पीयूष गोयल व्यापार समझौते की वार्ता की प्रगति की समीक्षा के लिए मंत्री स्तरीय बैठक के लिए इस समय वॉशिंगटन में हैं। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण में तेजी लाने की दिशा में वाणिज्य सचिव (अमेरिकी वाणिज्य मंत्री) हावर्ड लुटनिक के साथ सार्थक चर्चा हुई। मंत्री स्तरीय बैठक के बाद दोनों देशों के मुख्य वार्ताकारों के बीच 22 मई तक विचार-विमर्श होगा। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील के मुद्दे पर यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देश इस वर्ष शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने की संभावना तलाश रहे हैं। दोनों देशों के बीच वार्ता में जिन मुख्य मुद्दों पर चर्चा होगी, उनमें बाजार पहुंच, उत्पत्ति के नियम और गैर-शुल्क बाधाएं भी शामिल हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व्यापार वार्ता पर चर्चा के लिए मार्च में भी वॉशिंगटन गए थे। भारत और अमेरिका के अधिकारियों का लक्ष्य व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए 90 दिवसीय शुल्क विराम अवधि का लाभ उठाना है। अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त 26 फीसदी शुल्क को नौ जुलाई तक के लिए निलंबित कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बढ़ते व्यापार घाटे को पाटने के लिए 2 अप्रैल, 2025 को टैरिफ दरों में बढ़ोतरी का ऐलान किया था। हालांकि, 10 फीसदी का मूल शुल्क सभी देशों पर लागू है।

# वित्त मंत्री ने विनियमन एवं स्वतंत्रता के बीच सही संतुलन का किया आह्वान

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए विनियमन और स्वतंत्रता के बीच सही संतुलन होना चाहिए। सीतारमण ने नियामक से बाजार में होने वाले बदलावों का अनुमान लगाने और प्रासंगिक बने रहने का आग्रह किया। सीतारमण ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के 16वें वार्षिक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि नियामक ढांचे को ऐसे विलयों के लिए त्वरित अनुमोदन की सुविधा प्रदान करनी चाहिए जो प्रतिस्पर्धी प्रथाओं को नुकसान न पहुंचाएं। उन्होंने बाजार में होने वाले बदलावों का पूर्वानुमान लगाने और निष्पक्ष



व्यवहार को बढ़ावा देने में सीसीआई की भूमिका पर भी जोर दिया। कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री के रूप में सीतारमण ने बाजार में बदलावों के अनुकूल ढलने में सीसीआई की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। सीतारमण ने कहा कि विनियमनों को तेजी से मंजूरी सुनिश्चित करनी चाहिए, जहां प्रतिस्पर्धा को खतरा न हो। इस कार्यक्रम में खरीद अधिकारियों के लिए टूलकिट भी जारी की गई। इस अवसर पर सीसीआई की अध्यक्ष रवनीत कौर भी मौजूद थीं। सीसीआई के 16वें वार्षिक दिवस समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि विनियमन और स्वतंत्रता के बीच सही संतुलन होना चाहिए। सीसीआई के 16वें वार्षिक दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में सार्वजनिक खरीद अधिकारियों के लिए एक नया डायग्नोस्टिक टूलकिट और संयोजनों से निपटने के बारे में एफएक्यू भी जारी किया गया, जिससे उत्तरदायी और प्रभावी प्रतिस्पर्धा विनियमन की आवश्यकता की पुष्टि हुई।

# भारत की 76 प्रतिशत आबादी भीषण गर्मी के जोखिम में : रिपोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत की 76 प्रतिशत आबादी अब भीषण गर्मी के गंभीर खतरे का सामना कर रही है।

काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायर्नमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) की आज जारी रिपोर्ट 'हाउ एक्सट्रीम हीट इज इंपैक्टिंग इंडिया' के अनुसार देश के 57 प्रतिशत जिले यानी 734 में से 417 जिले अधिक या बहुत अधिक गर्मी के जोखिम में हैं।

रिपोर्ट बताती है कि भारत में अब गर्मी केवल दिन की समस्या नहीं रही बल्कि बहुत गर्म रातों और बढ़ती नमी के कारण यह और भी खतरनाक होती जा रही है। खासकर उत्तर भारत में सापेक्षिक आर्द्रता तेजी से बढ़ रही है, जिससे महसूस होने वाला तापमान वास्तविक तापमान से कई डिग्री अधिक हो जाता है और शरीर को गर्मी से राहत मिलना मुश्किल हो जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक देश के सबसे अधिक जोखिम वाले 10 राज्य-केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली, आंध्र प्रदेश, गोवा, केरल, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। यह अध्ययन 1982 से 2022 तक के 35 संकेतकों के आधार पर तैयार किया गया है, जो जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मी के बदलते स्वरूप को उजागर करता है। विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में 'अर्बन हीट आइलैंड' प्रभाव के कारण बहुत गर्म रातों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। मुंबई, जयपुर और चेन्नई जैसे शहरों में इन गर्म रातों की संख्या में बीते दशक में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। सिर्फ शहर ही नहीं, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और केरल जैसे राज्यों के कई ग्रामीण जिले भी बहुत अधिक गर्मी के खतरे में हैं, जहां बड़ी संख्या में लोग खुले में काम करते हैं और उनके लिए स्वास्थ्य जोखिम कहीं अधिक होता है। रिपोर्ट के अनुसार, सिंधु-गंगा के मैदानी क्षेत्रों में सापेक्षिक आर्द्रता में 10 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। दिल्ली, चंडीगढ़, कानपुर, जयपुर और वाराणसी जैसे परंपरागत रूप से शुष्क शहरों में अब उच्च आर्द्रता देखी जा रही है, जिससे मध्यम तापमान भी अत्यधिक खतरनाक महसूस होता है। सीईईडब्ल्यू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. अरुणाभा घोष ने कहा कि गर्मी अब भविष्य की नहीं बल्कि आज की चुनौती है। जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम लगातार अस्थिर हो रहा है और यह भारत में गर्मी की हमारी समझ को बदल रहा है। अब समय आ गया है कि प्रत्येक शहर और जिले के लिए स्थानीय स्तर पर हीट एक्शन प्लान तैयार किया जाए, जो न केवल दिन के तापमान बल्कि रात्रिकालीन गर्मी और नमी को भी ध्यान में रखे। सीईईडब्ल्यू के वरिष्ठ कार्यक्रम लीड डॉ. विश्वास चितले के अनुसार, पैरामीट्रिक हीट इंश्योरेंस, अर्ली वॉर्निंग सिस्टम, कूल रूफ और नेट-जीरो कूलिंग शेल्टर जैसे समाधानों को अब हीट एक्शन प्लान का हिस्सा बनाना होगा। महाराष्ट्र, ओडिशा, गुजरात और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने इस दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं और अब इन प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने की आवश्यकता है। सकारात्मक पहल के रूप में वर्ष 2024 में हीटवेव को आपदा के रूप में मान्यता मिलने के बाद अब राज्य सरकारें राज्य आपदा शमन कोष (एसडीएमएफ) के जरिए विशेष वित्त जुटा सकती हैं। इस समय सीईईडब्ल्यू भारत के छह राज्यों में 50 से अधिक शहरों और जिलों में स्थानीय हीट एक्शन प्लान तैयार करने में सहयोग कर रहा है और 2027 तक ऐसे 300 से अधिक प्लान विकसित करने का लक्ष्य है। लोगों को बढ़ती गर्मी के प्रति जागरूक करने और उससे निपटने के सरल उपायों को दिखाने के लिए, सीईईडब्ल्यू एक पांच भागों वाली वीडियो सीरीज भी शुरू कर रहा है, जिसे अभिनेता आशीष विद्यार्थी, यूट्यूबर श्वेता राठौर और अशरफ एक्सेल होस्ट करेंगे।

# भारतीय नौसेना के समुद्री बेड़े में शामिल किये जाएंगे 'प्राचीन सिले हुए जहाज'

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना बुधवार को अपने समुद्री बेड़े में प्राचीन सिले हुए जहाज को शामिल करने के साथ ही उसका नामकरण भी करेगी। कर्नाटक के कारवार में आयोजित समारोह औपचारिक रूप से जहाज को भारतीय नौसेना में शामिल करने का प्रतीक होगा। सिला हुआ जहाज 5वीं शताब्दी के जहाज का एक नया रूप है, जो अजंता की गुफाओं की एक पेंटिंग से प्रेरित है। समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे।

भारतीय नौसेना और मेसर्स होदी इनोवेशन के बीच जुलाई, 2023 में हस्ताक्षरित एक त्रिपक्षीय समझौते के बाद संस्कृति मंत्रालय से वित्त पोषण मिला था। सिले हुए जहाज की कील बिछाने का काम 12 सितंबर, 23 को शुरू हुआ था। सिले हुए जहाज का निर्माण पूरी तरह से पारंपरिक तरीकों और कच्चे माल का उपयोग करके केरल के कारीगरों ने किया है। मास्टर शिपराइट बाबू शंकरन के नेतृत्व में जहाज के लिए हजारों हाथ से सिले हुए जोड़ बनाए गए हैं। इस जहाज को फरवरी, 2025 में मेसर्स होडी शिपयार्ड, गोवा में लॉन्च किया गया था।




भारतीय नौसेना ने इस परियोजना के कार्यान्वयन की देखरेख की है, जिसमें मेसर्स होदी इनोवेशन और पारंपरिक कारीगरों के सहयोग से अवधारणा विकास, डिजाइन, तकनीकी सत्यापन और निर्माण शामिल है। इस दौरान तमाम तकनीकी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, क्योंकि 5वीं शताब्दी का कोई भौतिक अवशेष न होने के कारण डिजाइन को कलात्मक आइकनोग्राफी से निकाला जाना था। इस परियोजना के लिए पुरातात्विक व्याख्या, नौसेना वास्तुकला, हाइड्रोडायनामिक परीक्षण और पारंपरिक शिल्प कौशल की आवश्यकता थी। सिले हुए जहाज आधुनिक समय के जहाजों से पूरी तरह से अलग हैं। मॉडल परीक्षण करने के लिए आईआईटी मद्रास के महासागर इंजीनियरिंग विभाग ने सहयोग किया है।

# खट्टर ने ऊर्ज़ा सुरक्षा को सबसे बड़ी चुनौती बताया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने ऊर्ज़ा सुरक्षा को वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया है तथा आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर ऊर्ज़ा संसाधनों तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया है।

श्री खट्टर ने ब्राजील की अध्यक्षता में ब्रासीलिया में कल आयोजित ब्रिक्स ऊर्ज़ा मंत्रियों की बैठक के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने ऊर्ज़ा सुरक्षा को वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया तथा आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर ऊर्ज़ा संसाधनों तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने 'अधिक समावेशी और टिकाऊ शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को मजबूत करना' विषय के तहत ब्राजील के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने वैश्विक विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में ऊर्ज़ा सुरक्षा, पहुंच और सामर्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने वर्ष 2030 तक ऊर्ज़ा दक्षता को दोगुना करने के लक्ष्य की पुष्टि की और ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग और ज्ञान साझा करने पर जोर दिया। उन्होंने वर्ष 2026 में भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स की वैश्विक ऊर्ज़ा भूमिका को बढ़ाने और साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। केंद्रीय मंत्री ने वैश्विक ऊर्ज़ा मिश्रण में जीवाश्म ईंधन की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए विकासशील देशों को हरित रासायनिक नवाचारों जैसी प्रौद्योगिकियों के माध्यम से उनके स्वच्छ और कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अधिक सहयोग का आग्रह किया।

# सवाल पूछने वालों को चुप कराना भाजपा सरकार की प्राथमिकता : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) सरकार ने गुजरात समाचार के संचालक को गिरफ्तार करके यह साबित कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता पहलगाम हमले के आतंकवादियों को गिरफ्तार करना नहीं बल्कि उससे इस मुद्दे पर सवाल पूछने वालों का मुंह बंद करना है।

गुजरात विधानसभा में कांग्रेस सदस्य जिग्नेश मेवानी और सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, गुजरात की भाजपा सरकार दलित, पिछड़ा वर्ग, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उन्हें बेघर कर रही है और जो भाजपा के आलोचक हैं उनको टारगेट किया जा रहा है। इन सब स्थितियों से साफ है कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता पहलगाम हमले के गुनहगारों को सजा देना नहीं बल्कि सरकार से सवाल पूछने वाले गुजरात समाचार जैसे संस्थानों का मुंह बंद करने के लिए उसके संचालक को प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) के जरिए गिरफ्तार करवाना जैसे काम रह गये हैं।

उन्होंने गुजरात प्रदेश कांग्रेस की ओर से 'गुजरात समाचार' पर की गई कार्रवाई की कड़ी निंदा की और कहा कि पिछले कुछ दिनों में भाजपा सरकार ने कई मीडिया संस्थानों पर हमला किया है। उन्होंने कहा, अब गुजरात सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह सवाल पूछने पर अभी और पत्रकारों को भी टारगेट करेगी। सरकार नहीं चाहती कि कोई भी पत्रकार या बुद्धीजीवि सरकार से तीखे सवाल पूछे। 'गुजरात समाचार' ने कांग्रेस के खिलाफ भी लिखा है लेकिन हमने कभी उनके यहां ईडी या सीबीआई नहीं भेजी या कभी छापेमारी नहीं करवाई। कांग्रेस नेताओं ने कहा, पहलगाम हमले के बाद, देश देखना चाहता है कि कब मोदी सरकार हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों को गिरफ्तार करेगी। वो आतंकवादी कहां चले गए, वे पाकिस्तान वापस चले गए या भारत की जमीन पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के पास इन सवालों का कोई जवाब नहीं है। उन्होंने कहा, आतंकवादियों को गिरफ्तार करने के बदले, सरकार ने इस मुद्दे पर सवाल पूछने वाले गुजरात के लीडिंग न्यूज पेपर 'गुजरात समाचार' के मैनेजिंग एडिटर को टारगेट किया है, ये भाजपा सरकार की मंशा को दिखाता है। ऐसा लगता है कि पहलगाम के आतंकवादियों को पकड़ना इस सरकार की प्राथमिकता नहीं है। सरकार की प्राथमिकता है कि कैसे सत्ता से सवाल पूछने वाले अखबारों को बंद किया जाए। भाजपा सरकार बात करती थी आतंकवादियों को पकड़ने की लेकिन अब वो पत्रकारों को पकड़ने लगी है। खत्म करना था आतंकवाद को खत्म कर रहे हैं पत्रकारिता को।

# फुले की कल्पना का समाज बनाने के लिए काम करूंगा : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महान समाज सुधारक ज्योतिराव गोविंदराव फुले पर बनी फिल्म देखने का आह्वान करते हुए मंगलवार को कहा कि जिस तरह के समाज के निर्माण का सपना उन्होंने (महात्मा फुले) देखा था,उनकी उसी कल्पना के समता मूलक समाज के निर्माण के लिए वह निरतंर काम करेंगे। श्री गांधी ने आज यहां कहा कि महात्मा फुले और देश की पहली शिक्षिका उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले के जीवन पर बनी फिल्म बहुत प्रेरणाप्रद है। सबको इस फिल्म को देखना चाहिए। महात्मा फुले ने जिस तरह के समता मूलक समाज की कल्पना की थी उस तरह के समाज के निर्माण के लिए वह काम करेंगे।

उन्होंने कहा,महात्मा फुले जी और सावित्रीबाई फुले जी की जीवनी पर आधारित फुले मूवी देखी-बहुत भावुक और प्रेरित हूं। यह फ़िल्म हर किसी व्यक्ति को देखनी चाहिए। इस फिल्म से पता चलता है कि ज्योतिबा और सावित्रीबाई जी ने अपना जीवन कैसे वंचितों, पीड़ितों और महिलाओं के उत्थान और उनकी शिक्षा के लिए समर्पित कर समाज से भेदभाव और कुरीतियों को खत्म करने की कोशिश में लगा दिया था। कांग्रेस नेता ने कहा,आज, हम जाति जनगणना द्वारा देश में वही करने को कोशिश कर रहे हैं। ताकि सबको देश की तरक्की में भागीदारी मिले। शिक्षा, रोज़गार, संसाधन और संस्थानों में सभी वर्गों को एक समान हिस्सेदारी मिले। हमारे सामने कुछ लक्ष्य तैयार हैं जिनमें प्रभावी और पारदर्शी जाति जनगणना, निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू करके एससी, एसटी उपयोजना लागू करवाना और आरक्षण पर से 50 प्रतिशत की दीवार तोड़ गिराना शामिल है। ये सब हम कर के दिखाएंगे।

# पेज एक का शेष

## मोदी करेंगे 103...

प्रेरित है। बिहार में थावे स्टेशन में 52 शक्तिपीठों में से एक मां थावेवाली का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न भित्ति चित्र और कलाकृतियां शामिल हैं और मधुबनी पेंटिंग को भी दर्शाया गया है। गुजरात का डाकोर स्टेशन रणछोड़राय जी महाराज से प्रेरित है। देश भर में पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों में सांस्कृतिक विरासत के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे, दिव्यांगजनों के लिए यात्री-केंद्रित सुविधाओं और यात्रा के अनुभव को बेहतर करने के लिए टिकाऊ प्रथाओं को एकीकृत किया गया है। इसी के साथ प्रधानमंत्री चूरू-सादुलपुर रेल लाइन (58 किलोमीटर) की आधारशिला रखेंगे और सूरतगढ़-फलोदी (336 किलोमीटर); फुलेरा-डेगाना (109 किलोमीटर); उदयपुर-हिम्मतनगर (210 किलोमीटर); फलोदी-जैसलमेर (157 किलोमीटर) और समदड़ी-बाड़मेर (129 किलोमीटर) रेल लाइन विद्युतीकरण को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। राजस्थान में सड़क अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री 3 वाहन अंडरपास के निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण की आधारशिला रखेंगे। वे राजस्थान में 7 सड़क परियोजनाओं को भी समर्पित करेंगे। 4850 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली ये सड़क परियोजनाएं माल और लोगों की सुगम आवाजाही की सुविधा प्रदान करेंगी। राजमार्ग भारत-पाक सीमा तक फैले हुए हैं, जो सुरक्षा बलों के लिए आवाजाही में सुगमता को बढ़ाते हैं और भारत के रक्षा अवसंरचना को मजबूत करते हैं। सभी के लिए बिजली तथा हरित और स्वच्छ ऊर्ज़ा उपलब्ध कराने के विजन को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री बीकानेर और नावा, डीडवाना, कुचामन में सौर परियोजनाओं सहित बिजली परियोजनाओं और पार्ट बी पावरग्रिड सिरोही ट्रांसमिशन लिमिटेड और पार्ट ई पावरग्रिड मेवाड़ ट्रांसमिशन लिमिटेड के विद्युत निकासी के लिए पारेषण प्रणालियों की आधारशिला रखेंगे। वे बीकानेर में सौर परियोजना, पावरग्रिड नीमच और बीकानेर परिसर से निकासी के लिए पारेषण प्रणाली, फतेहगढ़-2 पावर स्टेशन में परिवर्तन क्षमता के विस्तार सहित बिजली परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे, जो स्वच्छ ऊर्ज़ा प्रदान करेंगे और कार्बन उत्सर्जन को कम करेंगे। प्रधानमंत्री राजस्थान में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी, बिजली आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और पानी की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए राजस्थान में राज्य सरकार की 25 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें 3240 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के 750 किलोमीटर से अधिक लंबाई के 12 राज्य राजमार्गों के उन्नयन और रखरखाव के लिए परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित करना शामिल है। इसमें अतिरिक्त 900 किलोमीटर नए राजमार्ग भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री बीकानेर और उदयपुर में बिजली परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वे राजसमंद, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा, धौलपुर में नर्सिंग कॉलेजों का भी उद्घाटन करेंगे, जो राज्य में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे झुंझुनूं जिले में ग्रामीण जलापूर्ति और फ्लोरोसिस शमन परियोजना, अमृत 2.0 के तहत पाली जिले के 7 शहरों में शहरी जलापूर्ति योजनाओं के पुनर्गठन सहित क्षेत्र में विभिन्न जल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

## स्वस्थ विश्व के...

तरह देखभाल करते हैं। उन्होंने कहा कि विकासशील देश विशेष रूप से स्वास्थ्य चुनौतियों से प्रभावित है और इस दिशा में भारत का दृष्टिकोण अनुकरणीय, मापनीय और टिकाऊ मॉडल प्रदान करता है। उन्होंने दुनिया के साथ, विशेष रूप से ग्लोबल साऊथ के साथ अपने सीखने और सर्वोत्तम परंपराओं को साझा करने की भारत की इच्छा व्यक्त की। आगामी जून में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने वैश्विक भागीदारी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस वर्ष की थीम, 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर प्रकाश डाला और योग के जन्मस्थान के रूप में भारत की भूमिका पर जोर देते हुए सभी देशों को निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री ने आईएनबी संधि की सफल वार्ता के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और सभी सदस्य देशों को बधाई दी। उन्होंने इसे अधिक वैश्विक सहयोग के माध्यम से भविष्य की महामारियों से लड़ने की साझा प्रतिबद्धता के रूप में वर्णित किया। उन्होंने एक स्वस्थ ग्रह के निर्माण के महत्व पर जोर दिया, साथ ही यह सुनिश्चित किया कि कोई भी पीछे न छूटे। संबोधन के समापन पर, प्रधानमंत्री ने वेदों की एक शाश्वत प्रार्थना का हवाला देते हुए इस बात का उल्लेख किया कि कैसे, हजारों साल पहले, भारत के ऋषियों ने एक ऐसी दुनिया के लिए प्रार्थना की थी जहाँ सभी स्वस्थ, खुश और रोग मुक्त हों। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह दृष्टि दुनिया को एकजुट करेगी।

## ठोस सबूत लाएं...

अलग प्रावधान हुए, लेकिन बुनियादी सिद्धांत यही रहे। कपिल सिब्बल ने कहा कि संशोधन को वक्फ को एक ऐसी प्रक्रिया के माध्यम से नियंत्रित करने के लिए तैयार किया गया है जो कार्यकारी है। वक्फ को दान दी गईं निजी संपत्तियों को केवल इसलिए छीना जा रहा है क्योंकि इनके विवाद होने का अंदेशा है या इनके मालिकाना हक को लेकर विवाद है। इस कानून को वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने के लिए डिजाइन किया गया है। स्टेट धार्मिक संस्थाओं की फंडिंग नहीं कर सकता। यदि कोई मस्जिद या कब्रिस्तान है तो स्टेट उसकी फंडिंग नहीं कर सकता, यह सब निजी संपत्ति के माध्यम से ही होना चाहिए। अगर आप मस्जिद में जाते हैं तो वहां मंदिरों की तरह चढवा नहीं होता, उनके पास 1000 करोड़, 2000 करोड़ नहीं होते। सीजेआई बीआर गवई ने कपिल सिब्बल की दलील पर कहा- मैं दरगाह भी गया, चर्च भी गया।।। हर किसी के पास यह (चढ़ावे का पैसा) है। सिब्बल ने कहा- दरगाह दूसरी बात है, मैं मस्जिदों की बात कर रहा। 2025 का कानून पुराने कानून से बिल्कुल अलग है। इसमें दो अवधारणाएं हैं- उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ बनाई गईं संपत्तियां और इनका समर्पण। बाबरी मस्जिद मामले में भी इसे मान्यता दी गई थी। उपयोगकर्ता द्वारा बनाए गए कई वक्फ सैकड़ों साल पहले बनाए गए थे। वे कहां जाएंगे? सीजेआई ने पूछा- क्या पहले के कानून में पंजीकरण की आवश्यकता थी? सिब्बल ने कहा- हां।। इसमें कहा गया था कि इसे पंजीकृत किया जाएगा। सीजेआई ने पूछा- सूचना के तौर पर हम पूछ रहे हैं कि क्या पुराने कानून के तहत वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण का प्रावधान अनिवार्य था या सिर्फ ऐसा करने का निर्देश था? कपिल सिब्बल ने कहा- पुराने अधिनियमों में 'ट्द्धथद्यद्य' शब्द का इस्तेमाल किया गया था। एख्क्र ने कहा- केवल 'ट्द्धथद्यद्य' शब्द के प्रयोग से पंजीकरण कराना अनिवार्य नहीं हो सकता, ऐसा नहीं करने पर परिणाम क्या होगा इसका कोई प्रावधान था? कपिल सिब्बल ने कहा- पुराने एक्ट में सिर्फ इतना कहा गया है कि जो मुत्तवल्ली ऐसा नहीं करता, वह अपना अधिकार खो देता है। बस इतना ही है। सीजेआई ने कहा कि हम यह पूछ रहे हैं कि क्या प्रासंगिक समय के अधिनियमों के तहत वक्फ घोषित की गई संपत्ति का पंजीकृत होना अनिवार्य या आवश्यक था? कपिल सिब्बल ने कहा कि 1954 के बाद वक्फ कानून में जितने भी संशोधन हुए, उनमें वक्फ प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य था। अदालत ने पूछा- क्या वक्फ बाय यूजर में भी पंजीकरण अनिवार्य था। सिब्बल ने हां में जवाब दिया। अदालत ने कहा- तो आप कह रहे 1954 से पहले उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ का पंजीकरण आवश्यक नहीं था और 1954 के बाद यह आवश्यक हो गया। सिब्बल ने कहा- इस बारे में कुछ भ्रम है, यह 1923 हो सकता है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा- बहुत दबाव है, सिर्फ हम पर ही नहीं बल्कि आप पर भी। सुप्रीम कोर्ट ने सिब्बल से कहा कि हम आपकी इस दलील को दर्ज करेंगे कि पुराने अधिनियम के तहत पंजीकरण की आवश्यकता थी, लेकिन ऐसा नहीं करने पर क्या होगा इसका कोई प्रावधान नहीं था, इसलिए पंजीकरण न कराने पर कुछ नहीं होने वाला था। कपिल सिब्बल की दलीलें सुनने के बाद सीजेआई बीआर गवई ने कहा- खजुराहो में एक मंदिर पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है, फिर भी लोग वहां जाकर पूजा-प्रार्थना कर सकते हैं। सिब्बल ने कहा- नया कानून कहता है कि अगर कोई संपत्ति एएसआई संरक्षित है तो यह वक्फ नहीं हो सकती। सीजेआई ने पूछा- क्या इससे आपका अपने धर्म का पालन करने का अधिकार छिन जाता है? क्या आप वहां जाकर प्रार्थना नहीं कर सकते? सिब्बल ने कहा- हां, इस कानून में कहा गया है कि वक्फ संपत्ति को रद्द माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने उनसे फिर पूछा- क्या इससे आपका धर्म पालन का अधिकार भी छिन जाता है? सिब्बल ने कहा- अगर किसी प्रॉपर्टी की वक्फ मान्यता ही खत्म हो जाती है, तो मैं वहां कैसे जा सकता हूं? सीजेआई ने कहा- मैंने एक एएसआई संरक्षित मंदिर का दौरा किया; मैंने देखा कि भक्त वहां जाकर प्रार्थना कर सकते हैं। तो क्या इस तरह की घोषणा से आपका प्रार्थना करने का अधिकार छिन जाता है? सिब्बल- अगर आप कहते हैं कि वक्फ मान्यता रद्द की जाती है तो इसका मतलब अब वह प्रॉपर्टी वक्फ नहीं है। मेरा कहना है कि यह प्रावधान अनुच्छेद 25 का उल्लंघन है। न्यायालय के रिकॉर्ड पर लिया कि याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि यह कानून संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन करता है और नागरिकों से उनकी धार्मिक प्रथाओं को जारी रखने का अधिकार छीन लिया जाएगा।

## संसदीय दलों ...

भाजपा की अपराजिता सारंगी, तृणमूल कांग्रेस के यूसुफ पठान, भाजपा के बृजलाल, माकपा के जॉन ब्रिटास, भाजपा के प्रधान बरुआ, भाजपा के हेमांग जोशी और सलमान खुर्शीद हैं। राजदूत मोहन कुमार भी इस समूह का हिस्सा होंगे। शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिन्दे के नेतृत्व वाले चौथा समूह 21 मई को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), 24 मई को कांगो, 28 मई को सिएरा लिओन और 31 मई को लाइबेरिया जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य भाजपा की बांसुरी स्वराज, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के ई टी मोहम्मद बशीर, भाजपा के अतुल गर्ग, बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, भाजपा के मनन कुमार मिश्रा और भाजपा के एस एस आहलूवालिया हैं। इस समूह में राजदूत सुजॉन चिनॉय भी शामिल होंगे। कांग्रेस के शशि थरूर के नेतृत्व वाला पांचवां समूह 25 मई को गुयाना, 27 मई को पनामा, 29 मई को कोलंबिया, 31 मई को ब्राज़ील और तीन जून को अमेरिका जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य लोक जनशक्ति पार्टी की शांभवी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद, तेलुगु देशम पार्टी के जीएम हरीश बालयोगी, भाजपा के शशांक मणि त्रिपाठी, भाजपा के भुवनेश्वर कलिता, शिवसेना के मिलिंद देवड़ा और भाजपा के तेजस्वी सूर्या हैं। इस समूह में राजदूत तरणजीत संधू भी शामिल हैं। द्रविड़ मुनेत्र कषगम की कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व वाले छठवां समूह 22 मई को रूस, 25 मई को स्लोवेनिया, 27 मई को यूनान, 29 मई को लात्विया और 31 मई को स्पेन जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य समाजवादी पार्टी के राजीव राय, नेशनल कॉन्फ्रेंस के मियां अल्ताफ अहमद, भाजपा के कैप्टन बृजेश चौटा, राष्ट्रीय जनता दल के प्रेमचंद गुप्ता और आम आदमी पार्टी के अशोक मित्तल हैं। इस समूह में राजदूत मंजीव पुरी और राजदूत जावेद अशरफ भी शामिल होंगे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाला सातवां समूह 24 मई को कतर, 27 मई को दक्षिण अफ्रीका, 29 मई को इथिओपिया और एक जून को मिस्त्र जाएगा। इस समूह के अन्य सदस्य भाजपा के राजीव प्रताप रूड़ी, आम आदमी पार्टी के विक्रमजीत सिंह साहनी, कांग्रेस के मनीष तिवारी, भाजपा के अनुराग ठाकुर, तेलुगु देशम पार्टी के लावू श्री कृष्ण देवरायालु, कांग्रेस के आनंद शर्मा और भाजपा के वी. मुरलीधरन शामिल होंगे। इस समूह में राजदूत सैयद अकबरुद्दीन भी शामिल होंगे।

## 'ट्रम्प-पुतिन की...

साथ रूसी राष्ट्रपति और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के बीच द्विपक्षीय बैठक पर चर्चा की गई थी। इस पर श्री पेस्कोव ने कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया, बस 'बेशक' कह कर आगे निकल गये।

## देश की आंतरिक सुरक्षा...

साथ मिलकर अराजकता फैलाती थीं, सज्जनों को प्रताड़ित करती थीं और विकास ठप था। मुख्यमंत्री ने कासगंज की आध्यात्मिक और पौराणिक महत्ता की चर्चा करते हुए कहा कि यह भगवान विष्णु के वराह अवतार और महर्षि कपिल की तपोभूमि है। सीएम योगी ने कहा कि सोरों का महत्व संभल के समान है। संभल भगवान विष्णु के दसवें अवतार की भूमि है, तो सोरों तीसरे अवतार की। यह हमारा सौभाग्य है कि डबल इंजन सरकार ने इस आध्यात्मिक महत्व को समझा और विकास की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया। सीएम योगी ने कहा कि जैसे अयोध्या, मथुरा और वृंदावन का विकास हो रहा है, वैसे ही सोरों का भी विकास होगा। प्रयागराज महाकुंभ ने दिखाया कि आस्था को आर्थिक विकास से जोड़ा जा सकता है। सोरों भी ऐसा ही उदाहरण बनेगा। सीएम योगी ने उन्होंने नरदई पुल के सौंदर्यीकरण, कासगंज की पौराणिक परंपरा को संरक्षित करने के लिए म्यूजियम निर्माण, सुहावन और अमापुर में बाइपास निर्माण, और दरियावगंज में झील के सौंदर्यीकरण जैसे प्रस्तावों को मंजूरी देने की घोषणा की। उन्होने कासगंज में मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय की आधारशिला रखी, जो प्री-प्राइमरी से 12वीं कक्षा तक शिक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने करा कि पहले चरण में इस प्रकार के विद्यालय को जिला स्तर पर, फिर तहसील, ब्लॉक और न्याय पंचायत स्तर पर यह विद्यालय स्थापित किए जाएंगे। गरीब का बच्चा भी आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर देश के विकास में योगदान देगा। सीएम योगी ने कहा कि स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, नगरीय विकास और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में भी 724 करोड़ की परियोजनाओं से कासगंज में समग्र विकास को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कासगंज के जनप्रतिनिधियों को विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, सुशासन और विकास का जो समन्वय डबल इंजन सरकार ने स्थापित किया है, उसे कासगंज की जनता और जनप्रतिनिधियों ने तत्परता से लागू किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्नयाथ ने महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन एवं सम्मान के लिए आगरा जोन द्वारा संचालित ऑपरेशन जागृति को स्मार्ट पुसिलिंग अवार्ड वुमेन सेफ्टी 2025 से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सीएम योगी ने जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व टैबलेट, मुख्यमंत्री आवास योजना व पीएम आवास योजना (शहरी) के तहत आवास की चाबी, सीएम युवा के तहत लाभार्थियों को 5 लाख रुपये का चेक, घरौनी प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को लैपटॉप का वितरित किया।इस दौरान गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, विधायक हरिओम वर्मा, देवेन्द्र सिंह राजपूत, विधान परिषद सदस्य रजनीकान्त माहेश्वरी, डॉ. मानवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप समेत कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राज्य के खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का : मुख्यमंत्री

**■ मुख्यमंत्री ने संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ के पूर्व तैयारियों की समीक्षा की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को मुख्य सचिवालय स्थित सभा कक्ष में संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ के पूर्व तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य के खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है। राज्य सरकार बाढ़ और सुखाड़ की स्थिति में प्रभावितों को हरसंभव मदद करती है, इसे ध्यान में रखते हुये सभी संबद्ध विभाग और अधिकारी सतर्क रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवम्बर, 2005 से पहले आपदा प्रबंधन के लिए ठीक से काम नहीं होता था। नवम्बर, 2005 में भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड की सरकार बनने के बाद आपदा प्रबंधन एवं आपदा पीड़ितों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने के लिए गंभीरता से काम किया गया। वर्ष 2007 में जो बाढ़ आई थी, उससे 22 जिलों के लगभग 2.5 करोड़ लोग प्रभावित हुए थे। तब प्रभावित लोगों के लिए बड़े पैमाने पर राहत और बचाव का कार्य किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2008 में कोसी त्रासदी के दौरान 5 जिलों सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया एवं अररिया में लगभग 34 लाख लोग प्रभावित हुए थे, जिनको राहत पहुंचाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया गया। विश्व बैंक से कर्ज लेकर राहत एवं पुनर्वास का काम किया गया।

वर्ष 2016 से बाढ़ प्रभावित परिवारों को आनुग्रहिक अनुदान के अंतर्गत कुल 6 हजार रुपये की राशि भुगतान करने का निर्णय लिया गया, जिसे वर्ष 2023 में बढ़ाकर 7 हजार रुपये किया गया। बाढ़ एवं अन्य आपदाओं में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को 4 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान देने की व्यवस्था की गयी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के समय बाढ़ एवं सुखाड़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर तथा एरियल सर्वे के माध्यम से भी स्थिति का जायजा लिया जाता है, ताकि लोगों को किसी तरह की समस्या नहीं हो। उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारी एवं संबंधित विभाग बाढ़ एवं सुखाड़ से निपटने के लिए पूरी तैयारी करें। इस महीने के अंत तक बाढ़ एवं सुखाड़ से निपटने की तैयारियां पूरी कर ली जाय। जिलाधिकारी एवं विभागीय पदाधिकारी क्षेत्र में जाकर स्थिति का आकलन करें और लोगों से बात कर समस्याओं का समाधान करें। मुख्यमंत्री ने सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मती समय पर करने, नदी के तटबंधों की सुरक्षा करने का निर्देश भी दिया, ताकि कहीं पर तटबंध टूटने की घटना न हो। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति में लोगों के ईलाज के लिए आवश्यक व्यवस्था कर ली जाय। पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।

# उत्तराखण्ड के तीन युवा एनसीसी कैडेट्स ने माउंट एवरेस्ट पर फहराया तिरंगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। साहस, दृढ़ता और अनगिनत चुनौतियों को पार करने की अद्भुत मिसाल पेश करते हुए उत्तराखण्ड के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के तीन युवा कैडेट्स ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहरा कर देश और राज्य का नाम रोशन किया है। यह एतिहासिक उपलब्धि 18 मई को प्राप्त हुई, जो यह सिद्ध करती है कि जब सपनों में विश्वास और कठिन परिश्रम होता है तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। इन साहसी युवा पर्वतारोहियों कैडेट में वीरेन्द्र सामन्त, 29 उत्तराखण्ड वाहिनी राष्ट्रीय कैडेट कोर, देहरादून, मुकुल बंगवाल 4 उत्तराखण्ड वाहिनी एनसीसी, पौड़ी, कैडेट सचिन कुमार, 3 उत्तराखण्ड वाहिनी एनसीसी, उत्तरकाशी शामिल हैं। इन्होंने दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी पर चढ़कर ना केवल अपने व्यक्तिगत साहस को परखा, बल्कि यह संदेश भी दिया कि भारत के युवा अगर ठान लें तो कोई भी चुनौती उनके रास्ते में नहीं आ सकती। कैडेट वीरेन्द्र सामन्त ने कहा कि यह हमारी जीत नहीं है, यह हर उस युवा की जीत है, जो सपने देखता है। हमने कड़ी चुनौतियों का सामना किया लेकिन हर कदम में हमारे अंदर विश्वास था- अपने आप पर, अपनी टीम पर और इस सपने को पूरा करने पर। यह अभियान एनसीसी के द्वारा आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य भारतीय युवाओं को साहसिक खेलों, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता के प्रति प्रेरित करना है। इस कठिन यात्रा में इन कैडेट्स ने न केवल प्रतिकूल मौसम का सामना किया, बल्कि मानसिक और शारीरिक थकावट को भी पार किया।

# संक्षिप्त समाचार

## आईएसआई समर्थित बीकेआई के छह आतंकी गिरफ्तार, पुलिस की गोली से एक घायल

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने गुरदासपुर जिले में एक मुठभेड़ के बाद आईएसआई समर्थित छह आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली से एक आतंकी घायल हुआ है, जिसकी पहचान जतिन कुमार उर्फ रोहन के रूप में हुई है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को उक्त जानकारी देते हुए बताया कि गुरदासपुर में एक ऑपरेशन के दौरान बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के छह आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं। जिनमें जतिन कुमार उर्फ रोहन, बरिंदर सिंह उर्फ सज्जन, राहुल मसीह, अब्राहम उर्फ रोहित, सोहित और सुनील कुमार शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के बाद हथियारों की बरामदगी के लिए ले जाते समय आतंकी जतिन ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने कार्रवाई की। घायल को सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती कराया गया है। डीजीपी ने बताया कि यह मॉड्यूल आईएसआई के इशारे पर पुर्तगाल स्थित मनिंदर बिल्ला और हाल ही में खालिस्तान समर्थक संगठन बीकेआई की कमान संभालने वाले मन्नू अगवान के निर्देशन में संचालित हो रहा था। डीजीपी ने बताया कि गिरफ्तार आतंकियों ने हाल ही में बटाला के एक शराब ठेके के बाहर ग्रेनेड हमला करने की कोशिश की थी। पुलिस ने मौके से एक 30 बोर की पिस्तौल भी बरामद की है। इस मामले में बटाला सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## बीएसएफ ने पांच माह में पकड़े पाकिस्तान से आए सौ ड्रोन

**चंडीगढ़।** पंजाब में भारत–पाकिस्तान सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने इस साल में अब तक सीमा पार से घुसपैठ के लिए आए सौ ड्रोन पकड़े हैं। साथ ही बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किया गया है। बीएसएफ की ओर से दी गई जानकारी में यह बताया गया है। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि इस वर्ष 18 मई को बल ने भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाले 100वें पाकिस्तानी ड्रोन को बरामद किया है। इस वर्ष अभी तक 111 किलोग्राम हेरोइन, 60 हथियार, 14 हथगोले और 10 किलोग्राम से अधिक उच्च विस्फोटक बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि तीन पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया है, जबकि 66 भारतीय तस्करों और तीन पाकिस्तानी नागरिकों को पकड़ा गया है। बीएसएफ के अनुसार ड्रोन का खतरा एक बड़ी चुनौती थी। बीएसएफ की त्वरित और रणनीतिक कार्रवाइयों के माध्यम से प्रभावी ढंग से मुकाबला किया गया है। प्रत्येक ड्रोन घुसपैठ को सावधानीपूर्वक ट्रैक किया जा रहा है, रोका जा रहा है और बरामद किया जा रहा है। अथक समर्पण और परिचालन उत्कृष्टता के साथ, बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर देश की सीमाओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है और यह सुनिश्चित करता रहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने के किसी भी प्रयास को तुरंत विफल कर दिया जाए।

## जीरकपुर में मुठभेड़ के बाद हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने चंडीगढ़ के निकट जीरकपुर में मुठभेड़ के बाद दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस मुठभेड़ के दौरान दो आरोपित घायल हुए हैं। पुलिस ने घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार जीरकपुर में मंगलवार की सुबह तड़के जालंधर सीआईए और मोहाली पुलिस की संयुक्त टीम ने एक मामले में आरोपित की तलाश में छापा मारा। पुलिस 10 मई को जालंधर में हुए एक मर्डर में आरोपितों की तलाश थी। दोनों आरोपियों ने भागने के प्रयास में पहले पुलिस कर्मियों पर कार चढ़ाने की कोशिश की और फिर गोलियां चलाई। इसके बाद पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इस मुठभेड़ के दौरान आरोपित गौरव और आकाश के पैरों में गोली लगी हैं। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है। पुलिस के मुताबिक, 10 मई को जालंधर के बस्ती शेख थाना में एक केस दर्ज हुआ था। कुछ आरोपितों ने एक लड़की की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद से आरोपित फरार चल रहे थे। सीआईए जालंधर की टीम को इस मामले में इनपुट मिला था। इसके बाद जीरकपुर क्षेत्र के माइक्रो प्लाजा एरिया में आरोपियों का लिंक मिला। फिर जालंधर और ढकौली थाने की पुलिस ने मिलकर ऑपरेशन चलाया।

## जालंधर में मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने जालंधर के पास मुठभेड़ के बाद एक गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित गैंगस्टर परमजीत सिंह पम्मा होशियारपुर का रहने वाला है और गैंगस्टर दिलप्रीत बाबा के गैंग से संबंधित है। पम्पा के खिलाफ पंजाब और हरियाणा में करीब 19 आपराधिक मामले पहले से ही दर्ज हैं। जालंधर देहात पुलिस के एसएसपी हरविंदर सिंह विर्क ने मंगलवार को बताया कि डीएसपी डिटेक्टिव इंद्रजीत सिंह की देखरेख में क्राइम ब्रांच की एक टीम बनाई गई थी। गैंगस्टर की गिरफ्तारी के लिए टीमें काफी समय से काम कर रहीं थी। सोमवार को देर रात पुलिस पार्टी को सूचना मिली कि परमजीत सिंह पम्मा निवासी गांव बिंजो (होशियारपुर) की जालंधर के आदमपुर के पास मूवमेंट देखी गई है। पुलिस ने तुरंत आदमपुर के पास ट्रैप लगाया। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो उसने पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की और पुलिस को देखते हुए आरोपित ने सामने से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपित को वॉर्निंग दी और सरेंडर करने के लिए कहा गया। मगर उसने सरेंडर करने के बजाय गोलियां चलानी शुरू कर दीं। पुलिस पार्टी ने किसी तरह पीछे होकर अपने बचाई और फिर जवाबी फायरिंग शुरू कर दी गई। इस मुठभेड़ में आरोपित पम्पा घायल हो गया उसके उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## रेलवे स्टेशन को उड़ाने वाला नक्सली लाल यादव को एसटीफ ने किया गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा जिले के सिरदला पुलिस व बिहार एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन को उड़ाने वाले आरोपित और हाईकोर नक्सली को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित पर 2016 में निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन उड़ाने का आरोप है। पुलिस ने नक्सली को जहानाबाद से गिरफ्तार किया है। कार्रवाई को पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है। सिरदला पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने जहानाबाद जिले के कल्पा थाना क्षेत्र के धुरिया गांव से हार्डकोर नक्सली लाल बाबू यादव को गिरफ्तार किया। रजौली एसडीपीओ गुलशन कुमार और सिरदला थानाध्यक्ष मोहन कुमार की अगुवाई में टीम ने यह ऑपरेशन चलाया। लाल बाबू यादव पर 3 नवंबर 2016 को निर्माणाधीन खरौंध रेलवे स्टेशन उड़ाने का आरोप है। इस मामले में सिरदला थाना में कांड संख्या 264/16 दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस केस में 63 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया था।

# मुख्यमंत्री ने किया तालकटोरा स्टेडियम में दिल्ली गेम्स का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को तालकटोरा स्टेडियम में दिल्ली गेम्स का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और उन्हें प्रतिस्पर्धी माहौल देने के लिए दिल्ली ओलंपिक गेम्स समिति की ओर से दिल्ली गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन 20 से 27 मई तक चलेगा। इसमें देशभर से करीब 12 हजार खिलाड़ी 40 खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेंगे। दिल्ली के 30 प्रमुख खेल स्थलों में यह आयोजन चलेगा। उदघाटन अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली स्पोर्ट्स काउंसिल के माध्यम से दिल्ली सरकार सभी खिलाड़ियों को सुविधाएं मुहैया कराएगी। इससे दिल्ली की प्रतिभायें दिल्ली में रहकर राष्ट्रीय राजधानी का नाम रोशन करेंगी। रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार खेलों से जुड़े बजट को बढ़ाने जा रही है। खिलाड़ियो की पुरस्कार राशि को भी दोगुना किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि खेल के माध्यम से हर किसी को फिट रहना चाहिए। प्रधानमंत्री खेल को आगे बढ़ाने के लिए काम करते है। दिल्ली सरकार का उद्देश्य गेम्स के माध्मय से दिल्ली का फ़ेम बढ़ाना है। पिछली सरकारों पर खेलों और खिलाड़ियों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए गुप्ता ने कहा कि खिलाड़ियों को सभी आवश्यक सुविधाएं मिलनी चाहिए। पिछली सरकारों के दौरान दिल्ली के खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं नहीं मिली। इसके कारण उन्हें अन्य राज्यों से खेलना पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि पिछली सरकारों के कारण कई सालो तक दिल्ली स्पोर्ट्स काउंसिल का गठन भी नही किया गया। लेकिन खेलों के प्रोत्साहन के लिए दिल्ली सरकार स्पोर्ट्स काउंसिल का गठन करने जा रही है। दिल्ली सरकार ने स्पोर्ट्स काउंसिल के बजट का प्रावधान भी किया है। दिल्ली में नए स्टेडियम, नए ऑडिटोरियम बनाने की तैयारियां भी चल रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में भारत का उज्ज्वल भविष्य दिखाई देता है। इस मंच से न केवल खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। बल्कि देश को गौरवान्वित करने वाले नए सितारे भी उभरेंगे। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद और सांसद योगेंद्र चंदोलिया भी उपस्थित रहे।

## वज्रपात की चपेट में आने से बारह साल की छात्रा की मौत

अररिया। फारबिसगंज थाना क्षेत्र के भागकोहलिया पंचायत के नया टोला वार्ड संख्या 11 में मंगलवार की सुबह वज्रपात की चपेट में आने से 12 साल की स्कूली छात्रा की मौत हो गई।मृत छात्रा साक्षी कुमारी पिता अरुण मंडल पोटरी नया टोला मध्य विद्यालय की छात्रा थी और मंगलवार की सुबह आठ बजे बकरी को घर में बांधने के लिए निकली।इसी दौरान टीन वाले घर में वज्रपात के चपेट में आ गई। छात्रा साक्षी कुमारी के साथ बकरी के भी वज्रपात के चपेट में आने से मौत हो गई।हादसे के बाद परिजन ने आनन फानन में वज्रपात से झुलसी छात्रा को फारबिसगंज अनुमंडलीय अपस्ताल लाया,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।चिकित्सकों के मृत घोषित करने के बाद पूरा अस्पताल परिसर रुदन क्रंदन से भर गया।अस्पताल में बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण जमा हो गए। सूचना के बाद फारबिसगंज थाना से एसआई आकाश कुमार अस्पताल पहुंचे।

## एसजीपीसी का दावा- भारत-पाक तनाव के बीच सेना ने दरबार साहिब पर नहीं लगाई एयर गन

कैनिवज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने भारतीय सेना के उस बयान को सिरे से खारिज किया है, जिसमें कहा गया था कि भारत-पाक तनाव के बीच हरिमंदिर साहिब में हवाई सुरक्षा गन लगाई गई थी। सचखंड हरिमंदिर साहिब के अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी अमरजीत सिंह ने सेना के बयान को पूरी तरह से हैरान करने वाला करार दिया। उन्होंने कहा कि अमृतसर जिला प्रशासन की तरफ से शहर में ब्लैक आउट के दौरान जारी किए गए निर्देशों के दौरान दरबार साहिब प्रबंधन ने पूरा सहयोग किया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि दरबार साहिब की बाहरी तथा ऊपरी लाइटों को तय समय पर बंद किया गया। दरबार साहिब की मर्यादा के अनुसार लाइटों को चलाया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल का यह दावा गलत है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मुख्य ग्रंथी की तरफ से सेना को सचखंड हरिमंदिर साहिब में अपनी हवाई सुरक्षा गन लगाने की स्वीकृति दी गई थी। दरबार साहिब प्रबंधन की तरफ से ऐसी कोई स्वीकृति नहीं दी गई और न ही ऐसा कोई घटनाक्रम हुआ है। उन्होंने कहा कि दरबार साहिब समूह, लंगर हाल, अखंड पाठ वाले स्थान तथा अन्य संबंधित गुरू स्थानों पर रोजाना चलने वाली मर्यादा जरूरी होती है, जिसमें किसी को भी बिघ्न डालने का अधिकार नहीं है। भारत-पाक तनाव के दौरान भी मर्यादा का पूरी तरह से पालन किया गया है। उन्होंने कहा कि ब्लैकआउट के समय किसी भी गुरू स्थान पर लाइटें बंद नहीं की गई। इस बीच एसजीपीसी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि ब्लैकआउट के समय जिला प्रशासन की सभी हिदायतों का पालन किया गया है।

# भारत–पाकिस्तान तनाव के चलते दो सप्ताह बाद पंजाब के किसानों ने फेंसिंग पार खेतों में किया काम

**■ बीएसएफ की निगरानी में किसानों ने समेटी अपनी फसल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। भारत व अफगानिस्तान के बीच वाया पाकिस्तान वाहनों का दोबारा आवागमन शुरू होने के बाद बीएसएफ ने सीमावर्ती जिलों के किसानों को सीमा पार जाकर खेती करने की मंजूरी दे दी है। मंगलवार को किसानों ने बीएसएफ के जवानों के साथ फेंसिंग पार जाकर गेहूं कटाई की और भूसा एकत्र किया। दरअसल, पंजाब में फाजिल्का, फिरोजपुर, तरनतारन, अमृतसर, गुरदासपुर और पठानकोट जिलों में 2500 से 3500 एकड़ जमीन ऐसी है, जो तारबंदी इलाके में है। यहां किसान बीएसएफ किसान फोर्स की देखरेख में तारों के पार जाकर अपने खेतों में काम करते हैं। मंगलवार को बीएसएफ को जिन क्षेत्रों में हालात सामान्य लगे, वहां किसानों को अपनी फसल संभालने के लिए बॉर्डर पार जाने की अनुमति दी। किसानों ने बीएसएफ के जवानों की देखरेख में फेंसिंग पार जाकर गेहूं कटाई के बाद भूसा एकत्र किया। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार किसानों को उनके वैध अधिकारों के तहत उनकी जमीन पर खेती करने की सुविधा देने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है। फेंसिंग के पार खेती के लिए विशेष सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए गए हैं, ताकि किसान सुरक्षित तरीके से कृषि कार्य कर सकें। इन किसानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी बीएसएफ किसान फोर्स के जवान उठा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत-पाकिस्तान तनाव के चलते सेना की तरफ से किसानों को अपनी फसल समेटने के लिए केवल दो दिन का समय दिया गया था। उस समय बहुत से किसानों की गेहूं की फसल कट चुकी थी, लेकिन वह उठा नहीं पाए थे। कई किसानों के खेत में भूसा रह गया था। अब हालात सामान्य होने के बाद किसानों को अपनी फसल समेटने तथा अगली फसल की तैयारी का मौका मिलेगा। पंजाब में धान रोपित करने का काम 15 मई से शुरू हो चुका है। जिसके बाद अब किसान जल्द ही तारों के पार भी धान लगा सकते हैं।

# बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं, तराशने की जरूरत: महेंद्र भट्ट

**टैगोर इंटर कालेज का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव संपन्न**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोपेश्वर। राज्य सभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मंगलवार को एक कार्यक्रम में कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें तराशने की जरूरत है। बेहतर शिक्षक और शिक्षण संस्थान मिलने पर बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है और बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है। मंगलवार को चमोली जिले पोखरी के विनायकधार स्थित टैगोर इंटर कालेज के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के समापन पर बतौर मुख्य अतिथिराज्य सभा सांसद भट्ट ने यह बातें कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में हर वर्ष मेरिट लिस्ट में स्थान मिलता है। जिस प्रकार से विद्यालय ने पहाड़ से पलायन रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, यह सराहनीय है। इस प्रकार के सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से संस्कृति का प्रचार प्रसार देश विदेशों में होता है आज विश्व में भारत की संस्कृति का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा बच्चों ने यहां पर पहलगाम आतंकी हमले का नाटक दिखाया है देश के सैनिकों ने जिस प्रकार से पाकिस्तान में आतंकवादियों के अड्डों का समाप्त किया है यह कुशल नेतृत्व की पहचान है। इस दौरान हाईस्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यालय में कक्ष निर्माण के लिए राज्य सभा सांसद निधि से पांच लाख देने की घोषणा की। इससे पूर्व विद्यालय के छात्र-छात्राओं की ओर से सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ ही शिक्षा का महत्व, सोशल मीडिया के दुष्परिणाम, नशामुक्त, बग्डवाल नृत्य, पहलगाम आतंकी हमले पर नाटक की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल बर्त्वाल, विद्यालय प्रबंधन अजय जोशी, अभिभावक संघ अध्यक्ष बीरेंद्र पाल भंडारी, मयंक पंत, डॉ मातबर रावत, जीतेन्द्र सती, हर्षवर्धन थपलियाल, अमरसिंह, ललित मिश्रा, जयकृत रावत पंकज पुरोहित, सतीश सिंह, शिवप्रसाद, विजय कुमार, विनय पुरोहित, रचना असवाल, साक्षी थपलियाल आदि मौजूद रहे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063